खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

जबलपुर, शनिवार 17 मई 2025 | वर्ष – 69 | अंक – 181 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ किसान कार्यकर्ता, जिसने...
■ बांग्लादेश में आवामी लीग पर... 04
■ 5 प्रतिशत कर लगाने का प्रस्ताव, भारत...
■ अमेरिका में क्यों `8647' लिखने पर मचा... 09
■ रेपो रेट में फिर कटौती की तैयारी
■ देश का व्यापार घाटा अप्रैल में बढ़कर... 11
■ स्टार्क आईपीएल...
■ बुमराह को आराम... 10

### आईपीएल में आज

TATA IPL

बेंगलूरु विरूद्ध
कोलकाता (बेंगलूरू)
7.30 शाम से

## सेना और पुलिस ने छह आतंकियों को किया ढेर

### सुरक्षाबल बोले- आतंकियों को पाताल से भी ढूंढ कर मारेंगे

**जम्मू, देशबन्धु।** पहलगाम आतंकी वारदात और भारत के सफल ऑपरेशन सिंदूर के बाद घाटी सहित पूरे देश में आतंकियों की धर-पकड़ और धरासाई करने का अभियान सेना द्वारा पुलिस के सहयोग से शुरू किया गया है। इस ताबड़तोड़ कार्रवाई में जम्मू कश्मीर में सेना ने पुलिस के सहयोग से 6 खूंखार आतंकियों को ढेर कर दिया है।

सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद कई सुरक्षा एजेंसियों द्वारा त्वरित और समन्वित प्रतिक्रिया के कारण पिछले 48 घंटों में शोपियां और पुलवामा जिलों में छह आतंकवादियों को मार गिराया गया। सुरक्षा बलों ने कहा है कि- आतंकियों को पाताल में भी ढूंढकर मार गिराया जाएगा। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वीके बिरदी ने अवंतीपोरा में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि- किसी भी आतंकी हमले के बाद, ऐसे अभियान महत्वपूर्ण होते हैं और पहलगाम की घटना ने पूरे दक्षिण कश्मीर में गहन तलाशी और खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान शुरू कर दिया है। ये सभी ऑपरेशन विश्वसनीय इनपुट पर आधारित थे। वहीं आवासीय इलाकों में भी आतंकियों को ट्रैक किया जाएगा।


### सेना की अपील
### सूचना देकर सुरक्षा बलों की मदद करें लोग

सेना ने कहा कि- हम आतंकवादियों को घाटी के किसी भी हिस्से में सुरक्षित पनाहगाह नहीं बनाने देंगे। सीआरपीएफ के महानिरीक्षक मितेश ने भी इस बात पर जोर दिया कि स्थानीय लोगों के समर्थन और सहयोग के बिना ये आपरेशन संभव नहीं होंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपना सहयोग जारी रखें और समय पर सूचना देकर सुरक्षा बलों की मदद करें। ऐसे आतंकवाद विरोधी अभियानों की सफलता के लिए जनता का समर्थन बहुत जरूरी है। हर सूचना मायने रखती है।

### एलओसी से पलायन करने वालों को अभी डर

**जम्मू।** हालांकि जम्मू कश्मीर के सभी निजी और सरकारी स्कूलों को 14 मई से ही खोलने का आदेश पारित किया जा चुका है कुछ उन स्कूलों को छोड़ कर जो पूरी तरह से इंटरनेशनल बार्डर और एलओसी से सटे हुए हैं। बचे हुए स्कूलों को भी 19 मई से खोलने की तैयारी है पर यह सब पाकिस्तान के रूख पर निर्भर करेगा जो अभी भी अलाप रहा है कि भारत के साथ सीजफायर को आगे बढ़ाने या न बढ़ाने का फैसला 18 मई को लिया जाना है। 10 मई को दोनों पक्षों में हुए सीजफायर की घोषणा के बाद हालांकि सीमावर्ती लोगों ने अपने घरों को लौटना आरंभ किया है पर अभी भी दर्जनों गांव ऐसे हैं जहां के निवासी वापस लौटने को राजी नहीं हैं। उनका डर भी जायज है। वे पाकिस्तान पर भरोसा नहीं करते हैं तो दूसरा ऐसे गांवों में कदम कदम पर मोर्टार और तोप के अनफूटे गोले बिखरे हुए हैं।

## श्रीअन्न का उत्पादन बढ़ाएं, सरकार किसानों से खरीदेगी : मुख्यमंत्री



- ♦ तुअर उत्पादक किसानों को अच्छे बीज, खाद और उत्पादन वृद्धि के लिए भी दें प्रोत्साहन
- ♦ सभी मंडियों का विभागीय अधिकारियों से विजिट करायें, प्रबंधन पर दें विशेष ध्यान
- ♦ मुख्यमंत्री ने की किसान-कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की समीक्षा

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि- प्रदेश में रागी, कोदो-कुटकी, ज्वार-बाजरा, मक्का जैसे श्रीअन्न का उत्पादन बढ़ाया जाए और किसानों को श्रीअन्न उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जाए। किसानों द्वारा उत्पादित श्रीअन्न अब सरकार खरीदेगी। उन्होंने कहा कि तुअर उत्पादक किसानों को अच्छे किस्म के खाद, बीज और उत्पादन वृद्धि के लिए प्रोत्साहन भी दिया जाए। इसके लिए किसानों को फसल अनुदान देने और उनकी फसल का बीमा कराने जैसे नवाचार भी किये जा सकते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मंत्रालय में किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव सहकारिता अशोक बर्णवाल, सचिव कृषि एम. सेल्वेन्द्रम सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की सभी मंडियों में प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि- सभी मंडियों का विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों से आकस्मिक निरीक्षण करायें। मंडियों की व्यवस्थाओं को और भी बेहतर बनाया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नई जरूरतों के मुताबिक अब अलग-अलग मंडियों की स्थापना पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंडियों का फसलवार मॉडल तैयार करें। कृषि उपज मंडी के अलावा अब फल व सब्जी मंडी, मसाला मंडी या अन्य विशेष पैदावार की मंडी स्थापना के लिए भी प्रयास किए जाएं। इसके लिए रोडमैप तैयार >>शेष पृष्ठ 2 पर

### विजय शाह के बाद अब उपमुख्यमंत्री देवड़ा के विवादित बयान पर बवाल

## कांग्रेस ने कहा-यह सेना का अपमान

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में मंत्री विजय शाह के बाद अब उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विवादित बयान दिया है। देवड़ा ने शुक्रवार को जबलपुर में कहा- ''प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहेंगे...और पूरा देश, देश की वो सेना, वो सैनिक...उनके चरणों में नतमस्तक है।''

### कांग्रेस बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही : भाजपा

वे यहां सिविल डिफेंस वालिंटियर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उनके बयान को कांग्रेस ने सेना के शौर्य का अपमान बताया। वहीं, भाजपा ने कहा है कि कांग्रेस देवड़ा के बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है। विवाद बढ़ने के बाद उपमुख्यमंत्री ने सफाई दी। कहा, 'मेरे बयान को गलत ढंग से पेश किया जा रहा है।'

### दोनों मंत्री बर्खास्त हों : कांग्रेस


**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा तथा मंत्री विजय शाह ने बहादुरी से देश की रक्षा करने वाली सेना तथा सेना के जवानों को अपमानित करने वाले बयान देने के लिए भाजपा को अपने दोनों मंत्रियों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री देवड़ा तथा श्री शाह ने भारतीय सेना तथा सैनिकों का अपमान करने वाले बयान दिए हैं, इसलिए इन दोनों मंत्रियों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाना चाहिए।

### *विजय शाह मामले पर 19 को सुनवाई*

***नई दिल्ली।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित टिप्पणी के बाद मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री कुंवर विजय शाह के खिलाफ हाई कोर्ट ने एफआईआर का आदेश दिया था। विजय शाह ने हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी जिस पर शुक्रवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन शीर्ष अदालत अब 19 मई को इस पर सुनवाई करेगी। रिपोर्ट के मुताबिक, मंत्री विजय शाह के वकील मनिंदर सिंह ने कुछ अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने के लिए अदालत से समय मांगा है।*

### सार संक्षेप

## रामभद्राचार्य ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित



### अस्वस्थ होने के कारण समारोह में शामिल नहीं हो सके गुलजार

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को यहां एक समारोह में संस्कृत के विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य को 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया। श्रीमती मुर्मु ने इस अवसर पर जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी के साथ साथ ज्ञानपीठ पुरस्कार वाले गीतकार गुलजार को भी बधाई दी जो अस्वस्थ होने के कारण पुरस्कार समारोह में शामिल नहीं हो सके। उन्होंने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की जिससे कि वह कला, साहित्य, समाज और देश के लिए अपना योगदान देते रहें। राष्ट्रपति ने कहा कि साहित्य समाज को जोड़ता और जागृत करता है। उन्होंने कहा कि 19वीं सदी के सामाजिक जागरण से लेकर 20वीं सदी के स्वतंत्रता संग्राम तक, कवियों और लेखकों ने लोगों को जोड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित 'वंदे मातरम' गीत लगभग 150 वर्षों से भारतीयों को जागृत कर रहा है और हमेशा करता रहेगा। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि, व्यास और कालिदास से लेकर रवींद्रनाथ टैगोर जैसे शाश्वत कवियों की रचनाओं में हम जीवंत भारत की धड़कन महसूस करते हैं जो भारतीयता की आवाज है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो-** विजय शाह के बयान का मामला थमा नहीं और देवड़ा के बयान पर बवाल शुरू हो गया।

**चुहिया- हां प्रिये-** इस दौर में जनता की आवाज सुनने वाला है ही कौन ? नेताओं की कहा-सुनी पर ही कहा-सुनी हो रही है।

## दुनिया में पाकिस्तान को बेनकाब करेंगे भारतीय सांसद

- ♦ सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को अलग-अलग देशों में भेजने का फैसला
- ♦ 30 सांसद बताएंगे पड़ोसी की करतूत

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब भारत के सांसद दुनियाभर में पाकिस्तान को बेनकाब करेंगे। भारत सरकार ने पाकिस्तान की करतूत दुनियाभर के सामने उजागर करने के लिए अगले सप्ताह सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को अलग-अलग देशों की यात्रा के लिए भेजने का फैसला लिया है।

बताया जा रहा है कि कम से कम 30 सांसदों को 10 दिन के लिए अलग-अलग देशों की यात्रा पर भेजा जाएगा। इसे लेकर सरकार ने विपक्ष सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों से बात की है। कुछ दलों ने अपने सांसदों को भेजने की मंजूरी भी दे दी है। दरअसल, पाकिस्तान पहलगाम से लेकर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लगातार झूठ बोलता रहा है। वह दुनिया को तथ्यों से अलग जाकर एक नैरेटिव सेट करने के लिए मनगढ़ंत कहानी बताता रहा है। पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई बड़ा समर्थन नहीं मिला है, लेकिन चीन और तुर्किये जैसे देशों के उसके साथ आ जाने से उसे एक सहारा मिल गया है।

भारत पाकिस्तान की इस कोशिश को बेनकाब करना चाहता है। इसलिए कूटनीतिक तौर पर भारत सरकार ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को विभिन्न देशों की यात्रा पर भेजने का फैसला लिया है। अभी प्रतिनिधिमंडल में जाने वाले सांसदों की सही संख्या तय नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि 30 से अधिक सांसद प्रतिनिधिमंडल में जा सकते हैं।

### संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग ने दी रिपोर्ट

## ट्रम्प के टैरिफ युद्ध से वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि देशों के बीच व्यापार को लेकर तनाव बढ़ने तथा निश्चित नीति नहीं होने के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि नीतिगत अनिश्चितता के साथ-साथ बढ़ते व्यापार तनाव ने मौजूदा वर्ष के लिए वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण को भी काफी कमज़ोर कर दिया है।

'विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं-2025' नामक रिपोर्ट में कहा गया है, उच्च टैरिफ के कारण अमेरिका में प्रभावी टैरिफ दर में काफी वृद्धि की संभावना है, जिससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर दबाव पड़ने, उत्पादन लागत में वृद्धि होने और महत्वपूर्ण निवेश निर्णयों में देरी के साथ-साथ वित्तीय बाजार में अस्थिरता भी बढ़ने की संभावना है। यह भी कहा गया है कि 2025 में वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर कम होकर 2.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो 2024 के 2.9 प्रतिशत से कम है। विकास पूर्वानुमानों में कमी विकसित और विकासशील दोनों अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर रही हैं। कमजोर वैश्विक व्यापार वृद्धि और निवेश प्रवाह भी अर्थव्यवस्था में मंदी को और बढ़ा रहे हैं। व्यापार पर निर्भर कई विकासशील देशों को कम निर्यात, कम कीमतों, सख्त वित्तीय स्थितियों और बढ़े हुए ऋण बोझ से भी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

### वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर 2.4 फीसदी रहने का अनुमान

संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के अवर महासचिव ली जुनहुआ ने कहा, टैरिफ शॉक से कमजोर विकासशील देशों पर बुरा असर पड़ने, विकास धीमा होने, निर्यात राजस्व में कमी आने और ऋण चुनौतियों के बढ़ने का जोखिम है, खासकर तब जब ये अर्थव्यवस्थाएं पहले से ही दीर्घकालिक सतत विकास के लिए आवश्यक निवेश करने के लिए संघर्ष कर रही हैं।'

### असमानता बढ़ने का जोखिम

रिपोर्ट के अनुसार, बिगड़ती आर्थिक स्थिति सतत विकास के लक्ष्यों की दिशा में प्रगति को और धीमा कर रही है, जिनमें से कई पहले से ही पटरी से उतर चुके हैं। धीमी वृद्धि और जीवन-यापन का खर्च बढ़ने के दबाव से असमानता बढ़ने का जोखिम है, जो कम आय वाले परिवारों और कमज़ोर आबादी पर असमान रूप से बोझ डाल रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक निवेश वृद्धि में लगातार कमजोरी दीर्घकालिक आर्थिक संभावनाओं को भी कम करती है।

## 'मीडिया की आवाज दबाना लोकतंत्र के लिए घातक'

- ♦ कांग्रेस नेताओं ने गुजरात समाचार के खिलाफ ईडी की कार्रवाई की आलोचना की
- ♦ आलोचकों को गिरफ्तार करना एक डरे हुए तानाशाह का पहला संकेत

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक तरफ आलोचना को लोकतंत्र की आत्मा बताते हैं और दूसरी तरफ सरकार के कार्यों की आलोचना करने वाले अखबार पर डंडा चलाकर लोकतंत्र की आवाज दबाने का काम कर रहे हैं।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार ने करीब सौ साल पुराने अखबार गुजरात समाचार के संस्थापक को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार कर साबित कर दिया है कि श्री मोदी आलोचना करने वालों की आवाज दबाने में संकोच नहीं करते हैं। यह मीडिया की आजादी तथा लोकतंत्र की आवाज दबाने की साजिश है।

श्री खड़गे ने कहा मोदी जी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा था — 'आलोचना लोकतंत्र की आत्मा है।' गुजरात समाचार एक 93 वर्ष पुरानी संस्था है जिसके वरिष्ठ संस्थापक बाहुबली भाई शाह को प्रवर्तन निदेशालय से गिरफ्तार करवाकर मोदी जी ने सिद्ध किया है —'आलोचकों को गिरफ्तार करना एक डरे हुए तानाशाह का पहला संकेत है।'

उन्होंने कहा जिसने भी इस सरकार के खिलाफ आवाज़ उठाई, और जिसने भाजपा से समझौता नहीं किया, उसको जेल जाना पड़ेगा। सरकार द्वारा स्वतंत्र मीडिया पर दबाव बनाकर, अपने हक में इस्तेमाल करना लोकतंत्र के लिए घातक है। श्री गांधी ने कहा गुजरात समाचार को खामोश करने की कोशिश सिर्फ एक अख़बार की नहीं, पूरे लोकतंत्र की आवाज़ दबाने की एक और साज़िश है। राहुल ने कहा-देश न डंडे से चलेगा न डर से।

JAN JYOTI SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL
अब पाइये चश्मे से छुटकारा
मात्र कुछ सेकेण्ड्स में
Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित
आज ही विजिट करें
9165108121 janjyotieyehospital.com
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur




Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

### मौसम
### सुपरफास्ट स्पीड में आगे बढ़ रहा मानसून...

## 22 से 28 मई के बीच केरल पहुंचने की संभावना

**नई दिल्ली।** श्रीलंका और मालदीप जैसे देश होते हुए अब मानसून की एंट्री का इंतजार भारत के मेन लैंड पर है। आमतौर पर मई के आखिरी हफ्ते या जून की शुरुआत में मानसून केरल में एक्टिव होता है। लेकिन इस बार सिर्फ केरल ही नहीं बल्कि देश के कई अन्य राज्यों में भी मानसून समय से पहले पहुंच सकता है।

भारत के मौसम विभाग ने गुरुवार को अगले दो हफ्ते का वेदर अपडेट जारी किया है। उसके मुताबिक केरल में मानसून 22 से लेकर 28 मई के बीच दस्तक दे सकता है। पूर्वानुमान यही है कि केरल में 25 से लेकर 27 मई के बीच अच्छी खासी बारिश होगी। लेकिन खुशखबरी सिर्फ केरल के लिए ही नहीं है बल्कि देश के सुदूर नॉर्थ ईस्ट के राज्यों के लिए भी है। मौसम विभाग की मानें तो नॉर्थ ईस्ट के सात राज्यों में से कुछ में समय से काफी पहले यानी 28 मई तक मानसून की आमद हो सकती है। आमतौर पर नॉर्थ ईस्ट में मानसून 5 जून के आसपास आता है, लेकिन पिछले साल भी 30 मई तक मानसून ने इस



क्षेत्र में दस्तक दे दी थी। **इस बार मानसून में बेहतर बारिश की संभावना**-इस साल मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है तो उसके लिए लोकल सिस्टम तो जिम्मेवार है ही, लेकिन साथ-साथ ग्लोबल सिस्टम भी अपनी बड़ी भूमिका निभा रहा है। पूरे मानसून सीजन में एल नीनो सिस्टम जिसे ईएनएसओ कहा जाता है, के साथ-साथ Indian Ocean Dipole के भी न्यूट्रल रहने की भविष्यवाणी की गई है। यह दोनों सिस्टम समुद्र के तापमान पर निर्भर करते हैं। इनके फेवरेबल रहने की वजह से सिर्फ साउथ और नॉर्थ ईस्ट में नहीं बल्कि देश के बाकी हिस्सों में भी मानसून न सिर्फ बेहतर रहेगा बल्कि उसके जल्दी सक्रिय भी होने की उम्मीद लगाई जा रही है। आईएमडी के मुताबिक भारत में इस साल मानसून सीजन में सामान्य से अधिक या ऐतिहासिक औसत 87 सेमी से 5त्न अधिक बारिश होने की संभावना है। अगर यह सच साबित होता है, तो यह मानसून में सामान्य से अधिक बारिश का लगातार दूसरा साल होगा। पिछले साल, देश में जून से सितंबर के बीच ऐतिहासिक औसत से 8 प्रतिशत अधिक बारिश हुई थी।

**उत्तर भारत में जून अंत में दस्तक देगा मानसून**-आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार, मुंबई और कोलकाता में 10 से 15 जून के बीच मानसून आने की संभावना है। हैदराबाद में मानसून थोड़ा पहले, 5 से 10 जून के बीच आएगा, जबकि बेंगलुरु और चेन्नई में 1 से 5 जून के बीच मानसून की पहली बारिश की उम्मीद है।


डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2020-2022 www.deshbandhump.com

# देश-विदेश

## सुप्रीम कोर्ट ने 'इस्कॉन बेंगलुरु' के पक्ष में सुनाया फैसला

**बेंगलुरु।** सुप्रीम कोर्ट ने इस्कॉन बेंगलुरु और इस्कॉन मुंबई के बीच दशकों से चले आ रहे विवाद में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि बेंगलुरु का हरेकृष्ण हिल मंदिर इस्कॉन बेंगलुरु के अधीन रहेगा और इस्कॉन मुंबई का इस पर कोई अधिकार नहीं होगा। इस फैसले के साथ सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाईकोर्ट के उस निर्णय को भी पलट दिया, जिसमें बेंगलुरु मंदिर को इस्कॉन मुंबई के स्वामित्व में माना गया था। जस्टिस ए.एस. ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कर्नाटक हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली इस्कॉन बेंगलुरु की याचिका को स्वीकार करते हुए यह फैसला सुनाया, जिसमें पहले मंदिर का नियंत्रण इस्कॉन मुंबई को दिया गया था।

### पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार का बयान

## कहा- भारत-पाक के बीच सीज़फायर 18 मई तक

**इस्लामाबाद।** भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर 18 मई तक ही है। यह बयान पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार नेशनल एसेंबली में दी। पाकिस्तान के विदेश मंत्री का यह बयान सामने आने के बाद भारत-पाक संघर्ष को लेकर नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं। सवाल उठ रहे हैं कि क्या भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष फिर से शुरू होने वाला है? क्या 18 मई के बाद पाकिस्तान की ओर से फिर से ड्रोन और मिसाइल के जरिए हमले होंगे और भारत उसका जवाब देगा। क्योंकि पाकिस्तान के विदेश मंत्री जब खुद यह सीजफायर की डेडलाइन बता रहे हैं तो इसका मतलब क्या है?

लेकिन पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने ऐसा क्यों कहा... इसके पीछे एक गहरी चाल है। यह चाल है भारत को बातचीत के टेबल पर लाते हुए सिंधु समझौते को शुरू कराने की। पाकिस्तान भारत पर कूटनीतिक दबाव बनाना चाहता है। इशाक डार ने पाकिस्तान की नेशनल एसेंबली में ये बयान दिया है। ताकि यह चीज चर्चा में आए। इशाक डार ने नेशनल एसेंबली में कहा, 10 मई में दोनों देशों के बीच डीजीएमओ स्तर की बातचीत में 12 मई तक सीजफायर पर सहमति बनी। 12 मई को जो बात हुई उससे 14 मई तक सीजफायर पर सहमति बनी। 14 मई को जो बात हुई उसमें 18 मई तक सीजफायर पर सहमति बनी। उन्होंने ये भी कहा कि सैन्य स्तर पर जो सहमति बनी है वह पूर्ण सहमति तभी बनेगी जब राजनीति स्तर पर जब दोनों देशों के बीच बातचीत हो।

दरअसल पहलगाम आतंकी हमले के बाद बीते तीन सप्ताह में भारत-पाकिस्तान के बीच जो कुछ हुआ, वह पूरी दुनिया के सामने है। लेकिन पाकिस्तान भारत के उन सख्त फैसलों से ज्यादा परेशान है, जिससे वो किसी भी समय भयंकर तबाही में पड़ सकता है। पाकिस्तान को सबसे बड़ा डर सिंधु समझौते को लेकर है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### श्री अन्न का उत्पादन.....

किया जाए और यदि आवश्यकता है तो इसमें प्रायवेट सेक्टर को भी सम्मिलित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंडियों में जारी वर्तमान व्यवस्थाओं का समुचित तरीके से किसानों के हित में प्रबंधन किया जाए। मंडी शुल्क की प्राप्त राशि से किसानों की कल्याण गतिविधियों पर फोकस किया जाए।

**आदर्श बनें प्रदेश की कृषि उपज मंडियां**-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की कृषि उपज मंडियों को आदर्श बनाया जाए। मंडियों में कृषि आधारित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित हों। मंडियों में किसानों को फसल बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मंडी में अपनी फसल बेचने आने वाले हर किसान को उसकी उपज का सही दाम मिले किसी का भी नुकसान न होने पाए। मंडियों को और अधिक आधुनिक बनाया जाए यहां किसानों को उनके उपज में गुणवत्ता संवर्धन के बारे में भी बताया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी मंडियां अपने विकास कार्यों के लिए आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने कृषि अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्थानीय निकायों से नई मंडियों की स्थापना/ फसल भण्डारण क्षमता ब?ाने के लिए समन्वय करें, जिससे किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए अधिक सुविधाएं मिल सकें। **किसानों को मिले प्रोत्साहन**-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। प्रदेश के किसानों को रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर उन्नत किस्म के बीज, आधुनिक कृषि यंत्रों, अच्छा भाव, अनुदान आदि का प्रोत्साहन मिले। उन्होंने कहा कि श्रीअन्न रागी, कोदो-कुटकी, मक्का, ज्वार, बाजरा की फसलों को प्रोत्साहन दिया जाए। इन फसलों के उत्पादक क्षेत्र को अच्छी पैदावार करने के लिए प्रोत्साहन मिले। आवश्यकता अनुसार अनुदान की राशि भी बढ़ाई जाए। **ग्रीष्मकालीन मूंग में खरपतवारनाशकों के उपयोग को करें हतोत्साहित**-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्रीष्मकालीन मूंग में खरपतवारनाशकों के उपयोग से लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए खरपतवारनाशकों को हतोत्साहित करने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा मिले। स्वाभाविक फसलों की पैदावार पर विशेष जोर दिया जाए।

**तीन फसलों को जल्द ही मिलेगा जीआई टैग**-बैठक में बताया गया कि राज्य शासन की प्रगतिशीलता से प्रदेश में उत्पादित होने वाली 3 फसलों को बहुत जल्द जीआई-टैग मिल जाएगा। सचिव कृषि ने बताया कि डिंडोरी जिले की नागदमन मकुटकी, सिताही कुटकी और बैंगनी अरहर की फसल को जीआई टैग परीक्षण के लिए भेजा गया है, उम्मीद है कि जल्द ही इन फसलों को जीआई टैग प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि ई-अनुज्ञा प्रणाली लागू करने के बाद प्रदेश में बीते एक अप्रैल 2025 से प्रदेश की सभी 259 मंडियों में ई-मंडी योजना भी लागू कर दी गई है। सभी मंडियों में अब डिजिटल तरीके से रिकार्ड कीपिंग की जा रही है। बैठक में सचिव कृषि ने जानकारी दी कि आगामी 26, 27 एवं 28 मई को जिला मुख्यालय नरसिंहपुर में कृषि आधारित उद्योगों का सम्मेलन सह विशाल कृषि मेला आयोजित किया जाएगा। आयोजन में कृषि आधारित उद्योगों के बारे में जानकारी के अलावा दुग्ध उत्पादन, मत्स्य उत्पादन, शाक-सब्जी उत्पादन, श्रीअन्न उत्पादन, उद्यानिकी, बागवानी, उन्नति किस्म के बीज, खाद, उर्वरक की जानकारी सहित उन्नत कृषि उपकरणों का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर
**लोककर्म विभाग // निविदा आमंत्रण सूचना //**

N.I.T. No. PWD/2025-26/04/E-tendering/PRO/143 — Date 16/05/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार / मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in की पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_433690_1 16/05/2025 | संभाग क्रमांक-04 गुप्तेश्वर वार्ड अंतर्गत एम.जी.एम. स्कूल के बाजू में एम-30 सी.सी. रोड, पेवर ब्लाक एवं कवर्ड नाली निर्माण कार्य (निगम मद) | 04 माह रू. 8.44 | 2,000/- 8440/- | 03/06/2025 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री, संभाग क्रमांक-04, नगर निगम, जबलपुर**

---

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI

**गोटेगांव शाखाः** रूद्र वार्ड, रेल्वे स्टेशन रोड (म.प्र.)- 487118
Email: Gotegaon.Jabalpur@bankofindia.co.in

### सूचना

**(वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत नोटिस (सरफेसी एक्ट)**

बैंक ऑफ इंडिया, गोटेगांव शाखा, जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) के माध्यम से प्राप्त किये गये ऋण जो कि एन.पी.ए. हो चुका है व जिसमें निम्न वर्णित दिनांक को निम्न वर्णित बकाया राशि शेष थी, उसकी विस्तृत मांग सूचना निम्न वर्णित ऋणी को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत निम्न वर्णित दिनांक को पंजीकृत डाक पावती सहित द्वारा आप सभी को भेजी गई थी। जो कि प्राप्तकर्ता उपलब्ध नहीं होने के कारण/अस्वीकृत कर देने के कारण वापस कर दी गई है। निम्न वर्णित मांग सूचना दिनांक में हमने इस आशय को स्पष्ट कर दिया है, कि आपके द्वारा सूचना में दर्शाई राशि 60 दिनों के अंदर जमा नहीं कराई गई तो उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अनुसार बैंक में दृष्टिबंधक प्रतिभूति एवं बंधक संपत्ति जो कि निम्नलिखित जमानतदार के नाम है, उसका आधिपत्य ले लिया जाएगा। बकाया राशि का उल्लेख निम्नानुसार है-

| ऋणी/जमानतदार का नाम व पता | (₹) मांग सूचना दिनांक / बकाया राशि | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **श्रीमति ज्ञानेश्वरी बाई चौधरी पत्नि मोतीलाल चौधरी**, 892, गंजपुरा मोहल्ला, ग्राम पंचायत बगासपुर, बगासपुर, पोस्ट गोटेगांव, जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.)- 487118 | मांग सूचना दिनांक 28/04/2025 7,14,141.65 + ब्याज + अन्य खर्चे | साम्य बंधक सम्पत्ति भूमि एवं बिल्डिंग स्थित खसरा नं. 406/4/2, एरिया- 400 वर्गफुट, मौजा- बगासपुर, बगासपुर रोड, प.ह.नं. 26, तहसील- गोटेगांव, जिला- नरसिंहपुर। सम्पत्ति स्वामी- श्रीमति ज्ञानेश्वरी बाई चौधरी पत्नि मोतीलाल चौधरी। चतुर्सीमा- पूर्व- जगदीश सुन्दर इमरत का प्लाट, पश्चिम- विक्रेता की बची हुई भूमि, उत्तर- विक्रेता की बची हुई भूमि, दक्षिण- कच्चा रास्ता |

अतः आप सभी को सुझाव दिया जाता है कि (1) उक्त मांग सूचना पत्र/लिफाफा जो कि आप को डाक प्राधिकरण द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा, गोटेगांव शाखा, जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) से भेजा गया था। आप नोटिस की कॉपी बैंक से प्राप्त कर लें ताकि आपको सूचना की संपूर्ण जानकारी प्राप्त हो जाये एवं (2) मांग सूचना में दर्शाई गई बकाया राशि ब्याज एवं खर्च आदि सहित मांग सूचना की दिनांक के 60 दिनों के भीतर जमा करें ताकि सरफेसी अधिनियम के तहत अग्रिम कार्यवाही से बच सकें।

स्थानः गोटेगांव, दिनांकः 17/05/2025 — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया

---

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं छोटी बाई पति हाजी शेख जुम्मन उम्र 76 वर्ष मुकाम पोस्ट रॉकई, तहसील करेली, जिला नरसिंहपुर म.प्र. यह घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर कुतबुन्निशा कर लिया है। अब से मैं कुतबुन्निशा के नाम से जानी और पहचानी जाऊंगी।

कुतबुन्निशा

---

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I Banty S/o Shri Nevand Ram Motwani resident of ward no. 16, Gharoula Mohalla shahdol sohagpur Distt.Shahdol (M.P.) 484001 have changed my old name from Banty Motwani to Banti Motwani, so in future I should be recognized by my New name that is BANTI MOTWANI S/o Nevand Ram Motwani in all Government on other Documents.

BANTI MOTWANI
S/o Nevand Ram Motwani
Add- ward no. 16, Gharoula Mohalla shahdol sohagpur Distt.Shahdol (M.P.) 484001

---

### नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किय जाता है कि मैं बन्टी मोटवानी पिता श्री नेवन्द राम मोटवानी निवासी वार्ड क्रं.16, घरौला मोहल्ला, शहडोल म.प्र. 484001 यह शपथ करता हूँ कि मेरा पुराना नाम बन्टी मोटवानी (BANTY MOTWANI) है जिसे त्याग कर नया नाम बन्टी मोटवानी (BANTI MOTWANI) पिता श्री नेवन्द राम मोटवानी रख लिया है अतः आज से समस्त शासकीय अर्धशासकीय दस्तावेजों में नये नाम बन्टी मोटवानी (BANTI MOTWANI) पिता श्री नेवन्द राम मोटवानी से ही जाना व पहचाना जावे।

बन्टी मोटवानी
पिता-श्री नेवन्द राम मोटवानी
पता- वार्ड क्रं.16, घरौला मोहल्ला, शहडोल म.प्र. 484001

---

### पश्चिम मध्य रेल

**सामग्री प्रबंधन विभाग**
**भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना संख्या/ईपीएस/74/2025)**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-खरीद प्रणाली के जरिये निम्नलिखित विज्ञापन निविदायें आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाइट https://ireps.gov.in पर ई निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| क्रमांक | टेंडर नं. | संक्षिप्त विवरण | निविदा मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | 30251856 | AAR 'H' टाइप लॉक कौपलर विथ ट्रांजीशन स्क्रू कपलिंग एंड बैलेंस्ड ड्राफ्ट गियर | 41 सेट |
| 2 | 20255008 | सप्लाई ऑफ रूफ-माउंटेड एयर कंडीशनिंग सिस्टम विथाउट 'तरोघ' 'TROUGH' | 235 सेट |
| 3 | 38254204 | ड्राफ्ट गियर अरेंजमेंट इन्क्लूडिंग ड्राफ्ट गियर फोल्लोवेर फॉर BCNHL/ BOXNHL वैगन | 304 नंबर्स |

**नियत तारीखःक्र.सं. 1 के लिए-03.06.2025, क्र.सं. 2 एवं 3 के लिए 12.06.2025**

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है। (हस्ता.)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

---

### खंड - I
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्य प्रदेश शासन**

### कार्यालय वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल जबलपुर मध्य प्रदेश

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या/ / ई-टेंडरिंग/2025-26 — दिनांक ............/2025

1. वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल जबलपुर म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं लेखा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | इकाई | अनुमानित मात्रा | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Vitrified Tiles Floor (Kajariya,simpoul.jownson.paweit,samari,cera) 300x300x9-10mm (18: 15622) | Square feet | | 50000.00 | 10000.00 |
| 2 | Vitrified Tiles- Wall 300x450x9-10mm | Square feet | | | |
| 3 | Paver Blocks | Square feet | | | |
| 4 | Iron Grill (For window Ventilation and Gate) | K.G. | | | |
| 5 | Wall Putty (ISI Mark) (Birlawhite) 20 K.G. Bag | Nos | | | |
| 6 | Oil Paint (ISJ Mark) (Asian Dulox Burger Nerolac) | Per Litre | | | |
| 7 | Emulsion Paint (ISI Mark) (Asian Dulox Burger Nerolac | Per Litre | | | |
| 8 | Emulsion Paint Waterproof (ISI Mark) (Asian Dulox Burger Nerolac) | Per Litre | | | |
| 9 | Black Japan Paint | Per Litre | | | |
| 10 | Water Tank (ISI Mark) (Presto Syntex) 1000 Litres | Nos | | | |

- निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते हैं।
- इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 16/05/2025 बजे 12.00 PM से दिनांक 30/05/2025 बजे 06.00 PM तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते हैं।
- ई-प्रोक्योरमेट पोर्टल पर महत्तवपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी।
- निविदा पूर्व बैठक दिनांक 19/05/2025 समय 11.00 AM को सामान्य वनमंडल जबलपुर कार्यालय में आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं। निविदा पूर्व बैठक में भाग लेना अनिवार्य होगा। ऐसे निविदाकार जो निविदा पूर्व बैठक में भाग नहीं लेते है एवं ऑनलाईन निविदा भरते है, तो ऐसे निविदाकार की निविदा रिजेक्ट कर दी जायेगी।
- निविदा से संबंधित समय सारिणी ऑन लाइन https://mptenders.gov.in पोर्टल में देखी जा सकती है।
- ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जायेगा, समाचार पत्रों में नहीं।
- टीप-उपरोक्ततिथिअनुमानित है कार्य सुविधा अनुसार तिथि में परिवर्तन किया जा सकेगा।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल-https://mptenders.gov.in

**वनमंडल अधिकारी**
**सामान्य वनमण्डल जबलपुर**

G-12905/25 — स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

---

### स्कूल ऑफ एक्सीलेंस इन पल्मोनरी मेडिसिन शासकीय स्वशासी ने. सु. च. बोस चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर

क्रमांक / स्था./राज/25/401 — जबलपुर, दिनांक 23/04/2025

**// विज्ञप्ति सूचना//**

म.प्र. शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय भोपाल के आदेश क्र एफ1-3/2018/55-2 दिनांक 26/05/2018, दिनांक 12/26-3-2019 एवं म.प्र. शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय भोपाल के ज्ञापन क्रमांक एफ 2-57/2018/55-1 दिनांक 06/08/2018 द्वारा जारी मध्यप्रदेश सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल चिकित्सा शिक्षक आदर्श सेवा नियम, 2018 एवं कार्यालय आयुक्त चिकित्सा शिक्षा का ज्ञापन क्र 5528/स्था/राज/2018 दिनांक 11/09/2018 द्वारा स्वीकृत अनुसूची अनुसार, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के राजपत्र क्रमाक एफ-07-25-2019-आ.प्र. एक म.प्र. लोक सेवा अधिनियम 1994 (क्रमांक 21 सन 1994) की धारा 13 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार एतद् द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) नियम 1998 में संशोधन दिनांक 19/08/2019 के अनुसार स्कूल ऑफ एक्सीलेंस इन पल्मोनरी मेडिसिन, स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर के रिक्त पदों को माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के अध्याधीन सीधी भर्ती द्वारा राज्य स्तरीय रोस्टर का पालन करते हुये प्राध्यापक, सह-प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक एवं चिकित्सा अधिकारी के पदों की पूर्ति की जाना है ऐसे अभ्यार्थी जो कि शासन / एनएमसी द्वारा निहित अर्हताएं पूर्ति करते हों इस हेतु आवेदन पत्र स्कूल ऑफ एक्सीलेंस इन पल्मोनरी मेडिसिन, स्वशासी नेताजी सुभाष चंद्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर में दिनांक 30/05/2025 सायं 5.30 बजे तक आमंत्रित किये जाते है।

1. उपरोक्त विज्ञापन की जानकारी एवं आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर मध्यप्रदेश की वेबसाईट www.nscbmc.ac.in पर उपलब्ध है।
2. आवेदन पत्र डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से स्कूल ऑफ एक्सीलेंस इन पल्मोनरी मेडिसिन, स्वशासी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस चिकित्सा महविद्यालय जबलपुर में जमा कराये जा सकते हैं।
3. साक्षात्कार की तिथि एवं इस हेतु पात्र उम्मीदवारों की सूची महाविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड की जावेगी।

**डायरेक्टर / कार्यालय प्रमुख स्कूल ऑफ एक्सीलेंस इन पल्मोनरी मेडिसिन ने.सु.च.बोस चिकित्सा महाविद्यालय, जबलपुर**

स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता — G-12932/25

---

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ / स) संभाग क्र -1, सिवनी
**निविदा - सूचना**

निविदा आमंत्रण क्र. 01/1837/ व.ले.लि. / 2025-26 — सिवनी, दिनांक 13.05.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र | टेण्डर क्र. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.में) | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि (रु.में.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा खोलने का कार्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWD RB_422650 | उपसंभाग क्र-1 सिवनी के अंतर्गत छपारा खैरी पहुच मार्ग लं. 1.40 किमी. छपारा रेस्ट हाऊस मार्ग, ओल्ड ब्रिज छपारा मार्ग पहुंच मार्ग लं. 1.60 किमी. एवं पिपरिया बर्रा मार्ग लं. 3.20 किमी. मे बी.टी. रिनीवल का कार्य । | प्रथम | 10000 | 55.10 लाख | 55100 | 03 (तीन) माह वर्षा छोड़कर | मुख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर |
| 2 | 2025_PWD RB_422651 | उपसंभाग केवलारी के अन्तर्गत पिपरिया साठई मार्ग निर्माण कार्य लं. 3.43 कि.मी. विद्युत कार्य सहित । | प्रथम | 15000 | 310.30 लाख | 310300 | 06 (छैः) माह वर्षा ऋतु सहित | मुख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर |
| 3 | 2025_PWD RB_422652 | उपसंभाग केवलारी के अन्तर्गत केवलारी खेडा से टालाटाली मार्ग का निर्माण कार्य लम्बाई 5.90 कि.मी. पुलिया सहित। | प्रथम | 15000 | 484.54 लाख | 484600 | 06 (छैः) माह वर्षा ऋतु सहित | मुख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर |
| 4 | 2025_PWD RB_422653 | उपसंभाग क्र-2 सिवनी के अंतर्गत निवारी साल्हेकलां मार्ग लं. 0.85 किमी एवं मानेगांव साल्हेकलां मार्ग लम्बाई 2.10 कि.मी. का निर्माण कार्य, विद्युत कार्य सहित । | प्रथम | 15000 | 382.17 लाख | 382200 | 06 (छैः) माह वर्षा ऋतु सहित | मुख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर |
| 5 | 2025_PWD RB_422654 | उपसंभाग क्र-2 सिवनी के अंतर्गत खैरी से सिमरिया मार्ग का निर्माण कार्य लं. 2.50 कि.मी. विद्युत कार्य सहित । | प्रथम | 15000 | 386.53 लाख | 386600 | 06 (छैः) माह वर्षा ऋतु सहित | मुख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर |
| 6 | 2025_PWD RB_422655 | उपसंभाग क्र-1 सिवनी के अंतर्गत पांडीवाड़ा से भटमतरा मार्ग लम्बाई 2.60 कि.मी. का निर्माण कार्य विद्युत कार्य सहित । | प्रथम | 15000 | 251.49 लाख | 161500 | 06 (छैः) माह वर्षा ऋतु सहित | मुख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर |
| 7 | 2025_PWD RB_422657 | उपसंभाग क्र-1/2 सिवनी के अंतर्गत विभिन्न मार्गों एवं कलबर्ट का मरम्मत कार्य एवं परफारमेंस गारंटी के अंतर्गत मरम्मत कार्य जोनल टेंडर के तहत । | प्रथम | 10000 | 100.00 लाख | 100000 | दिनांक 31.03. 2026 तक | मुख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर |
| 8 | 2025_PWD RB_422658 | उपसंभाग केवलारी एवं लखनादौन के अंतर्गत विभिन्न मार्गों एवं कलबर्ट का मरम्मत कार्य एवं परफारमेंस गारंटी के अंतर्गत मरम्मत कार्य जोनल टेंडर के तहत। | प्रथम | 10000 | 50.00 लाख | 50000 | दिनांक 31.03. 2026 तक | मुख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर |
| 9 | 2025_PWD RB_422664 | उपसंभाग केवलारी के अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनो के एस.आर., एम.ओ.डब्ल्यू. एवं अन्य विभाग के कार्य । | प्रथम | 12500 | 125.00 लाख | 125000 | दिनांक 31.03. 2026 तक | मुख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर |
| 10 | 2025_PWD RB_422666 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग केवलारी के अंतर्गत शासकीय भवनों की रंगाई-पुताई, डिस्टेम्परिंग, पेटिंग इत्यादि का कार्य । | प्रथम | 2000 | 5.00 लाख | 10000 | दिनांक 31.03. 2026 तक | कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि.वि.(भ/स) संभाग क्र.-1 सिवनी |
| 11 | 2025_PWD RB_422667 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र-2 सिवनी के अन्तर्गत शासकीय भवनो के एस.आर. एम.ओ.डब्ल्यू. एवं अन्य डिपाजिट कार्य । | प्रथम | 2000 | 5.00 लाख | 10000 | 03 (तीन) माह वर्षा ऋतु सहित | कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि.वि.(भ/स) संभाग क्र.-1 सिवनी |
| 12 | 2025_PWD RB_422669 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र-1 सिवनी के अन्तर्गत शासकीय भवनो के एस.आर. एम.ओ.डब्ल्यू. एवं अन्य डिपाजिट कार्य । | प्रथम | 2000 | 5.00 लाख | 10000 | 03 (तीन) माह वर्षा ऋतु सहित | कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि.वि.(भ/स) संभाग क्र.-1 सिवनी |
| 13 | 2025_PWD RB_422670 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र-1 सिवनी के अन्तर्गत शासकीय भवनो की सामान्य मरम्मत, वाटर सप्लाई एवं सेनेटरी फिटिंग, सीवर लाईन एवं अन्य मरम्मत कार्य। | प्रथम | 2000 | 10.00 लाख | 20000 | 03 (तीन) माह वर्षा ऋतु सहित | कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि.वि.(भ/स) संभाग क्र.-1 सिवनी |
| 14 | 2025_PWD RB_422672 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग लखनादौन के अन्तर्गत शासकीय भवनो की सामान्य मरम्मत, वाटर सप्लाई एवं सेनेटरी फिटिंग, सीवर लाईन एवं अन्य मरम्मत कार्य । | प्रथम | 2000 | 10.00 लाख | 20000 | 03 (तीन) माह वर्षा ऋतु सहित | कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि.वि.(भ/स) संभाग क्र.-1 सिवनी |
| 13 | 2025_PWD RB_422673 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग लखनादौन के अन्तर्गत शासकीय भवनो की सामान्य मरम्मत, वाटर वाटर प्रुफिंग का कार्य । | प्रथम | 2000 | 10.00 लाख | 20000 | 03 (तीन) माह वर्षा ऋतु सहित | कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि.वि.(भ/स) संभाग क्र.-1 सिवनी |
| | | योग - 15 कार्य | | | 2190.13 लाख | | | |

उपरोक्त वेबसाइट पर आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 30.05.2025, (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन. आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

मध्यप्रदेश शासन के आदेश क्र. 205/प्रस/लोनिवि./20, भोपाल दिनांक 03.11.2020 से प्राप्त निर्देशानुसार भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज प्राप्त नही किये जायेगें, सम्पूर्ण दस्तावेज ऑनलाईन ही अपलोड किये जायेगे एवं सम्पूर्ण दस्तावेज ऑनलाईन अपलोड नही किये जाने की स्थिति में निविदा पर विचार नही किया जावेगा।

इलेक्ट्रानिक ई.एम.डी. (धरोहर राशि) RTGS/NEFT के माध्यम से ही स्वीकार किये जावेगें। इलेक्ट्रानिक के अलावा अन्य किसी भी रूप में ई.एम.डी. (धरोहर राशि) स्वीकार नहीं की जावेगी ।

**(इंजी. आर. के. हनुमते) कार्यपालन यंत्री**
**लो. नि. वि. (भ/स) संभाग क्र -1 सिवनी**

G-12901/25 — दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

---

### कार्यालय नगरपालिक निगम कटनी म.प्र.

क्रं./09/मुख्य स्टोर/2025-26 — कटनी, दिनांक 05/05/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से ऑन लाईन, निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक | सामग्री का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_422707_1 | ड्यूल डेस्क एवं टेबिल क्रय | 2000.00 1250.00 | 28/05/25 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

प्राधिकृत अधिकारी
नगर पालिक निगम कटनी

---

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI

आंचलिक कार्यालयः एमआईजी-15, राजेश्वर बिल्डिंग, शिव नगर, दमोह रोड, जबलपुर- 482002
Email: jabalpur.ard@bankofindia.co.in

**अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई- नीलामी विक्रय सूचना**

### ई- नीलामी विक्रय सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन, हेतु ई- नीलामी विक्रय सूचना

अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई- नीलामी विक्रय सूचना आम लोगों को और विशेष रूप से उधार लेने वाला और जमानतदार को यह नोटिस दिया जाता है कि निम्न वर्णित सारणी के कॉलम 3 में उल्लिखित अचल सम्पत्ति जो **प्रतिभूत लेनदार (बैंक ऑफ इंडिया)** के पास गिरवी / प्रभारित हैं, का प्रतीकात्मक कब्जा प्रतिभूति लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है"** के आधार पर निम्नलिखित तालिका के कॉलम 2 में उल्लिखित ऋणी एवं जमानतदार से बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) की निम्नलिखित तालिका के कॉलम 4 में उल्लिखित राशि की वसूली हेतु दिनांक 10.06.2025 को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं जमा योग्य धनराशि तालिका के कॉलम 6 व 7 में क्रमशः दी गई है।

**ई-नीलामी दिनांक 10/06/2025 को प्रातः 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक चलेगी।**

| शाखा का नाम (1) | ऋणी / जमानतदार (2) | संपत्तियों का विवरण व स्वामी का नाम (3) | मांग सूचना 13(2) के तहत मांग नोटिस दिनांक व बकाया राशि (4) | आधिपत्य की दिनांक व प्रकार (5) | आरक्षित राशि (6) | ईएमडी (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| शाखा : सुहागी जबलपुर | **ऋणी- 1. मेसर्स एमएसपी पेट्रोलियम प्रोपः श्रीमति मीना सिंह पत्नि स्व. डॉ. एन.पी. सिंह,** पता- हल्का नं. 26, ग्राम- कोमी, गोटेगांव, नरसिंहपुर (म.प्र.)- 484118 **ऋणी- 2. श्रीमति मीना सिंह पत्नि स्व. डॉ. एन.पी. सिंह,** पता- जी- 41, कृषि नगर अधारताल, जबलपुर (म.प्र.)- 482004 **जमानतदार- 3. श्री अमित सिंह पिता श्री सी.बी. सिंह,** एचआईजी- 60, सुभाष नगर, पाठक ढाबा के पास, महाराजपुर, अधारताल, जबलपुर (म.प्र.) 482004 | साम्य बंधक कमर्शियल सम्पत्ति स्थित "वाश स्टेशन" म.प्र. हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, ट्रांसपोर्ट नगर, महाराजपुर (म.प्र.)- 482004, नया वार्ड नं. 75, जबलपुर, प्लाट एरिया- 360 वर्ग मीटर, सम्पत्ति स्वामी- श्री अमित सिंह पिता श्री सी.बी. सिंह। चतुर्सीमाः डीड के अनुसार- पूर्व- रोड, पश्चिम- रोड, उत्तर- रोड, दक्षिण- पार्किंग | 20-12-2024 ₹ 1,18,40,440.06 + ब्याज एवं अन्य खर्च | 04-03-2025 सांकेतिक | ₹ 1,22,47,000/- | ₹ 12,25,000/- |

**सुरक्षित ऋणदाता को ज्ञात ऋणभार का विवरण : ज्ञात नहीं**

**नियम एवं शर्तें**- 1. नीलामी बिक्री/बोली केवल वेबसाइट https:baanknet.com के माध्यम से ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बोली प्रक्रिया के माध्यम से होगी।
2. यदि आवश्यक हुआ तो 10-10 मिनट का असीमित विस्तार किया जाएगा। नीलामी आरक्षित मूल्य से ऊपर शुरू होगी और बोलीदाताओं को उपरोक्त सभी संपत्तियों के लिए 10,000 रूपये गुणक में अपने प्रस्तावों में सुधार करना होगा। बिक्री आरक्षित मूल्य पर या उससे कम पर नहीं होगी।
3. बिक्री प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी।
4. इच्छुक बोलीदाताओं को उपरोक्त वेबसाइट पर अपना पंजीकरण कराना होगा। उन्हें नीलामी बिक्री प्रक्रिया में भाग लेने से पहले उपरोक्त संपत्ति(यों) से संबंधित किसी भी वैधानिक देनदारियों, संपत्ति कर के बकाया, बिजली बकाया आदि के बारे में अपनी जांच करनी होगी। संपत्तियां सभी मौजूदा और भविष्य की देनदारियों के साथ बेची जा रही हैं, चाहे बैंक को ज्ञात हो या अज्ञात। प्राधिकृत अधिकारी किसी भी तीसरे पक्ष के दावे/अधिकारों के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा।
5. उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा।
6. प्राधिकृत अधिकारी उच्चतम बोली या किसी भी बोली या किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने और बिक्री की किसी भी शर्त को बदलने, संशोधित करने और माफ करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, प्राधिकृत अधिकारी का उक्त ई- नीलामी को बिना किसी कारण बताए रद्द करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा।
7. बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया https:baanknet.com, www.bankofindia.co.in देखें, या संपर्क करेंः श्री सुशांत डोंगरे (मोबा. नं. 7580888800), प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया, झोनल ऑफिस, जबलपुर।
8. यह प्रकाशन उपर्युक्त उधारकर्ता(ओं)/जमानतदार(ओं)/बंधककर्ता(ओं) के लिए 15/30 दिनों का नोटिस भी है।
9. सफल बोलीकर्ता की यह जिम्मेदारी होगी की आयकर अधिनियम की धारा 194-IA के तहत लागू 1% की दर से टीडीएस जमा करना होगा, यदि इस तरह के प्रतिफल के लिए जमा या भुगतान की गई राशि का योग रू. 50 लाख या अधिक है। टीडीएस को फार्म 26QB ऑनलाईन भरकर जमा कराना होगा और टीडीएस सर्टिफिकेट फार्म 16 B में जारी करना होगा। खरीददार को सरकारी खाते में आयकर जमा करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

दिनांकः 17/05/2025, स्थानः जबलपुर — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया

PADMA

# देश-प्रदेश

उवाच

## मंत्री देवड़ा व शाह के मामलों में भाजपा मौन

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह के बाद उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा की ओर से भारतीय सेना को लेकर दिए गए विवादास्पद बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शुक्रवार को सवाल किया कि दोनों मंत्रियों के मामले में भारतीय जनता पार्टी मौन है और क्या भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने सेना का अपमान करने का तय कर लिया है। पटवारी ने कहा कि उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और मंत्री विजय शाह, दोनों के मामलों में भाजपा मौन है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से जब इस बारे में पूछा गया तो वे कांग्रेस को कोसने लगे, पर भारत माता का अपमान करने वाले दोनों मंत्रियों को वे बचा रहे हैं।



मुख्यमंत्री ने इंदौर में टेक्सटाइल एक्सपो को संबोधित, कहा-

## मध्यप्रदेश, गुजरात की तर्ज पर कर रहा है उद्योगों का तेजी से विकास



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश देश के मध्य में होने, श्रमिकों, सहयोगी नागरिकों, सड़क और अन्य आवागमन सुविधाओं, प्रशासनिक प्रक्रियाओं की सरलता के कारण औद्योगिक निवेश के लिए सर्वाधिक अनुकूल राज्य है। गुजरात हमारे लिए आदर्श है। मध्यप्रदेश भी गुजरात की तर्ज पर उद्योगों के विकास का कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हाल ही में बेंगलुरू में भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) द्वारा मध्यप्रदेश में रायसेन जिले में मेट्रो और रेल कोच निर्माण इकाई की स्थापना के लिए की गई पहल पर त्वरित कार्रवाई कर कुल 60.063 हेक्टेयर भूमि आवंटन का निर्णय बिना विलंब के लिया गया। यह प्रदेश की उद्योग संवर्धन और निवेश वृद्धि की पारदर्शी नीति का नवीनतम उदाहरण है। मध्यप्रदेश उद्योगों के अनुकूल नीतियों को लागू कर उस स्वस्थ प्रतिस्पर्धा में शामिल है, जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रयासरत हैं। उन्होंने हाल ही में पाकिस्तान को मुँहतोड़ जवाब देकर सशक्त नेतृत्व की बेहतरीन मिसाल पेश की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार की शाम इंदौर में टेक्सटाइल एक्सपो को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की नीतियों से देश का समूचा परिदृश्य बदल गया है। उद्योगों के विकास के साथ धन के अर्जन के साथ मानवीय पक्ष को महत्व देने की भारतीय संस्कृति रही है। कोरोना के कठिन समय में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अनेक देशों में लोगों का जीवन बचाने का कार्य किया। यह भारत के इतिहास का गौरवशाली पृष्ठ है। आपरेशन सिंदूर के क्रियान्वयन में प्रधानमंत्री श्री मोदी का नेतृत्व और भारत की सेनाओं का साहस हम सभी के लिए हर्ष और गर्व का विषय है। एक वस्त्र की बुनाई के लिए जिस तरह एक-एक धागे का अपना महत्व है, उसी तरह संकट के समय में भारत के सभी नागरिक भेदभाव से रहित होकर एकजुटता का परिचय देने में आगे रहे हैं।

मंत्री शाह को हटाने की मांग को लेकर राजभवन पहुंचे कांग्रेस विधायक, राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

## राजभवन पर धरना दे रहे विधायकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

भोपाल, देशबन्धु। आदिम जाति कल्याण मंत्री विजय शाह के सैन्य अधिकारी सोफिया कुरैशी के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी पर कांग्रेस आक्रामक है। पार्टी ने एक बार फिर यह मांग की है कि शाह को मंत्री पद से हटाया जाए। विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मिला और ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में राज्यपाल से मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करने की मांग की गई है।

इसके बाद कांग्रेसी विधायक काले कपड़ों में राजभवन के बाहर धरने पर बैठ गए और मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करने नारेबाजी की। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सरकार कोर्ट से नहीं चलती सरकार को मुख्यमंत्री चलाते हैं। राज भवन के बाहर धरना दे रहे इन विधायकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कई विधायकों के हाथ-पैर पड़कर पुलिस ने बस में उन्हें बैठाया। कुछ देर बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि मामले में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने उनके इस बयान पर स्वत: संज्ञान लिया था।



विपक्ष के प्रदर्शन पर बोले मुख्यमंत्री

### कांग्रेस न्यायालय से बढ़कर नहीं, नाटक बंद करे



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्री विजय शाह को लेकर राजभवन पर कांग्रेस के प्रदर्शन को नाटक बताते हुए कहा है कि मामला न्यायालय के विचाराधीन है, कोर्ट के आदेश पर ही एफआईआर हुई है, इसलिए कांग्रेस नाटक बंद करे वो न्यायालय से बढ़कर नहीं है। श्री यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा है कि कांग्रेस कितने भी नाटक कर ले, कांग्रेस को भी पता है कि मामला न्यायालय में है और न्यायालय से बढ़कर तो कोई नहीं है। उन्होंने उमंग सिंघार पर निशाना साधते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष पर भी मुकदमा था, क्या कांग्रेस उनका इस्तीफा मांगेगी, न्यायालय का जहां भी अपमान करने का मौका होता है वहां कांग्रेस बाज नहीं आती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इलाहाबाद हाई कोर्ट ने जब प्रधानमंत्री रहते हुए इंदिरा गांधी के खिलाफ फैसला दिया तो इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगवा दिया था, सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक को लेकर जो निर्णय दिया उसे कानून को बदलने का काम भी कांग्रेस ने किया।

उप्र मुख्यमंत्री ने श्रम एवं सेवायोजन विभाग के कार्यों की समीक्षा की

## श्रमिक और उद्योगपति एक-दूसरे के पूरक : योगी

- प्रदेश की औद्योगिक प्रगति श्रम कानूनों को प्रो-इण्डस्ट्री और प्रो-श्रमिक दोनों दृष्टियों से संतुलित बनाने से सम्भव
- श्रम कानूनों का सरलीकरण इस प्रकार किया जाए, जिससे उद्योगों को सुविधा मिले साथ ही, यह भी सुनिश्चित हो कि श्रमिकों के शोषण या उनके साथ अमानवीय व्यवहार की कोई सम्भावना न रहे
- श्रमिक अड्डों को मॉडल के रूप में विकसित करते हुए इनमें डोरमेट्री, शौचालय, पेयजल, कैंटीन और ट्रेनिंग आदि सुविधाएं उपलब्ध करायी जाए

**लखनऊ, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में श्रम एवं सेवायोजन विभाग के कार्यों की समीक्षा की तथा सम्बन्धित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमिक और उद्योगपति एक-दूसरे के पूरक हैं, न कि प्रतिस्पर्धी। प्रदेश की औद्योगिक प्रगति तभी सम्भव है, जब श्रम कानूनों को प्रो-इण्डस्ट्री और प्रो-श्रमिक दोनों दृष्टियों से संतुलित बनाया जाए। श्रम कानूनों का सरलीकरण इस प्रकार किया जाए, जिससे उद्योगों को सुविधा मिले साथ ही, यह भी सुनिश्चित हो कि श्रमिकों के शोषण या उनके साथ अमानवीय व्यवहार की कोई सम्भावना न रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'हर हाथ को काम' देने के लिए हमें उद्योगों को सशक्त करना होगा। उद्योगों का विस्तार अधिकाधिक रोजगार सृजन का माध्यम है। उद्योग बन्द कर किसी को रोजगार नहीं दिया जा सकता। दुर्घटना की स्थिति में श्रमिकों और उनके परिवारों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए उन्हें सम्मानजनक मानदेय और बीमा सुरक्षा कवच देना अनिवार्य है। श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करते हुए राज्य सरकार का प्रयास है कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा श्रमिक-हितैषी और उद्योग समर्थ राज्य बनकर उभरे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाल श्रमिकों को आजीविका के साथ-साथ मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और स्पॉन्सर्ड स्कीम्स से जोड़ते हुए उनके पुनर्वासन की दिशा में तीव्र गति से कार्य किया जाए। यह न केवल सामाजिक दायित्व है, बल्कि भावी पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य देने का दायित्व भी है। देश में अटल आवासीय विद्यालय मॉडल के रूप में उभरे हैं। निरन्तर मॉनीटरिंग के माध्यम से इन आवासीय विद्यालयों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि श्रमिक अड्डों को मॉडल के रूप में विकसित करते हुए इनमें डोरमेट्री, शौचालय, पेयजल, कैंटीन और ट्रेनिंग आदि सुविधाएं उपलब्ध करायी जाए। कैंटीन में श्रमिकों के लिए 5-10 रुपये में चाय, नाश्ता और भोजन आदि की सुविधा सुनिश्चित की जाए। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की स्किल मैपिंग कर न्यूनतम मानदेय की गारंटी व्यवस्था लागू की जाए। यह असंगठित कार्यबल को संगठित श्रम शक्ति में बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल होगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विदेश में रोजगार हेतु जाने वाले निर्माण श्रमिकों को न केवल तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाए, बल्कि गन्तव्य देश की भाषा का भी प्रशिक्षण अनिवार्य किया जाए, यह उनकी कार्यक्षमता और सुरक्षा दोनों के लिए आवश्यक है। आयुष्मान भारत योजना की तर्ज पर निजी अस्पतालों को कर्मचारी राज्य बीमा (ई0एस0आई0) आदि योजनाओं से जोड़ा जाए, इससे संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों के श्रमिकों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि आजादी के बाद से 2016 तक प्रदेश में 13,809 कारखाने पंजीकृत थे, जबकि पिछले 09 वर्षों में 13,644 नए कारखानों का पंजीकरण हुआ है। यह 99 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। भारत सरकार के बीआरएपी रिकमेन्डेशन के क्रियान्वयन में श्रम विभाग को अचीवर स्टेट का दर्जा प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री जी ने इन उपलब्धियों की सराहना करते हुए इन्हें अभूतपूर्व बताया।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र./सं. क्र. 11/19-20/.. दि. 16.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति विद्या पाटील पति शिबन गोड़ा आर. पाटील ने वार्ड क्रमांक- 65 वार्ड का नाम सुभाष चन्द्र बैनर्जी वार्ड के भवन क्रमांक 1378/411 चौथी तल अफसरा अपार्टमेंट सिविल लाईन के पिन क्रमांक- 1000397975 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा.... चौथी तल वर्गफुट आरसीसी पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री जयदीप दुबे पिता महेश दत्त दुबे का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11
र.नं.- 465 नगर निगम, जबलपुर

Additional Judge to Civill Judge Class-I Presiding Officer:
सुश्री निधि जैन
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
**(RCS A /0000008/2008)**
रोहिणी प्रसाद विश्वकर्मा...वादी
**Vs**
रामजी विश्वकर्मा बगैरह...प्रतिवादी
**Process Id**-/ 2025
पेशी दिनांक.:-18/06/2025

प्रेषिति-(1) इमरती बाई पिता स्व. तेजी लाल द्वहम्र-साकिन बरेला तहसील एवं जिला जबलपुर (2) कविता पिता स्व. महेश पता-साकिन सागर तहसील एवं जिला सागर (3) लता बाई पिता स्व. महेश पता-साकिन गाडरवारा तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर (4) लक्ष्मी बाई पिता स्व. महेश प्रसाद पता-साकिन तारादेही तहसील तेंदूखेड़ा जिला दमोह (5) रुक्मन बाई पिता स्व. तेजी लाल पता-साकिन गंगा मईया तहसील एवं जिला जबलपुर (6) सुशीला बाई पिता स्व. तेजी लाल पता-साकिन करकबेल तहसील एवं जिला नरसिंहपुर

यह कि प्रार्थी रोहिणी प्रसाद विश्वकर्मा ने आपके विरूद्ध सिविल सूट के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 15 मई 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी - उपस्थिति हेतु समंस के साथ वाद पत्र की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

सुश्री निधि जैन (जूनि.)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
पाटन जिला- जबलपुर (म.प्र.)
र.नं. 468


## राहुल के खिलाफ प्राथमिकी के विरोध में प्रदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** युवा कांग्रेस ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर प्राथमिकी दर्ज करने के विरोध में शुक्रवार को यहां बिहार की नीतीश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और कहा कि बिहार में सरकार नहीं तानाशाही चल रही है। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में यहां संगठन के कार्यालय पांच रायसीना रोड के बाहर एकत्रित होकर प्रदर्शन करते हुए जंतर-मंतर की तरफ जा रहे थे।


**नाम परिवर्तत सूचना**

मैं भरत गोस्वामी उम्र 27 वर्ष पिता मानक पुरी गोस्वामी निवासी 2387, इंदिरा बस्ती, एल.आई.सी. मदन महल वार्ड जबलपुर जिला जबलपुर म.प्र. पिन 482001 का निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि- 1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूं। 2. यह कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेज एवं मूल निवासी प्रमाण पत्र तथा संपत्ति के दस्तावेजों में मेरा नाम भरत गोस्वामी (BHARAT GOSWAMI) दर्ज है, जो कि सही एवं सत्य है, जबकि मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम निहाल गोस्वामी (NIHAL GOSWAMI) दर्ज हो गया है, जो कि मेरा घरेलू नाम है। 3. यह कि भरत गोस्वामी (BHARAT GOSWAMI) एवं निहाल गोस्वामी (NIHAL GOSWAMI) उक्त दोनों नाम मेरे याने एक ही युवक के नाम हैं। 4. यह कि मेरे आधार कार्ड में दर्ज मेरा नाम निहाल गोस्वामी (NIHAL GOSWAMI) के स्थान पर मेरे शैक्षणिक दस्तावेज एवं मूल निवासी प्रमाण पत्र तथा संपत्ति के दस्तावेजों के आधार पर मेरा नाम भरत गोस्वामी (BHARAT GOSWAMI) संशोधित कर दर्ज किया जाये, जिस हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

र.नं.- 466

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर, जबलपुर**

रा.प्र.क्रं/0187/अ-6/2025-26

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया है कि स्नेह खन्ना पति नवल खन्ना निवासी कटंगा जबलपुर (म.प्र.) द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक .... के माध्यम से मौजा गोरखपुर नं.ब. 605 प.ह.नं. 21 खसरा नं. 773/7/12/1 रकवा 1250 वर्गफुट विक्रेता अभिनव कंस्ट्रशन जबलपुर द्वारा महेन्द्र गोरवारा पिता स्व. जे.डी. गोरवारा जबलपुर म.प्र. से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र, वसीयतनामा/ बटवारा नामा/ हस्तान्तरण पत्र/ हकत्याग पत्र/ दानपत्र एवं नक्शा बंटाक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अत: उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 22/05/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 07/05/2025 को जारी।

जारी दिनांक- 07/05/2025
पेशी दिनांक- 22/05/2025

नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक
दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर
र.नं. 467

**COROMANDEL INTERNATIONAL LIMITED**

**Regd. Office :** Coromandel House, 1-2-10, Sardar Patel Road, Secunderabad-500003 (A.P.)

**Regional Marketing Office :** Benchmark Business Park, 8th Floor, Unit No. 811, 812, 814 to 817, Block No. A-3, Near Satya Sai Square, Indore-452010

**NOTICE INVITING TENDERS**
**Storage, Handling and Transport Contracts**

Coromandel International Limited, Indore, MP (Formerly Coromandel Fertilizers Limited) invites sealed Tenders from the Experienced, Financially sound parties of the Storage Rake Handling and Transport Contracts at the following Place in Madhya Pradesh, Chhattisgarh & Gujarat State.

**MADHYA PRADESH : Bargawan, Biaora, Burhanpur, Daloda, Damoh, Datia, Dewas, Gadarwara, Garoth, Guna, Indore, Jukehi (Katni), Khandwa, Lidhora Khurd (Sagar), Mahidpur Road, Mandsaur, Neemuch, Pachore, Rewa, Saank (Morena), Shajapur, Tikamgarh & Vikram Nagar.**

**CHHATTISGARH : Kharsia, Akaltara, Tilda, Parlinala (Rajnandgaon), Jagdalpur & Bhatapara.**

**GUJARAT: Bardoli (Navsari), Bhavnagar, Junagarh & Shidhpur (Mehsana)**

Interested parties may apply for obtaining tender document at our Divisional Office. Indore, MP, Duly furnishing the following information / document.

1. Name of Firm/Authorized Person, Address, Phone / Fax Number, E-mail address.
2. Credentials and Bank Solvency for ₹ 10 Lakh (Copy of Certificate issued by bankers to be enclosed).
3. List of Similar Experience for the last 3 years.
4. Latest Income Tax clearance certificate (Copy to be enclosed).

Application with required particular shall be submitted to the undersigned at the above address within a week with a non refundable fee of ₹ 2000/- (By DD) drawn in favour of Coromandel International Limited payable at Indore.

Tender will be received in the office by 05.06.2025 in sealed envelope to be sent by govt. speed post or regd. post only to **Mr. Satanand Sharma,** Dy. Mgr Warehousing.

**ADD** : Benchmark Business Park, 8th Floor, Unit No. 811, 812, 814 to 817, Block No. A-3, IDA Scheme No. 54, PU-4, Near Satya Sai Square, Indore-452010

Tender will be opened on 12:00 Hrs. Date 07.06.2025 before committee and the tender result will be intimated to you. Coromandel reserves the right to accept / refuse any application without assigning any reason.

For further details please Call: 9826807244, 9111000334, 9826800436, 9425327124, 9752542543 & 9977215847.

**- Regional Business Head (Sales & Marketing)**


## 4 लाख लूटने के बाद शिक्षक को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया



**दमोह देशबन्धु।** हटा थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात एक शिक्षक की 4 लाख रुपये लूटने के बाद पेट्रोल डालकर जिंदा जलाकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान ग्राम सुनवाहा के रहने वाले 47 वर्षीय राजेश कुमार त्रिपाठी के रूप में हुई है, जो प्राथमिक शाला ग्राम रसंदो में शिक्षक थे।

श्री त्रिपाठी एक शादी समारोह से लौटते समय पल्सर मोटरसाइकिल से घर जा रहे थे। रास्ते में हारट और बरोदा के बीच नहर के पास हमलावरों ने उन्हें घेर लिया। रात 9:54 बजे मृतक ने अपने भाई को कॉल कर बताया, 4 लोगों ने घेर लिया है, फिर कॉल कट गया। जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो राजेश गंभीर रूप से झुलसी अवस्था में मिले। परिजनों ने तत्काल उन्हें हटा स्वास्थ्य केंद्र और उसके बाद जिला अस्पताल दमोह ले गए। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉ. मधुर चौधरी ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल से पेट्रोल की खाली बोतल बरामद हुई है। हालांकि मोटरसाइकिल को नुकसान नहीं पहुंचाया गया, जिससे साफ है कि हमलावरों का मकसद सिर्फ नकदी और हत्या करना था। मृतक के पास रखे 4 लाख रुपये लूट लिए गए, जो एक थैले में थे। परिजन मुकेश त्रिपाठी ने बताया कि मृतक को पहले बेरहमी से पीटा गया और उसके बाद पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया गया। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी है। हटा पुलिस और कोतवाली प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि परिजनों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं और हत्या व लूट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस घटना ने शिक्षा जगत और ग्रामीण अंचल में गहरा आक्रोश फैला दिया है। बागेश्वर धाम के शिष्य मंडल सहित लोग जिला अस्पताल पहुंचे है। पुलिस ने शव को फिलहाल को जिला अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। इस घटना के सभी पहलुओं से बारिकी से जांच की जा रही है।


**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर**

रा.प्र.क्र. 0310/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक - 14/05/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जितेन्द्र पटैल अन्य स्व. दयाभाई पटैल निवासी 389 नरसिंह वार्ड रामपुर रोड के द्वारा मौजा रानीपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 174/4, 174/12 में से रकवा 00745, 1.745 हेक्टेयर भूमि पर मेसर्स के.डी. पटैल एण्ड कम्पनी की मृत्यु दिनांक 1.6.2024 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/ फौती/ वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 30/5/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 14/05/25
पेशी दिनांक : 30/05/25

तहसीलदार, अधारताल
जबलपुर
र.नं.- 459

**न्यायालय नायब तहसीलदार पनागर जिला-जबलपुर**

रा.प्र.क्रं/3035/अ-6/204-25

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक बसोरीलाल पटैल पिता मथुरा प्रसाद पटैल निवासी लोहिया पुल इमलई तहसील पनागर ने ग्राम इमलई प.ह.नं. 30 रा.नि.मं. पनागर स्थित भूमि खसरा नंबर 1242/1 रकवा 0.060 हेक्टेयर भूमि का फौती/वसीयत/ विक्रय पत्र/ पारिवारिक व्यवस्था पत्र/ आपसी बटवारा के आधार पर नामांतरण/बटवारा/अभिलेख दुरुस्त/ रकवा सुधार/ नक्शा बटांक हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है।

अत: उक्त भूमि के नामांतरण बटवार/अभिलेख दुरुस्ती/रकवा सुधार/ नक्शा बटांक में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति इश्तहार प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेश कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। इश्तहार आज दिनांक 16/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सुनवाई दिनांक- 4/06/2025

कृति
नायब तहसीलदार
पनागर

**नाम सुधार सूचना**

मैं राजेश कुमार श्रीपाल पिता श्री ओमकार प्रसाद श्रीपाल निवासी- म.नं. 49 बजरंग नगर दुर्गा मंदिर के पास रांझी व्हीकल जबलपुर, म.प्र. शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं कि-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मैं कार्यालय डायरेक्टर जनरल होमगार्ड मुख्यालय जबलपुर म.प्र. में आरक्षक वाहन चालक के पद पर कार्यरत हूं तथा मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम राजेश श्रीपाल (RAJESH SHRIPAL) दर्ज है।
3. यह कि मेरे आधार कार्ड क्रं. 2155 0477 0114 में मेरा नाम राजेश कुमार श्रीपाल (RAJESH KUMAR SHRIPAL) एवं पेन कार्ड क्रं. FZFPS2379M एवं अंकसूची एवं समग्र आईडी एवं अन्य दस्तावेज में मेरा नाम (RAJESH KUMAR SHRIPAL) दर्ज है। 4. यह कि उपरोक्त दोनों नाम राजेश कुमार श्रीपाल (RAJESH KUMAR SHRIPAL) एवं (RAJESH KUMAR SHRIPAL) मेरे स्वयं तथा एक ही व्यक्ति के हैं। 5. यह कि मेरे उपरोक्त सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम राजेश श्रीपाल (RAJESH SHRIPAL) की जगह राजेश कुमार श्रीपाल (RAJESH KUMAR SHRIPAL) दर्ज किया जावे। 6. यह कि मेरे द्वारा दी गई समस्त जानकारी सत्य व सही है। अत: इस वास्ते शपथ पत्र प्रस्तुत है।

दिनांक 19.02.2025
स्थान- जबलपुर
र.नं. 458

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर भेड़ाघाट रोड धनवंतरी नगर जबलपुर पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजीव कॉलोनी मण्डला में मकान भूखण्ड क्रं. **MIG B**-200 श्री राकेश बर्वे पिता श्री उत्तम बर्वे के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक- 02.02.2021 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री राकेश बर्वे पिता श्री उत्तम बर्वे ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 09.05.2025 के माध्यम से श्री चंद्रशेखर धुर्वे पिता श्री सुमरन लाल धुर्वे को विक्रय किया है श्री चंद्रशेखर धुर्वे पिता श्री सुमरन लाल धुर्वे द्वारा उक्त भूखण्ड उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/ भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर


## विवादित बयान पर धीरेंद्र शास्त्री को न्यायालय ने किया तलब



**प्रयागराज, देशबन्धु।** कथावाचक और बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री का महाकुंभ 2025 के दौरान दिया एक बयान विवादों में आ गया था। इस बयान को लेकर शहडोल न्यायालय ने पं. धीरेन्द्र शास्त्री को नोटिस जारी कर तलब किया है। उनसे 20 मई को न्यायालय में पेश होने के लिए कहा गया है।

शहडोल अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष संदीप कुमार तिवारी ने 4 फरवरी को धीरेंद्र शास्त्री के इस बयान के खिलाफ सोहागपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। थाने में कार्रवाई न होने पर मामला उच्च अधिकारियों और न्यायालय तक पहुंचा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नोटिस जारी किया है।

दरअसल, श्री शास्त्री ने कहा था कि महाकुंभ में हर व्यक्ति को आना चाहिए, जो नहीं आएगा वह देशद्रोही कहलाएगा। जिस पर अधिवक्ता संदीप तिवारी ने कड़ा एतराज जताया और सवाल किया कि क्या किसी धार्मिक आयोजन में शामिल न होने वाले को देशद्रोही कहा जा सकता है? श्री तिवारी ने सवाल पूछा कि सोशल मीडिया पर टिप्पणियों के लिए एफआईआर हो सकती है, तो सार्वजनिक मंच से भड़काऊ बयान देने पर क्यों नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सीमा पर तैनात सैनिक, अस्पतालों में सेवा दे रहे डॉक्टर, कानून व्यवस्था बनाए रखने वाले पुलिसकर्मी, न्यायपालिका के सदस्य, पत्रकार या कोई भी नागरिक जो अपने कर्तव्यों के कारण महाकुंभ में उपस्थित नहीं हो पाता, उसे देशद्रोही कहना उचित नहीं है। श्री तिवारी ने कहा कि ऐसा वक्तव्य न केवल संवेदनशीलता की कमी दर्शाता है, बल्कि समाज में वैमनस्य फैलाने वाला भी है।

श्री तिवारी ने कहा कि देशभक्ति का आंकलन किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने या न भाग लेने से नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि असली देशभक्ति तो अपने दायित्वों, कर्तव्यों और संविधान के प्रति निष्ठा से जुड़ी होती है। इसलिए किसी भी नागरिक को महाकुंभ जैसे आयोजन में अनुपस्थित रहने के कारण देशद्रोही कहना अनुचित और गैर जिम्मेदाराना है।


**CHANGE OF NAME**

I, KAVYA A (existing Name of spouse as per Service Record) is legally wedded spouse of No. 15742501A RANK SIGMN NAME AJITH KUMAR S presently residing at VILL-POTTIPURAM, PO-POTTIPURAM, TEH-UTHAMAPALAYAM, DISTT-THENI (TAMIL NADU)-625528. I have changed my Name from KAVIYA A to KAVIYA K Vide Affidavit No. BV 732088 Dated 16/05/2025 before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME
KAVIYA A
CORRECT NAME
KAVIYA K

कृति


## भगोड़े हीरा व्यापारी नीरव मोदी की जमानत याचिका फिर खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूनाइटेड किंगडम की एक अदालत ने 6,000 करोड़ रुपये के पंजाब नेशनल बैंक घोटाले मामले में वांछित भगोड़े हीरा व्यापारी नीरव मोदी की जमानत याचिका को फिर से खारिज कर दिया है। सीबीआई ने कहा कि नीरव दीपक मोदी द्वारा दायर की गई नई जमानत याचिका को आज लंदन के किंग्स बेंच डिवीजन के उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया। जमानत की दलीलों का क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस के अधिवक्ता ने कड़ा विरोध किया, जिन्हें जांच और कानून अधिकारियों से युक्त एक मजबूत सीबीआई टीम ने सहायता प्रदान की, जो इस उद्देश्य के लिए लंदन गए थे। सीबीआई ने दलीलों का सफलतापूर्वक बचाव किया, जिसके परिणामस्वरूप जमानत खारिज कर दी गई। नीरव दीपक मोदी 19 मार्च 2019 से यूके की जेल में है।

# अभिमत

**आदिवासी किसानों को भी खेती के तौर-तरीके सिखाएं जा रहे हैं। विशेषकर, महिला किसानों को इससे जोड़ा जा रहा है, जो महिला सशक्तिकरण का उदाहरण है। लुप्त हो रहे देसी बीजों का संरक्षण व संवर्धन भी हो रहा है। मडिया व मशरूम की खेती की जा रही है। इससे लोगों की सेहत में सुधार हो रहा है और कुछ आमदनी भी बढ़ रही है। जलवायु बदलाव के इस दौर में पेड़ों के साथ पौष्टिक अनाज व बिना मशीनीकरण के खेती का महत्व और भी बढ़ जाता है।**

## किसान कार्यकर्ता, जिसने उम्मीद के बीज बोए

नवाचार

■ बाबा मायाराम

मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के एक किसान ने बरसों से परती पड़ी जमीन को न केवल उपजाऊ बना लिया है बल्कि उसमें पेड़ लगाकर उसे हरा-भरा भी कर लिया है। तालाब बनाकर बारिश की बूंद-बूंद को सहेजा है। लेकिन यह किसान सिर्फ खुद ही पौष्टिक अनाज की खेती नहीं करते, बल्कि एक संस्था से जुड़कर आदिवासियों को भी जैविक खेती के तौर-तरीके सिखा रहे हैं। यह कहानी इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यह पूरी तरह जैविक है, श्रम आधारित है, और कम लागत वाली है, जो इस समय की जरूरत है। आज इस कॉलम में एक किसान कार्यकर्ता की लगन, जिद और मेहनत की कहानी बताना चाहूंगा, जिससे बिना रासायनिक खेती की बारीकियां समझी जा सकें।

अनूपपुर से मात्र 10 किलोमीटर दूर है जमूड़ी गांव, और यहीं है महेश शर्मा के परिवार की जमीन। कुछ समय पहले इस खेती को देखने के लिए मैं जमूड़ी गया। लम्बे अरसे से जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था के साथ मिलकर महेश शर्मा काम कर रहे हैं। पहले वे छत्तीसगढ़ में खेती का काम कर रहे थे, जहां बिलासपुर जिले में जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था का कार्यक्षेत्र है। जब संस्था के कार्यक्षेत्र का विस्तार मध्यप्रदेश में भी हुआ, तब यहां भी खेती कार्यक्रम शुरू हो गया। वैसे तो यह संस्था स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करती है, पर संस्था का मानना है कि सिर्फ बीमारी का इलाज ही नहीं, उसकी रोकथाम भी जरूरी है। इसके लिए जैविक तरीके से पौष्टिक अनाजों व सब्जी बाड़ी की खेती पर जोर दिया जा रहा है, जिससे लोगों को पोषणयुक्त भोजन मिले और उनका स्वास्थ्य बेहतर हो। इसी के मद्देनजर अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ प्रखंड में आदिवासियों के बीच पौष्टिक अनाजों की खेती की जा रही है।

जैविक खेती करने वाले महेश शर्मा ने बताया कि उनके परिवार की जमूड़ी गांव में 5 एकड़ जमीन है। इस जमीन पर उन्होंने 5 साल पहले खेती शुरू करना शुरु किया। इसके पहले यह जमीन बंजर पड़ी थी। लेकिन बहुत ही कम समय में उन्होंने इस जमीन को उपजाऊ बना लिया है। और वह भी पूरी तरह जैविक तौर-तरीके अपनाकर। सबसे पहले मल्चिंग की, यानी हरी खाद से भूमि का ढकाव, जिससे जमीन उपजाऊ हुई, हवादार, पोली और भुरभुरी हुई। और फिर इसमें कई तरह के फलदार पेड़ भी रोपे।

वे आगे बतलाते हैं कि खेत में हरी सब्जियां व मसाले भी उगाते हैं। मड़िया, अरहर, तिल्ली, मूंगफली, अमाड़ी और धान इत्यादि भी लगाते हैं। उनके खेत में सब्जियों में लौकी, करेला, सेमी, बरबटी, भिंडी, बैंगन इत्यादि की खेती अच्छी होती है। उन्होंने अब घर के लिए सब्जियां व मसाले खरीदना बंद कर दिया है। राजगिरा, मिर्च, मैथी, धनिया, प्याज, आलू, टमाटर इत्यादि की फसलें होती हैं। और इन सबसे उनकी घर के खाने की जरूरतें पूरी हो जाती हैं। अतिरिक्त होने पर बेचते भी हैं। हल्दी और मडिया की बिक्री किसान मेलों में हो जाती है। जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था मडिया के बिस्कुट भी बनाती है।

उन्होंने बताया कि खेतों की मेड़ों में बड़ी संख्या में फलदार पेड़ भी लगाए हैं। अगर पेड़ होते हैं तो पक्षी आते हैं, और ये पक्षी कीटनाशक का काम करते हैं। यहां अमरूद के 45 पेड़, नींबू के 4, आम के 11, सीताफल के 8, केले के 40, अनार के 5, महुआ के 15, पपीता के 12, और करौंदे के 20 पेड़ लगाए हैं। सेमरा के 100 से ज्यादा पेड़ लगाकर खेत की बागुड़ कर दी है।

वे आगे बताते हैं कि महुआ फूल की बिक्री से ही उन्हें इस वर्ष 20 हजार रूपए मिले, जिससे उन्होंने देसी गोबर खाद खरीदा, और पूरी जुताई व बुआई करवाई। इस सबमें लगभग 15 हजार की राशि खर्च हुई। धान की खेती बिना रासायनिक खाद व बिना कीटनाशक के की है। यानी महुआ फूल बेचकर जो राशि मिली, उसी में पूरी खेती की लागत निकल गई।

उनके पास दो कुआं हैं, दोनों ही सूख चुके थे, लेकिन जब तालाब बनाया तो दोनों ही कुएं फिर से पानीदार हो गए। अनूपपुर जिले की सीमा से छत्तीसगढ़ राज्य लगा हुआ है, जहां की तालाब संस्कृति प्रसिद्ध है। वहां एक गांव में कई तालाब होते हैं। महेश शर्मा इस संस्कृति से भलीभांति परिचित हैं, और इसलिए उन्होंने खेत का पानी खेत में रोकने का जतन किया। तालाब बनाकर बारिश की बूंद-बूंद को सहेजा है।

वे बतलाते हैं कि जो पेड़ लगाए थे, वे अब फल देने लगे हैं। करौंदा में पहली बार फल आ गए हैं। अमरूद और पपीता फलने लगे हैं। खेत में बाजरा के भुट्टे लहरा रहे हैं। कुदरती तौर पर होनेवाली गूजा की हरी पत्तीदार साग हुई है।

महेश शर्मा न केवल खुद खेती करते हैं बल्कि जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था के साथ मिलकर किसानों को जैविक खेती के तौर-तरीके सिखाते हैं, और उन्हें खेती करने के लिए देसी बीज भी उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के झींगटपुर गांव में गांववालों की मदद से बीज व अनाज बैंक भी बनाया है, जहां कई तरह के देसी अनाजों के बीजों का संग्रह है। विशेषकर, देसी धान की कई किस्में उनके बीज बैंक में हैं। इसके अलावा, जैविक खेती के तौर-तरीकों का प्रशिक्षण भी देते हैं।

जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था के डॉ. पंकज तिवारी बतलाते हैं कि पुष्पराजगढ़ प्रखंड काफी पिछड़ा है और आदिवासी बहुल है। इस क्षेत्र के लोग ज्यादातर मजदूरी और खेती करके जीवनयापन करते हैं। यहां बच्चों में कुपोषण देखा जाता है। इसे दूर करने के लिए संस्था की ओर से 3 साल तक के छोटे बच्चों के लिए झूलाघर की तरह फुलवारी संचालित की जाती हैं। इन फुलवारियों में हरी सब्जियां उगाई जाती हैं, जो बच्चों को दिए जाने वाले भोजन में शामिल की जाती हैं। इसके अलावा, किसानों को पौष्टिक अनाज की खेती करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस साल 85 किसानों ने जैविक खेती की है। इसके अलावा, इन्हीं किसानों के साथ मशरूम की खेती भी की जा रही है।

वे आगे बताते हैं कि सब्जी बाड़ी में लौकी, भिंडी, कद्दू, करेला, भटा और मिर्ची उगाई जाती है। अक्टूबर से फरवरी तक सब्जी बाड़ी से हरी सब्जियां मिलती हैं। सब्जी बाड़ी में अलग से पानी देने की जरूरत भी नहीं है। फुलवारी में बच्चों को जो हाथ धुलाने के लिए जो पानी इस्तेमाल होता है, उसी से सब्जी बाड़ी को पानी मिल जाता है।

महेश शर्मा ने बताया कि महिला किसानों ने भी मडिया की खेती की है। उपरीकला की फुलवारी कार्यकर्ता लीलाबाई, प्यारी गांव की फुलवारी कार्यकर्ता कौशल्याबाई जैसी कई किसानों ने मडिया की खेती की है।

कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है महेश शर्मा व जन स्वास्थ्य सहयोग की पहल से देसी बीजों के साथ पौष्टिक अनाजों की खेती की जा रही है। इस खेती में खर्च न के बराबर है। न रासायनिक खाद की जरूरत और न ही कीटनाशक की। यह खेती पूरी तरह जैविक है। वृक्ष खेती यानी पेडों से जैव खाद मिलती है, पक्षी कीटनाशक का काम करते हैं। खेत का पानी खेत में रोककर तालाब में बारिश की बूंद-बूंद को सहेजा जा रहा है। इसमें भूजल उलीचने के लिए किसी भी प्रकार की बिजली, डीजल की जरूरत नहीं है।

इसके अलावा, आदिवासी किसानों को भी खेती के तौर-तरीके सिखाएं जा रहे हैं। विशेषकर, महिला किसानों को इससे जोड़ा जा रहा है, जो महिला सशक्तिकरण का उदाहरण है। लुप्त हो रहे देसी बीजों का संरक्षण व संवर्धन भी हो रहा है। मडिया व मशरूम की खेती की जा रही है। इससे लोगों की सेहत में सुधार हो रहा है और कुछ आमदनी भी बढ़ रही है। जलवायु बदलाव के इस दौर में पेड़ों के साथ पौष्टिक अनाज व बिना मशीनीकरण के खेती का महत्व और भी बढ़ जाता है, जिससे जैव विविधता व पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। कुल मिलाकर, यह पूरी पहल सराहनीय होने के साथ अनुकरणीय भी है।

**महेश शर्मा न केवल खुद खेती करते हैं बल्कि जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था के साथ मिलकर किसानों को जैविक खेती के तौर-तरीके सिखाते हैं, और उन्हें खेती करने के लिए देसी बीज भी उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के झींगटपुर गांव में गांववालों की मदद से बीज व अनाज बैंक भी बनाया है।**

## बीता सप्ताह

**10 मई**

- अमेरिका ने कार्डिनल रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट नए पोप चुने गए।
- केन्द्रीय सूचना प्रसारण मंत्रालय ने रक्षा अभियानों की लाइव कवरेज पर रोक लगा दिया।
- आईपीएल 2025 भारत-पाक में सरहद पर तनाव के चलते एक हफ्ते के लिए स्थगित हो गया।
- कैट लवर्स के लिए स्वर्ग है जापान का आओशिया आइलैंड।

**11 मई**

- भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम पर सहमत हुआ।
- माल्आ बना यूरोप का सबसे बड़ा जहाज रजिस्ट्री स्थल।
- चीन व अमेरिका के बीच जिनेवा में हुई व्यापार वार्ता।
- किमजॉग ने कहा कि रूस की ओर से उत्तर कोरियाई सैनिकों की तैनाती सही है।

**12 मई**

- उत्तर प्रदेश के लखनऊ में होग ब्रम्होस मिसाइल का उत्पादन।
- बांग्लादेश में शेख हसीना का पार्टी अवामी लीग पर प्रतिबंध लगा दिया गया।
- पुणे के पर्वतारोही जितेडे गवारे ने पाउंट मकालू पर्वत शिखर 8485 मीटर ऊंचे पर फतह किया।
- सूडान पर जेल में ड्रोन हमले से 19 कैदियों की जान चली गई।।

**13 मई**

- भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने लिया टेस्ट क्रिकेट से सन्यास।
- पीएम मोदी सीज फायर के बाद देश को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों की भावना का प्रतिबिंब है ऑपरेशन सिंदुर।
- सीजफायर के बाद भारतीय सेना ने प्रेस कान्फ्रेस लेकर कहा कि जरूरत पड़ने पर हर मिशन के लिए हम तैयार।
- भारत-पाक युद्ध के चलते बंद भारत के 32 एयरपोर्ट का संचालन पुनः शुरू हुआ।

**14 मई**

- भारत के विदेश मंत्रालय प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि कश्मीर पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं।
- छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक याचिका की सुनवाई में कहा कि तलाक के बाद भी एक ही घर में रह सकते हैं पति-पत्नी।
- गाजा में नाकाबंदी के कारण भूख से 57 बच्चों की मौत हो गई।
- केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ में 51 हजार पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को सौंपी चाबी।

**15 मई**

- जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई (बी आर गवई) भारत के 52वें सीजेआई बने। राष्ट्रपति ने दिलाई शपथ।
- हॉलीवुड के प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक राबर्टबेंटन का निधन हो गया।
- पेरू के प्रधानमंत्री गुस्तावो एड्मिनजेन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।
- उरूग्वे के पूर्व राष्ट्रपति जोस मुजिका का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

**16 मई**

- रक्षा मंत्रालय के पूर्व सचिव डॉ. अजय कुमार ने यूपीएससी का अध्यक्ष पद संभाला।
- भारत के अंतरिक्ष यात्री ग्रुप के कैप्टन सुभांशु शुकला 8 जून को स्पेस स्टेशन के लिए रवाना होंगे।
- 1995 बैच के आईएफएस के अधिकारी अनुराग भूषण स्वीडन में भारत के नए राजदूत होंगे।
- डीआरडीओ ने विकसित की नई तकनीक समुद्र के खारे पानी को कर सकती है मीठा।

## बांग्लादेश में अवामी लीग पर प्रतिबंध के व्यापक परिणाम होंगे

■ सात्यकी चक्रवर्ती

पिछले सप्ताह डॉ. मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार द्वारा अवामी लीग की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने से देश में सक्रिय राजनीतिक दलों पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि अगले साल की शुरुआत में राष्ट्रीय चुनाव होने वाले हैं। इसी तरह, यह निर्णय भारत के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अब उसके पड़ोसी देश में कोई भी मित्र राजनीतिक दल सक्रिय नहीं है। यूनुस सरकार की इस कार्रवाई के व्यापक प्रभाव पर भारतीय मीडिया का अभी ध्यान नहीं गया है, क्योंकि पिछले सप्ताह भारत-पाकिस्तान संघर्ष में इसकी पूरी तरह से संलिप्तता रही है, लेकिन दक्षिण एशियाई मामलों के भारतीय विशेषज्ञ इस बात पर गौर कर रहे हैं कि इस क्षेत्र में सबसे शक्तिशाली राष्ट्र होने के बावजूद नरेंद्र मोदी सरकार अब दक्षिण एशियाई देशों में पूरी तरह से अलग-थलग पड़ गयी है।

**इस दृष्टिकोण के अनुसार, न्याय की मांग है कि दोषियों को दंडित करें- उन सभी को नहीं जो सीधे तौर पर उनसे जुड़े नहीं हैं। सामूहिक दंड, भले ही धार्मिक कारणों से प्रेरित हो, संक्रमणकालीन न्याय की वैधता को कमजोर करता है। इतिहास से पता चलता है कि पार्टियों को भंग करने से राष्ट्रों में कभी सुधार नहीं होता। यह अक्सर दरारों को और गहरा करता है।**

अवामी लीग(एएल)शेख मुजीबुर रहमान द्वारा स्थापित राजनीतिक पार्टी है और इस पार्टी ने 1971 में बांग्लादेश के गठन के लिए मुक्ति संग्राम का नेतृत्व किया था। एएल ने 2024 तक बांग्लादेश पर अधिकांश वर्षों तक शासन किया, सिवा सेना शासन के वर्षों और खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बीएनपीके दो कार्यकालों को छोड़कर। वर्तमान में मुख्य विपक्षी दल बीएनपी है जिसकी अध्यक्ष हैं खालिद जिया। शेख हसीना ने 2009 से लगातार पंद्रह वर्षों तक शासन किया, लेकिन 5 अगस्त, 2024 को उन्हें अवामी लीग सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में अपना पद छोड़ना पड़ा और वे भारत चली आयीं। वे अभी भी भारत में रह रही हैं और कभी-कभी वीडियो के माध्यम से बांग्लादेश में अपने एएल समर्थकों को संबोधित करती हैं।

पिछले सप्ताह ढाका में छात्रों की नयी पार्टी नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) ने 72 घंटे की विशाल रैली निकाली, जिसमें सरकार से अवामी लीग की सभी गतिविधियों पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की गयी। एनसीपी एकमात्र पार्टी है, जिसने अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने को अपना मुख्य कार्यक्रम बनाया है। पहले चर्चा थी कि अवामी लीग को सीमित रूप में काम करने दिया जायेगा,जिसमें उन नेताओं और कार्यकर्ताओं को शामिल नहीं किया जायेगा, जिन पर हत्या और यातना देने के आरोप हैं। बीएनपी पहले कुछ दिशा-निर्देशों के तहत एएल को चुनाव में भाग लेने देने के पक्ष में थी, लेकिन अब सरकार के आधिकारिक प्रतिबंध के बाद बीएनपी ने भी प्रतिबंध को राष्ट्रीय मांग बताते हुए उसे अपने समर्थन की घोषणा की है।

परिणामस्वरूप, आने वाले चुनावों में मुकाबला दो मुख्य पार्टियों - बीएनपी, जिसका नेतृत्व पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया कर रही हैं और एनसीपी जिसका नेतृत्व छात्रों द्वारा किया जा रहा है, जिन्होंने पिछले साल अगस्त में आरक्षण विरोधी आंदोलन के जरिये शेख हसीना सरकार को गिराने में अहम भूमिका निभायी थी- के बीच होगा। अन्य पार्टियां, जो बहुत छोटी हैं,वे किसी न किसी समूह के साथ गठबंधन करने की कोशिश करेंगी। हाल के महीनों में जमात-ए-इस्लामी ने विदेशों में इस्लामी देशों से बड़ी वित्तीय सहायता के कारण ताकत हासिल की है, लेकिन नागरिकों के बीच इस पार्टी की स्वीकार्यता बहुत कम है। मुख्य चुनावी लड़ाई बीएनपी और एनसीपी तक ही सीमित रहेगी।

अवामी लीग का भविष्य क्या है? अवामी लीग के पास देश में अभी भी समर्पित कार्यकर्ताओं का एक समूह है, हालांकि उनमें से कई खुले तौर पर काम नहीं कर सकते। अवामी लीग निश्चित रूप से प्रतिबंध को अदालत में चुनौती देगी। लेकिन सरकार ने आदेश में कुछ विशेष प्रावधान जोड़े हैं, जिससे अगर अवामी लीग कानूनी लड़ाई लड़ना चाहती है तो उसके लिए मुश्किल हो जायेगी। अवामी लीग की नेता शेख हसीना हाल के हफ्तों में सक्रिय नहीं रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले से ही पाकिस्तान के साथ संघर्ष से निपटने में अपनी समस्याओं में उलझे हुए हैं। इसलिए भारतीय विदेश मंत्रालय शेख हसीना को अभी भारतीय धरती से कोई सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित नहीं करना चाहेगा।

बांग्लादेश के राजनीतिक पर्यवेक्षकों के बीच सरकार द्वारा अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने और क्या इससे अवामी लीग एक राजनीतिक पार्टी के रूप में खत्म हो जाएगी, इस बारे में अलग-अलग राय हैं।

बांग्लादेश के प्रमुख दैनिक डेली स्टार के अनुसार, अवामी लीग केवल एक राजनीतिक पार्टी नहीं है - यह एक बहु-पीढ़ी संस्था है। देश भर में लाखों लोगों ने अतीत में इसका समर्थन किया है, उनमें से कई ऐसे परिवारों में जन्मे हैं जो दशकों से पार्टी का हिस्सा रहे हैं। नयी वास्तविकता में इन लोगों का क्या होगा? वे कैसे प्रतिक्रिया देंगे, यह महत्वपूर्ण प्रश्न है।

इसके अलावा, प्रतिबंध एएल को ठीक वही देता है जिसकी उसे अपनी छवि को फिर से बनाने के लिए ज़रूरत है - उत्पीड़क से उत्पीड़ित तक। डेली में व्यक्त राय के अंश में कहा गया है कि वही पार्टी जिसने असहमति को दबाने के लिए राज्य की शक्ति का इस्तेमाल किया, अब पीड़ित होने का दावा करती है। यह भी बताया गया है कि बांग्लादेश नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतरराष्ट्रीय वचन (आईसीसीपीआर) का हस्ताक्षरकर्ता है, जो स्पष्ट रूप से कहता है कि राजनीतिक अधिकारों पर प्रतिबंधों को वैधता, आवश्यकता और आनुपातिकता के परीक्षणों को पूरा करना चाहिए।

एक व्यापक पार्टी प्रतिबंध - राजनीतिक प्रतिबंध का सबसे चरम रूप - केवल तभी उचित ठहराया जा सकता है जब अन्य सभी छोटे प्रतिबंधात्मक साधन स्पष्ट रूप से विफल हो गये हों। राज्य के पास अभी भी शक्तिशाली उपकरण हैं: वह विश्वसनीय रूप से अपराध के आरोपी एएल नेताओं पर मुकदमा चला सकता है, गवाहों और कार्यकर्ताओं को सुरक्षा प्रदान कर सकता है, हिंसक गुटों को भंग कर सकता है और यहां तक कि लक्षित दंड भी लगा सकता है। ये तंत्र न्याय को मजबूत करते हैं।

इस दृष्टिकोण के अनुसार, न्याय की मांग है कि दोषियों को दंडित करें- उन सभी को नहीं जो सीधे तौर पर उनसे जुड़े नहीं हैं। सामूहिक दंड, भले ही धार्मिक कारणों से प्रेरित हो, संक्रमणकालीन न्याय की वैधता को कमजोर करता है। इतिहास से पता चलता है कि पार्टियों को भंग करने से राष्ट्रों में कभी सुधार नहीं होता। यह अक्सर दरारों को और गहरा करता है, शिकायतों को बढ़ाता है, और उन लोगों को शहीद बनाता है जो कभी आरोपी थे।

लेकिन ये तर्क शिक्षित हलकों तक ही सीमित हैं। फिलहाल, एनसीपी और जमात द्वारा अवामी लीग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए एक राजनीतिक माहौल बनाया गया है। इस बात की बहुत कम संभावना है कि चुनाव से पहले इस स्थिति में कोई बदलाव आयेगा। इसे केवल अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप से ही संभव बनाया जा सकता है। केवल अमेरिका ही आने वाले चुनावों में अवामी लीग के लिए कुछ जगह बनाने में प्रभावी भूमिका निभा सकता है। लेकिन अभी तक इस बात का कोई संकेत नहीं हैं कि अमेरिका ऐसा करेगा।

## अमेरिकी दबाव के संदर्भ में पुतिन की महत्वपूर्ण भारत यात्रा

मास्को में 9 मई को हजारों रूसी सैनिकों ने रेड स्क्वायर पर मार्च किया जो द्वितीय विश्व युद्ध में नाज़ी जर्मनी पर सोवियत संघ की जीत की 80 वीं वर्षगांठ पर आयोजित की गई थी। इस मौके पर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अन्य विश्व नेता उपस्थित थे। द्वितीय विश्व युद्ध में मारे गए 2.5 करोड़ से 2.7 करोड़ सोवियत सैनिकों और नागरिकों को यह दिन समर्पित किया गया। भारत की ओर से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रतिनिधित्व किया क्योंकि 22 अप्रैल को पहलगाम हमले और परवर्ती घटनाओं के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल नहीं हो सके।

पहलगाम हमले के बाद पुतिन और मोदी ने फोन पर बातचीत के दौरान भारत-रूस संबंधों को मजबूत करने और आतंकवाद विरोधी सहयोग पर चर्चा की। पुतिन ने इस बार भारत में दोनों देशों के बीच वार्षिक शिखर सम्मेलन का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है।



डॉ. अजय पटनायक

**रणनीतिक साझेदारी प्रारूप में इस वर्ष पुतिन की यात्रा न केवल व्यापार और अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण से बल्कि संघर्ष विराम समझौते के बाद भारत और अन्य ब्रिक्स सदस्यों की संभावित भागीदारी के लिए भी जरूरी है। यूरोपीय शांति रक्षकों के बारे में रूस के विरोध को देखते हुए अन्य देशों के लोग मास्को को स्वीकार्य हो सकते हैं। यहां तक कि राष्ट्रसंघ शांति स्थापना के लिए भारत जैसी तटस्थ शक्तियों की आवश्यकता होगी**

अक्टूबर, 2000 में भारत-रूस सामरिक भागीदारी संबंधी घोषणा पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद से भारतीय प्रधानमंत्री व रूसी परिसंघ के राष्ट्रपति के बीच शिखर बैठकें होती रही हैं जिनमें दोनों देश सर्वोच्च स्तर पर अपने संबंधों का जायजा लेते हैं और उन्हें दिशा एवं प्रोत्साहन प्रदान करते हैं। ये दौरे प्रत्येक देश के नेताओं के बीच वैकल्पिक होते हैं। चूंकि मोदी ने पिछले साल जुलाई में रूस का दौरा किया था इसलिए रूसी राष्ट्रपति की अगली यात्रा इस साल कभी भी होने की उम्मीद है।

फरवरी 2022 में यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद पश्चिमी प्रतिबंधों और राजनयिक अलगाव ने रूस को पश्चिम के बाहर सहभागियों की तलाश करने के लिए मजबूर किया। पुतिन ने ब्रिक्स, एससीओ और जी-20 जैसे मंचों पर नेताओं से मिलने के हर अवसर का उपयोग किया है लेकिन अधिक उपयोगी और सहायक स्टैंड-अलोन द्विपक्षीय बैठकें हैं। रूस ने बहुपक्षीय और द्विपक्षीय दोनों प्रारूपों की कोशिश की है। 2022 में ही सभी पांच मध्य एशियाई नेताओं ने मास्को में 9 मई को आयोजित विजय दिवस परेड में भाग लिया था। इस साल रूस ने जीत की 80वीं वर्षगांठ के लिए भारत और चीन सहित कई अन्य 'मित्र' देशों के नेताओं को आमंत्रित किया।

यूक्रेन में युद्ध के बाद से इस विजय दिवस परेड का रूस के लिए विशेष अर्थ है। यूक्रेन में रूस के विशेष सैन्य अभियानों के मुख्य लक्ष्यों में से एक 'गैर नाज़ीकरण' रहा है। मित्र देशों के नेताओं को निमंत्रण का उद्देश्य केवल रूस की साझेदारी की विश्वसनीयता का प्रदर्शन करना नहीं बल्कि यह संदेश देना भी है कि राष्ट्रवाद की आड़ में फासीवादी अभी भी बहु-जातीय और बहु-सांस्कृतिक देशों को तोड़ने के लिए उपयोग करते हैं। इस तरह उनके खिलाफ लड़ाई अभी भी प्रासंगिक और आवश्यक है।

भारत-रूस संबंध वार्षिक रणनीतिक साझेदारी बैठक का प्रारूप अधिक फलदायी रहा है और दोनों देशों के संबंध इस आधार पर लगातार मजबूत हुए हैं। 2000 के बाद यूक्रेन युद्ध की शुरुआत तक दोनों देशों के सर्वोच्च नेतृत्व बैठक कर रहे हैं। दो साल के अंतराल के बाद मोदी ने 2024 में रूस का दौरा किया और इस साल पुतिन की यात्रा होने वाली है। जब पुतिन ने वर्ष 2021 में भारत का दौरा किया था तब अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर (आईएएसटीसी) एवं व्लादिवोस्तोक-चेन्नई कॉरिडोर जैसे परिवहन गलियारों पर ध्यान केंद्रित किया गया था। अगले साल यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि में समरकंद (एससीओ बैठक) में बैठक हुई। रूस के हित मुख्य रूप से इस बात पर केंद्रित थे कि मित्र देशों को यूक्रेन पर अपनी स्थिति कैसे समझाई जाए। समरकंद में मोदी ने प्रसिद्ध बयान दिया कि 'अब युद्धों का युग नहीं है'। 2024 में कज़ान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान पुतिन - मोदी बैठक हुई जिसके बाद जुलाई 2024 में 22वें वार्षिक रणनीतिक साझेदारी शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। ये बैठकें रूस के खिलाफ प्रतिबंधों की परवाह किए बिना व्यापार और आर्थिक संबंधों को बनाए रखने में मदद करती हैं। तेल आयात रोकने के पश्चिमी देशों के आह्वान के बावजूद भारत ने रूसी तेल खरीद जारी रखी। भारत ने यूक्रेन मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र में रूस के खिलाफ कभी मतदान नहीं किया है जिसे मास्को द्वारा बहुत सराहा गया।

2025 में दोनों नेताओं की अगली बैठक वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक वातावरण में कुछ प्रमुख बदलावों की पृष्ठभूमि में होगी। राजनीतिक दृष्टि से रूस पर अमेरिका द्वारा यूक्रेन के साथ संघर्ष विराम समझौते तक पहुंचने के लिए दबाव डाला जा रहा है। रूस ने युद्ध समाप्त करने की इच्छा तो दिखाई है लेकिन वह तीन वर्षों में किए गए लाभ की कीमत और यूक्रेन के लिए नाटो सदस्यता के विरोध जैसे अपने अन्य मुख्य सुरक्षा हितों की कीमत पर ऐसा करने के लिए तैयार नहीं है। रूस द्वारा 19-20 अप्रैल को 30 घंटे के घोषित ईस्टर युद्धविराम के बावजूद दोनों देशों के बीच वास्तविक युद्धविराम अभी भी दूर है। रूस द्वारा संघर्ष विराम समझौते में विलम्ब को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति समय-समय पर अधिक टैरिफ लगाने की धमकी देते हैं।

आज अमेरिका के सभी व्यापारिक भागीदारों पर अमेरिकी टैरिफ का खतरा मंडरा रहा है। इसमें भारत भी शामिल है जो नए अमेरिकी प्रशासन के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत करने के लिए तैयार और काम करने के बावजूद निश्चित नहीं है कि अमेरिकी नेता की अप्रत्याशित प्रकृति को देखते हुए भविष्य क्या होगा। सभी देशों को पता है कि रियायतें देने से आगे रियायतों की मांग होगी जो उनकी अर्थव्यवस्थाओं के लिए हानिकारक हो सकती है। खुद को और अधिक अमेरिकी झटकों से बचाने के लिए भारत व रूस को आपस में तथा अन्य देशों के साथ व्यापार एवं आर्थिक संबंधों का विस्तार करने की जरूरत है। उदाहरण के लिए चीन हाल ही में द्विपक्षीय व्यापार का विस्तार करने के लिए वियतनाम, कंबोडिया तथा मलेशिया के साथ बातचीत कर रहा है। भारत व रूस को अपने व्यापार और निवेश संबंधों को मज़बूत करना होगा जिसमें भारतीय कंपनियां रूस के तेल व गैस, फार्मास्यूटिकल्स एवं आईटी क्षेत्रों में निवेश कर रही हैं जबकि रूसी कंपनियां भारत के ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और विनिर्माण क्षेत्रों में निवेश कर रही हैं। ये सब अमेरिका का विरोध किए बिना किया जाना चाहिए और इसके लिए चतुराई भरी बातचीत और रणनीति की आवश्यकता है। ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद से वैश्विक भू-राजनीतिक, भू-आर्थिक और रणनीतिक संदर्भ बदल गए हैं। रूस अब एक बहिष्कृत देश नहीं है जिसे अमेरिका यूक्रेन पर एक सौदा करने के लिए उलझा रहा है। अमेरिका-ईरान परमाणु समझौते के सिलसिले में चर्चा के लिए मास्को मददगार हो सकता है। रूस के साथ अमेरिका ऊर्जा समझौते भी चाहता है। इस पृष्ठभूमि में पुतिन की नई दिल्ली यात्रा पर वैश्विक ध्यान आकर्षित होगा। चूंकि भारत अमेरिका का भी करीबी है इसलिए अमेरिका नई दिल्ली को संकेत दे सकता है कि वह रूस के साथ बातचीत से क्या चाहते हैं।

रणनीतिक साझेदारी प्रारूप में इस वर्ष पुतिन की यात्रा न केवल व्यापार और अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण से बल्कि संघर्ष विराम समझौते के बाद भारत और अन्य ब्रिक्स सदस्यों की संभावित भागीदारी के लिए भी जरूरी है। यूरोपीय शांति रक्षकों के बारे में रूस के विरोध को देखते हुए अन्य देशों के लोग मास्को को स्वीकार्य हो सकते हैं। यहां तक कि राष्ट्रसंघ शांति स्थापना के लिए भारत जैसी तटस्थ शक्तियों की आवश्यकता होगी जो मास्को और कीव दोनों को स्वीकार्य होगा। हालांकि पुतिन की भारत यात्रा की पुष्टि हो गई है लेकिन तारीखों की घोषणा अभी बाकी है। व्यापार व टैरिफ मुद्दों एवं युद्ध के बाद शांति प्रयासों के लिए मास्को और नई दिल्ली को रणनीतिक रूप से संलग्न होने की जरूरत होगी जो नेताओं की उच्चतम स्तर पर बैठक द्वारा सबसे अच्छी तरह से पूरा होता है। यह पुतिन की आगामी यात्रा को महत्वपूर्ण बनाता है।

**( लेखक सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस )**

# सर्वर डाउन का रोना फिर हो गया शुरू




## ई-पंजीयन और परिवहन कार्यालयों में आवेदकों के समय पर नहीं हो रहे हैं काम

देशबन्धु पड़ताल

**जबलपुर, देशबन्धु।** डिजिटल युग के समय में जब ज्यादातर शासकीय कार्यालयों में सर्वर के माध्यम काम किये जा रहे हैं, लेकिन इन दिनों कई शासकीय कार्यालयों में आये दिन सर्वर डाउन रहता है। इससे यहां आने वालों को अनेक तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

कुछ इसी तरह की स्थिति ई-पंजीयन कार्यालय और परिवहन विभाग में देखने को मिल जायेगी। बीते दिनों इसी तरह समस्या इन कार्यालयो में व्याप्त थी। सुधार के बाद कुछ दिनो तक सर्वर अपनी गति से काम कर रहा था, इसके बाद एक बार फिर पहले जैसे स्थिति निर्मित हो गई है।

**कई घंटों इंतजार करना पड़ता है-** मिली जानकारी के अनुसार क लेक्ट्रेट स्थित ई-पंजीयन एवं अंधुआ के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस के दौरान 11 बजे से शाम तक सर्वर नहीं चलता है, वहीं कछुआ चाल से कभी चलता भी है तो आवेदकों के बैनामा और रजिस्ट्रर्ड एग्रीमेंट नहीं बन पा रहे हैं, इससे दूसरे दिन भी आवेदकों को आना पड़ता है। इसमें कई महिला या उम्र दराज लोग भी शामिल हैं, जिनको होने वाली असुविधा का अंदाजा लगाया जा सकात है।

**समय पर नहीं बन पाते लायसेंस-** इसी तरह परिवहन कार्यालय की स्थिति है, यहां पर भी जिस समय या तिथि में लायसेंस या वाहनों के पंजीयन के लिये आवेदक पहुंचते हैं, उन्हें अक्सर इंतजार करना पड़ता है। सर्वर नहीं आने से काम नहीं हो पा रहे हैं। इस बारे में स्थानीय अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा हाथ उठा लिये जाते हैं। इनका कहना है कि सर्वर संबंधी समस्या भोपाल या दिल्ली से संचालित है, इसलिये हम केवल इंतजार कर सकते हैं, आला अधिकारियों तक शिकायत भेज दी जाती है। कुल मिलाकर इससे इन कार्यालयों में पहुंचने वाले परेशान है, समस्या का स्थायी हल नहीं निकल पा रहा है।

# वीयू- कुलगुरू ने किया जिमनेशिया एवं जनजातीय प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन

**जबलपुर, देशबन्धु।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर परिसर में 16 मई को जनजातीय अनुसंधान एवं विकास केन्द्र एवं व्यायाम शाला का उद्घाटन विश्वविद्यालय कुलगुरु प्रो मनदीप शर्मा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दी प्रज्वलन कर किया गया।

कुलगुरु ने कहा कि वर्तमान की व्यस्तम जीवन शैली को सफल एवं सुचारू रखने के लिए अच्छा स्वास्थ्य हम सभी के आवश्यक है, इसके लिए नियमित योग एवं व्यायाम बेहद लाभकारी होता है,एक अच्छा स्वास्थ्य हमेशा एक सुखद भविष्य का निर्माण करता है, और इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस व्यायाम शाला का निर्माण किया गया है, परिसर में निर्मित यह व्यायाम शाला विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं, अधिकारी एवं कर्मचारी बंधुओं के लिए बेहद उपयोगी एवं सहायक सिद्ध होगा, नवीन व्यायाम शाला में स्ट्रेचिंग,ट्रेडमिल, वेट लिफ्टिंग, साइक्लिंग, एवं अन्य सभी महत्वपूर्ण उपकरण रखे गए हैं,

कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के पदाधिकारीगण कुलसचिव डॉ एस एस तोमर, डॉ श्री कांत जोशी,डॉ आरके शर्मा, डॉ जी पी लखानी,डॉ सुनील नायक, डॉ शशिकांत महाजन,डॉ बी राय, डॉ एस एस कारमोरे,डॉ एस घोष, डॉ आर वी सिंह,डॉ अक्षय गर्ग, डॉ ,रामकिंकर मिश्र , सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ सोना दुबे आदि मौजूद रहे।




# ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित नुक्कड़ नाटक का जबलपुर एवं मदन महल रेलवे स्टेशन पर मंचन

**जबलपुर, देशबन्धु।** मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री सुबोध विश्वकर्मा की निर्देशन पर आज शुक्रवार को जबलपुर एवं मदन महल रेलवे स्टेशन पर ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित स्काउट एवं गाईड द्वारा एक भावनात्मक एवं प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। यह नाटक भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य, बलिदान और सम्मान को समर्पित था, जिसने दर्शकों के मन में गहरी छाप छोड़ी। नाटक की शुरुआत पहलगाम में हुए आतंकी हमले की पृष्ठभूमि से हुई, जिसमें देश के वीर सैनिकों के बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि हमारी सेना केवल सरहदों की रक्षा ही नहीं करती, बल्कि हर भारतीय की रक्षा में अपनी जान की बाजी लगाकर %सिंदूर% की असली कीमत समझाती है। इसके अतिरिक्त भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर में अदम्य शौर्य का प्रदर्शन करने पर जबलपुर मंडल के मुख्य स्टेशनों से तिरंगा यात्रा भी निकली गई थी तथा स्टेशनों पर देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत गानों का भी प्रसारण किया गया। नाटक के माध्यम से सभी यात्रियों एवं कर्मचारियों से अपील की गई कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा सदैव देश के जवानों के सम्मान और बलिदान को स्मरण रखें।

इस अवसर पर मंडल के अधिकारी सहित रेलवे कर्मचारी एवं भारी संख्या में यात्रीगण उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों एवं उपस्थित यात्रियों ने नाटक की सराहना करते हुए इसे अत्यंत प्रेरणादायक बताया।

# बड़ेरिया ग्लोबल इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट कालेज में तीन दिवसीय यूथ फेस्ट 2.0 का रंगारंग शुभारंभ



**जबलपुर, देशबन्धु।** ये मायानगरी नहीं संस्कारधानी है मेरे यार...। शुक्रवार की शाम संस्कारधानी में बालीवुड की झलक देख दर्शक झूम उठे। अवसर था, बड़ेरिया ग्लोबल इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट कालेज में तीन दिवसीय यूथ फेस्ट 2. के शुभारंभ का। कालेज के चेयरमैन सौरभ बड़ेरिया की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा के नौ रूपों को मंचित कर किया। मां दुर्गा के नौ रूपों को देखकर सभी भावविभोर हो उठे। भावी इंजीनियर्स ने पूरे वातावरण को उत्साहमय मनाया। दूसरी तरफ हैकथान में युवाओं ने इंजीनियर्स ने अपने नवाचार से लोगों को रोमांचित किया। ककक्कक किरण, विजय दीनानाथ चौहान व बिग बास के गीतों पर यूपी वाले ठुमके लगाए गए। बालीवुड एक्टर्स शहरुख खान, सलमान खान व अमिताभ बच्चन के प्रसिद्ध गानों पर युवाओं ने डांस का तड़का पेश किया।

**रैंप पर दिखी बॉलीवुड की साठवीं से 21 वीं सदी की झलक**-रेट्रो व बालीवुड थीम पर आयोजित रैंप वाक में इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों ने बालीवुड के हर दशक की तस्वीर पेश। उन्होंने कैटवाक के जरिए बॉलीवुड के दशकों पुराने सफर का जीवंत चित्रण किया। रैंप पर साठवीं से 21 वीं सदी के अभिनेता व अभिनेत्रियों के परिधान में सजकर विद्यार्थियों ने फैशन का जलवा बिखेरा। बड़ेरिया ग्लोबल इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट कालेज के चेयरमैन सौरभ बड़ेरिया ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में युवाओं ने बेहतरी प्रदर्शन किया।

**इनकी रही उपस्थिति** ग्लोबल ग्रुप चेयरमैन सौरभ बड़ेरिया, संस्था के संस्थापक शंभू दयाल बडेरिया, पत्नी आशा बड़ेरिया, डायरेक्टर डा. राजीव खत्री डायरेक्टर, एचआर हेड डा. निहारिका यादव के साथ वहीं डा. आकांक्षा शुक्ला, प्रो. नितेश दुबे, प्रो. अमित जाय, प्रो. प्रतीक मिश्रा, नितेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# कमिश्नर भदौरिया ने एल्गिन व विक्टोरिया हॉस्पिटल का किया औचक निरीक्षण




**जबलपुर, देशबन्धु।** नवागत संभागायुक्त जबलपुर संभाग धनंजय सिंह भदौरिया द्वारा 16 मई को चिकित्सा तथा स्वास्थ्य सेवायें आमजन को तत्परता तथा गुणवत्ता पूर्वक प्राप्त हो सके, इसके लिए रानी दुर्गावती हास्पिटल (एल्गिन) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसएनसीयू, एनआरसी और ओपीडी तथा जनरल वार्ड आदि का निरीक्षण किया गया तथा मरीजों से चर्चा की गई।

जननी सुरक्षा योजना के लंबित प्रकरणों में त्वरित भुगतान के निर्देश दिये गये। एसएनसीयू वार्ड में भर्ती हुये बच्चों के स्वास्थ्य सुधार के फॉलोअप करने तथा सतत मॉनीटरिंग करने के निर्देश गये।

संस्थागत प्रसव तथा जननी सुरक्षा योजना के संबंध में विभागीय गाईड लाईन का अनुपालन किया जावे। पोषण पुर्नवास केन्द्र (एनआरसी) में दाखिल बच्चों के पोषण व स्वास्थ्य की समीक्षा की गई। बच्चों के बेहतर पोषण एवं स्वास्थ्य हेतु महिला बाल विकास विभाग के अमले के साथ बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिये गये।

## महिला बाल विकास विभाग के अमले को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश

सेंठ गोविन्द दास चिकित्सालय (विक्टोरिया) का भी निरीक्षण किया गया। शिशु वार्ड तथा वृद्धजन वार्ड का निरीक्षण कर मरीजों के उपचार की व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

# लीगल सेल अध्यक्ष नियुक्त हुये एडवोकेट बहार अंसारी



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जनाब जीतू पटवारी एवं अखिल भारतीय अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष जनाब इमरान प्रतापगढ़ी जी के निर्देश अनुसार एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी जनाब निजामुद्दीन क़ुरैशी की सहमति से प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग में एडवोकेट हाजी बहार अहमद अंसारी को जबलपुर शहर अल्पसंख्यक विभाग लीगल सेल अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट जनाब शेख अलीम साहब ने नियुक्ति पत्र जारी किया।

# उर्जा विभाग के विभिन्न भत्ते पुनिर्रीक्षित करने अभियंता संघ ने उर्जा मंत्री को लिखा पत्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश विद्युत मण्डल अभियंता संघ के महासचिव इंजी. विकास कुमार शुक्ला द्वारा माननीय उर्जा मंत्री को पत्र लिखकर मांग की गई है, कि राज्य शासन की तर्ज पर सातवे वेतन मान के अनुसार उर्जा विभाग के विभिन्न भत्तों का भुगतान सातवें वेतनमान के अनुसार पुनिर्रीक्षित किया जाए। साथ ही लिखा है कि राज्य सरकार द्वारा हाल ही में विभिन्न भत्तों कि दरों को सातवें वेतन आयोग के अनुसार संशोधित किया गया है, किन्तु अत्यंत खेद का विषय है कि उर्जा विभाग के विभिन्न भत्ते आज दिनांक तक पुनिर्रीक्षित नहीं किये गए । जिसमे से कुछ महात्वपूर्ण भत्ते लगभग दो दशक (20-25 वर्षों) से पुनिर्रीक्षित नहीं किये गए हैं। जिसके कारण निरसावस प्रदेश के अनुभवी अभियंता अच्छे अवसर प्राप्त होते ही निरंतर त्यागपत्र देकर अन्य संस्थानों में पलायन कर रहे है ।

महासचिव द्वारा यह भी बताया गया कि विद्युत क्षेत्र की सभी सेवाओं में हमारे प्रदर्शन का मूल्यांकन अन्य राज्यों को आधार मानकर किया जा रहा है, जबकि प्रदेश में आज कथित भत्ते अन्य राज्यों की तुलना में आधे के समतुल्य भी नहीं दिए जा रहे हैं। अतः राज्य शासन के द्वारा विभिन भत्तों के पुनरीक्षण उपरान्त वर्तमान परिदृश्य में उर्जा विभाग के अंतर्गत विभिन्न भत्तों को भी तत्काल पुनरीक्षित किया जाना उचित होगा।

# कोर्ट से समझौते के बाद पति पुन: करने लगा प्रताड़ित

## पीड़िता ने रांझी थाने में दर्ज करायी शिकायत

**जबलपुर, देशबन्धु।** रांझी थाने में एक 32 वर्षीय महिला ने शिकायत दर्ज करायी कि पति ने उसका परित्याग कर दिया था, इसके बाद न्यायालय से समझौते पर वह पुनः पति के साथ रहने लगी। लेकिन उसका पति मनीष हर छोटी बात पर उसे प्रताड़ित करने लगा, इतना ही नहीं उसके चरित्र पर संदेह करते हुए मारपीट करने लगा, जिस कारण वह अपने मायके में आकर रह रहीं है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि ग्वारीघाट पोली पाथर निवासी 32 वर्षीय रितु अहिरवार का विवाह हिन्दू रीति रिवाज से मई 2014 को मनीष अहिरवार के साथ हुआ था। वर्ष 2017 में मनीष ने रितु का परित्याग कर दिया था। जिसके बाद मामला न्यायालय में चला, जहां दोनों को साथ रहने की समझाइश दी गई। इसके बाद रितु 20 मार्च 2025 को अपने पति मनीष के साथ रहने लगी। इसके बाद छोटी-छोटी बातों को लेकर मनीष ने रितु से विवाद कर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं आरोप है कि मनीष ने चरित्र संदेह करते हुए 11 अप्रैल 2025 को रितु के साथ जमकर मारपीट की, जिसके बाद वह अपने मायके ग्वारीघाट में रह रहीं है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# बाहर से खाना खाकर घर पहुंचे युवक ने लगा ली फांसी, मौत

## खमरिया पिपरिया की घटना, जांच में जुटी पुलिस

**जबलपुर, देशबन्धु।** खमरिया थानातंर्गत पिपरिया निवासी एक युवक बीती रात बाहर से खाना खाकर अपने घर पहुंचे और कमरे में साड़ी के फंदे से फांसी लगा ली। परिजनों ने जब उसे फंदे पर लटकते हुए देखा तो दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे, लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी।

सूचना पर पहुंची पुलिस को संदीप पटेल ने बताया कि बीती रात दस बजे उसका छोटा भाई रंजीत पटेल काम से घर वापस आया, जिसके दाहिने हाथ की अंगुली में पट्टी बंधी थी। जिससे पट्टी बंधे होने के संबंध में पूछा तो उसने बताया कि काम करते समय चोट लग गई। जब उससे खाने के लिये कहा तो उसने कहा कि बाहर से खाकर आया है और अपने कमरे में सोने चला गया। रात्रि करीब ग्यारह बजे उसकी माँ ने आवाज लगाई तो रंजीत के कमरे से कोई आवाज नहीं आई। जिसके बाद छत पर जाकर रोशनदान से देखा तो रंजीत पंखे के हुक में साड़ी के फंदे से लटका हुआ था। जिसके बाद परिजन दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे, लेकिन तब तक रंजीत की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मामले में आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# बाईक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार घायल

## बरेला बाईपास में हादसा

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरेला बाईपास में एक तेज रफ्तार बाईक चालक ने शादी समारोह में शामिल होने जा रहे मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। जिससे दोनों मोटर साइकिल सहित गिर गये और उन्हें चोटे आ गई।

पुलिस ने बताया कि गढ़ा फाटक निवासी 32 वर्षीय दीपक रैकवार अपने साथी संजू रजक, देवेन्द्र लोधी व मदनगोपाल के साथ अपने परिचित की शादी पार्टी में शामिल होने ग्राम रिछाई बरेला जा रहे थे। जैसे ही वे वायपास में कान्हा ढाबा के समीप पहुंचे, उसी समय मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 20 एन पी-9916 के चालक ने तेज गति व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए देवेन्द्र लोधी की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे देवेन्द्र और मदनगोपाल मोटर साइकिल सहित गिर गए और उन्हें चोटे आ गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# शराब के लिये रुपये न देने पर चाकू से हमला

**जबलपुर, देशबन्धु।** अधारताल थाना क्षेत्र में एक असामाजिक तत्व ने दो युवकों को रोक-कर शराब पीने लिये रुपयों की मांग करते हुए चाकू से हमला कर दिया। जिससे एक युवक को हाथ व पैर में गंभीर चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि महाराजपुर पानी की टंकी के समीप रहने वाला 18 वर्षीय मोन्टी केवट पुताई का काम करता है। बीती रात साढ़े आठ बजे वह अपने दोस्त राजवीर चक्रवर्ती के साथ घर से व्हीकल मोड़ की ओर जा रहा था। उसी समय रास्तें में उसे सागर कोल मिला, जो कि शराब पीने के लिये रुपयों की मांग करने लगा।

# रांझी की समस्याओं को लेकर सोनू दुबे ने कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव समाजसेवी सुधीर सोनू दुबे के नेतृत्व निगमायुक्त प्रीति यादव को ज्ञापन दिया गया। इसमें बताया गया कि कैंट विधानसभा में



रांझी,मानेगांव, गोकलपुर, शोभापुर, उदय नगर, रानी अवंतिका वार्ड के विस्थापित कॉलोनी में भीषण पानी की मारामारी को देखते हुए पानी की व्यवस्था न होने से क्षेत्रीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं विधानसभा के कई क्षेत्रों के नाले, नालियों को बारिश के पहले साफ सफाई की व्यवस्था ताकि बारिश में संक्रमण के कारण डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारी ना हो एवं जिन क्षेत्रों में खंबो में लाइट नहीं है घटना दुर्घटना से बचने के लिए उन क्षेत्रों में खंबो पर लाइट की व्यवस्था तत्काल कराई जाए एवं जिन क्षेत्रों में पानी की समस्या ज्यादा है उन क्षेत्रों में बोरिंग कराकर पानी की व्यवस्था को सुचारू की जाए क्योंकि कई वर्षों से पानी का समाधान न होने से हर वर्ष 4 महीने पानी की भारी दिक्कत का सामना क्षेत्र की जनता को करना पड़ता है समाजसेवी सुधीर सोनू दुबे ने बताया कि पानी के टैंकर भेजना मानेगांव रांझी के कई क्षेत्रों में समाधान नहीं है क्योंकि टैंकर द्वारा भेजने पर उसका 75 प्रतिशत पानी लोगों के काम आता है और हर टैंकर का 25 प्रतिशत पानी रोड पर गिर जाता है, जितना खर्च निगम द्वारा हर वर्ष हजारों टैंकर भेजकर टैंकरों पर खर्च करती है उतने पैसों पर अगर स्थाई रूप से उचित स्थान पर बोरिंग कर दी जाए तो पानी का समाधान निश्चित तौर पर हो सकता है जिससे निगम का खर्च भी बचेगा और आम जनता को पानी की समस्या का समाधान आसानी से हो जाएगा। इस दौरान पार्टी जन भी मौजूद रहे। आयुक्त ने शीघ्र समस्याओं के निदान का भरोसा दिलाया।

# जल ही अमृत सर्वेक्षण वर्ष 2025 प्रतिस्पर्धा में जबलपुर को मिला 5 स्टार रेटिंग

## प्रोत्साहन स्वरूप नगर निगम को राशि रु. 8 करोड़ स्वीकृत



**जबलपुर, देशबन्धु।** मिनिस्ट्री ऑफहाउसिंग एण्ड अर्बन द्वारा अमृत योजना के अंतर्गत जल ही अमृत सर्वेक्षण वर्ष 2025 प्रतिस्पर्धा में जबलपुर शहर को 5 स्टार रेटिंग प्रदान की गयी है। इस संबंध में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त प्रीति यादव ने बताया कि जबलपुर में संचालित 34 एम.एल.डी., ललपुर एवं 32 एम.एल.डी. कठौंदा एस.टी.पी. (मल-जल शोधन संयंत्र) को स्वच्छ जल क्रेडिट आधार पर 5 स्टार रेटिंग प्राप्त हुई है।

उन्होंने बताया कि इस सर्वेक्षण को केंद्र शासन स्तर पर नियुक्त एक्सपर्ट की टीम द्वारा कराया गया था। जिसमें टीम के द्वारा शहर में संचालित 34 एम.एल.डी., ललपुर एवं 32 एम.एल.डी. कठौंदा एस.टी.पी. में शुद्धीकृत हो रहे सीवेज की मात्रा एवं उसके उपचार पश्चात उसकी गुणवत्ता के आधार पर 5 स्टार रेटिंग प्रदान की गई, साथ ही 34 एम.एल.डी., ललपुर एवं 32 एम.एल.डी. कठौंदा एस.टी.पी. एसटीपी की व्यवस्था को और दुरुस्त करने जबलपुर शहर को 8 करोड़ रूपये की राशि प्रोत्साहन के रूप में स्वीकृत भी की गई है। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' एवं निगमायुक्त प्रीति यादव द्वारा इस उपलब्धि हेतु संबंधित टीम को बधाई देते हुए इसी क्रम में निरंतर आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया गया।




**जन्मदिन के उपहार में महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' को मिला शहर का दुलार-** नगर के प्रथम नागरिक महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' को आज दिनांक 14 मई 2025 जन्म दिवस के मौके पर संस्कारधानी के सैंकड़ों नागरिकों का स्नेह और दुलार प्राप्त हुआ। महापौर श्री अन्नू को जन्म दिवस की शुभकामनाएँ एवं बधाईयाँ देने सुबह 08 बजे से लेकर रात्रि 10 बजे तक स्नेही जनों का ताँता लगा रहा। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' संस्कारधानी के नागरिकों से मिले अपार स्नेह और प्यार को पाकर आज अभिभूत हुए और कहा कि इस प्यार के बदले मेरा रोम-रोम संस्कारधानी के नागरिकों के लिए ऋणी रहेगा जो सेवक के रूप में जनों की सेवा कर जीवन भर ऋण उतारता रहूँगा।

महापौर के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में आज राईट टाउन स्टेडियम खिलाड़ी संघ परिवार द्वारा सम्मान, सिविक सेन्टर में कदम संस्था द्वारा पौधों का पौधारोपण कर सम्मान, स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल प्रांगण में महापौर गुरूकुल के गुरूजन एवं बच्चों द्वारा सम्मान, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा सम्मान, नगर निगम कर्मचारी संघों के साथ-साथ विभिन्न संस्थाओं एवं समाज के जनों का योगदान रहा।

## विश्व उच्च रक्तचाप दिवस

# नींद से दूरी बढ़ा रही हाइपरटेंशन से करीबी

**जबलपुर, देशबन्धु।** लाइफ स्टाइल तेजी से बदल रही है। ना ही खाने का टाइम फिक्स है और ना ही सोने का। दिनचर्या में बदलाव के कारण बॉडी क्लॉक में भी परिवर्तन आ रहा है। सोने, उठने, खाने और व्यायाम का समय बदलने के कारण बीमारियां भी घेर रहीं हैं। बॉडी क्लॉक में आए परिवर्तन के कारण लोगों को सबसे ज्यादा कॉमन बीमारी हाइपरटेंशन की हो रही है। शरीर में होने वाली कई बीमारियों की वजह ब्लड प्रेशर है। इसलिए इस साल हाइपरटेंशन दिवस की थीम 'ब्लड प्रेशर को सटीकता से मापें, कंट्रोल करें, लंबा जिएं' रखी गई है। इसका मतलब है स्वस्थ्य जीवन के लिए आपको समय-समय पर अपना बीपी चैक करते रहने की जरूरत है।

इस तरह होता है असर डॉक्टर्स का कहना है कि बॉडी क्लॉक में बदलाव के साथ टेंशन भरी जिंदगी लोगों के लिए इस बीमारी की बड़ी वजह बन रहा है। हाइपरटेंशन में टेंशन और गुस्सा शरीर के दूसरे अंगों को प्रभावित करता है। ब्लड



इस वर्ष की थीम है 'ब्लड प्रेशर को सटीकता से मापें, कंट्रोल करें, लंबा जिएं'

सर्कुलेशन में प्रेशर अधिक होने के कारण ऐसे में प्रेशर ज्यादा होने पर हाइपरटेंशन होता है। इसे एक तरह से साइलेंट किलर भी कहा जाता है।

**यह है मुख्य कारण**

1. **फिजिकल-** कोलेस्ट्रॉल का बढ़ना, ओबेसिटी, जेनेटिक, चर्बी वाला भोजन करना, ऑइली फूड खाना
2. **मैंटली-** टेंशन लेना, जरूरत से ज्यादा काम करना, पारिवारिक स्ट्रेस, अकारण परेशान होना, ओवर थिंकिंग

### कम उम्र में गले लगा रहा रोग

ब्लड प्रेशर की प्रॉब्लम पहले जहां 55 से 60 की उम्र में देखने मिलती थी, वो अब 30 से 35 की उम्र तक आ पहुंची है। जरूरत से ज्यादा जंक फूड, पैकेज फूड, नींद ना लेना और नशे से करीबी के कारण युवाओं में यह बीमारी जल्दी नजर आ रही है।

**डॉ. अखिलेश गुप्ता, हृदय विशेषज्ञ**

बैलेंस डाइट फॉलो करें हाइपरटेंशन से बड़ा बचाव अच्छा खानपान का होना है। दिन की शुरुआत ड्राइफ्रूट्स से करें, ताकि दिनभर बॉडी में एनर्जी बनी रहे। इसके साथ खाने में दाल और प्रोटीन सोर्स जरूर रखें। फलों की मात्रा बढ़ाएं और अंकुरित सलाद खाएं।

**डॉ. कीर्ति व्यास, डाइटिशियन**

इस तरह करें बदलाव - व्यायाम को रूटीन में शामिल करना

- टेंशन फ्री लाइफ जीना और कूल रहना, ओबेसिटी से बचाव करना, कोलेस्ट्रॉल वाली चीजों से दूरी बनाना, नियमित जांच करवाना, हेल्दी फूड मैन्यू में शामिल करना,

### हाइपरटेंशन से अन्य बीमारी

- डिप्रेशन,चिड़चिड़ापन, लिवर पर असर, डाइबिटीज होना

इन लक्षणों को पहचाने- चक्कर आना

- सीने में दर्द होना, थोड़ा चलने में ही सांस फूलना, घबराहट होना, छाती में दवाब महसूस, सांस लेने में परेशानी होना

# ग्रीन एनर्जी कॉन्सेप्ट व ऊर्जा भंडारण के लिए बढ़ रहा हाइड्रोजन उत्पादन




**जबलपुर, देशबन्धु।** ग्रीन हाइड्रोजन एक ऐसी तकनीक है, जो हाइड्रोजन का उत्पादन करती है। वर्तमान और भविष्य को देखते हुए यह एक हल्का और अत्यधिक प्रतिक्रियाशील ईंधन। यह एक रासायनिक प्रक्रिया, इलेक्ट्रोलिसिस का उपयोग करके किया जाता है, जहां पानी में ऑक्सीजन से हाइड्रोजन को अलग करने के लिए विद्युत प्रवाह का उपयोग किया जाता है। ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने और हाइड्रोजन उत्पादन तकनीक को समझाने के लिए वक्ताओं ने ऐसी ही बातें समझाईं। ट्रिपलआइटीडीएम में सस्टेनेबल हाइड्रोजन उत्पादन एवं हाइड्रोजन तकनीकों का एकीकरण विषय पर पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया गया। हाइब्रिड फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत हुए कार्यक्रम में परियोजना समन्वयक डॉ. तुषार चौधरी रहे। मुख्य अतिथि संस्थान निदेशक प्रो. डॉ. भारतेंदु कुमार सिंह थे।

इस मौके पर डीन प्रो. डॉ. प्रीति खन्ना, डीन प्रो. डॉ. मुकेश कुमार रॉय, मैकेनिकल विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. तनुजा शेवडे मौजूद रहीं। कार्यशाला में वैज्ञानिकों ने व्याख्यान दिए। बायोफ्यूल की समझाई एकीकरण प्रक्रिया आयोजन में प्रतिभागियों को ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन तकनीकें, ईंधन सेल मॉडलिंग, ऊर्जा भंडारण, हाइड्रोजन और बायोफ्यूल का एकीकरण जैसे विषयों पर तकनीकी व्याख्यान और प्रायोगिक सत्र हुए। आयोजन में ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में कुल 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। समापन समारोह में प्रमाणपत्र वितरित किए गए। आयोजन में डॉ. अमन सिंह राजपूत, हिमांशु पचौरी का सहयोग रहा।

# समर थीम पार्टी में पूल सेलिब्रेशन रील्स मेकिंग का दिखा दौर



**जबलपुर, देशबन्धु।** पूल पार्टी में लेडीज ने डांस, म्यूजिक और फैशन शो का रंग दिखाया। फन एंड जॉय की एक्टिविटी से भरपूर सेलिब्रेशन में लेडीज ने एंजॉयमेंट किया। इस दौरान किसी ने सरप्राइज गेम्स में बाजी मारी, तो किसी टास्क गेम में विनर बनने का खिताब जीता। समर थीम पर लेडीज ने पूल पार्टी सेलिब्रेट की। प्रगति लेडीज क्लब का थीम फंक्शन सम्पन्न हुआ। फ्लॉवर प्रिंट ड्रेसेज का दिखा फैशन पूल पार्टी के लिए क्लब मेंबर्स ने फ्लॉवर प्रिंट ड्रेसेज ड्रेसकोड अपनाया। वहीं समर सीजन के अकॉर्डिंग सेज ग्रीन, ब्लू, पिंक, वाइट और लाइट शेड्स की मिडी, वन पीस, फ्रॉक और स्कर्ट में फैशन दिखाया। इस मौके पर क्लब प्रेसिडेंट ऊषा आनंद, रूबी आनंद, शैली आनंद, शिल्पा लेनिन, जसबीर चोपड़ा, किरण नारंग, रोशनी नारंग, इंदु, साधना मल्होत्रा, मीना आनंद का सहयोग रहा।

# जिमनेशिया एवं जनजातीय प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन

**जबलपुर, देशबन्धु।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर परिसर में जनजातीय अनुसंधान एवं विकास केन्द्र एवं व्यायाम शाला का उद्घाटन विश्वविद्यालय कुलगुरु प्रो. मनदीप शर्मा द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दी प्रज्वलन कर किया गया। माननीय कुलगुरु ने कहा कि वर्तमान की व्यस्तम जीवन शैली को सफल एवं सुचारू रखने के लिए अच्छा स्वास्थ्य हम सभी के आवश्यक है, इसके लिए नियमित योग एवं व्यायाम बेहद लाभकारी होता है, एक अच्छा स्वास्थ्य हमेशा एक सुखद भविष्य का निर्माण करता है, और इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस व्यायाम शाला का निर्माण किया गया है, परिसर में निर्मित यह व्यायाम शाला विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं, अधिकारी एवं कर्मचारी बंधुओं के लिए बेहद उपयोगी एवं सहायक सिद्ध होगा, नवीन व्यायाम शाला में स्ट्रेचिंग, ट्रेडमिल, वेट लिफ्टिंग, साइक्लिंग, एवं अन्य सभी महत्वपूर्ण उपकरण रखे गए हैं, जनजातीय अनुसंधान एवं विकास केंद्र नादेपचिविवि जबलपुर का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को अच्छा एवं सुविधायुक्त वातावरण प्रदान करना है, निकटतम भविष्य में इस केंद्र के अंतर्गत जनजातीय समुदाय के अध्यात्म, अस्तित्व, इतिहास, परंपरा एवं कला को जानने हेतु म्यूजियम एवं वाचनालय भी विकसित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के पदाधिकारीगण कुलसचिव डॉ. एस एस तोमर, डॉ श्रीकांत जोशी, डॉ आरके शर्मा, डॉ जी पी लखानी, डॉ सुनील नायक, डॉ शशिकांत महाजन, डॉ बी राय, डॉ एस एस कारमोरे, डॉ एस घोष, डॉ आर वी सिंह, डॉ अक्षय गर्ग, डॉ.रामकिंकर मिश्र, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ सोना दुबे , शिव मोहन सिंह, प्रतीक कुमार तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# शिवानी तिवारी का सुयश



**जबलपुर, देशबन्धु।** आज अत्यंत हर्ष का विषय है कि हमारे साथी सतीश तिवारी की सुपुत्री सुश्री शिवानी तिवारी ने देश के सबसे बड़े इम्तिहान में सफलता हासिल कर अपने माता-पिता के साथ साथ पूरे पुलिस विभाग का नाम रोशन किया है । शिवानी तिवारी ने बताया कि अपनी इस सफलता के पीछे 90 प्रतिशत योगदान उनके माता-पिता का है। निश्चित ही यह बहुत गर्व की बात है और निश्चित ही इसका श्रेय सतीश तिवारी और उनकी पत्नी कि योगदान है। आज सेवा निवृत्त पुलिस अधिकारी कल्याण संघ के द्वारा सुश्री शिवानी तिवारी और उनके माता-पिता का सम्मान किया गया । इस कार्य क्रम में सेवा निवृत्त अधिकारी अवधेश तिवारी, एम ए अंसारी, अबरार अहमद कुरैशी, जयंत टैंभरे, डी एल तिवारी अखिल वर्मा, के एस ठाकुर , राकेश तिवारी, चंद्र प्रकाश दुबे ओ पी रघुवंशी, विनोद तिवारी गोविंद सुरैया, फूल चंद मेहरा , लेखन सिंह शुक्ला सैकड़ों साथियों के साथ सुश्री शिवानी तिवारी जी का मोमेंटम देकर सम्मानित किया गया। और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई

# सुनील तिवारी कर रहा मेरे खिलाफ दुष्प्रचार

**जबलपुर,देशबन्धु।** मरीज सुनील तिवारी दिनांक 11/06/2023 से दिनांक 19/06/23 तक इलाज हेतु डॉक्टर विनोद जैन के संरक्षण में भर्ती था तथा उनके संरक्षण में ही उपचार ले रहा था तथा वह डॉक्टर विनोद जैन का ही पूर्णता: मरीज था तथा उसकी पूरे इलाज की व्यवस्था भी डॉक्टर विनोद जैन के द्वारा की जा रही थी। श्रीमान कलेक्टर जबलपुर व श्रीमान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थय अधिकारी जबलपुर के आदेशानुसार दो हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम (डॉक्टर अमितेष चतुर्वेदी व डॉक्टर सुनील पटेल) के द्वारा भी निरीक्षण कर के मरीज सुनील तिवारी को ही गलत बताया गया है। परन्तु उसके बाद सुनील तिवारी सोशल मिडिया व समाचार पत्र के माध्यम से अस्पताल पर व मुझ पर तरह तरह के दोषारोपण कर रहे थे। मैं डॉक्टर अभिजीत मुखर्जी वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ विगत 36 वर्षों से पूर्ण निष्ठा व लगन से मरीजों का इलाज कर रहा हूँ, और यह सब करके मेरे अस्पताल व मेरी छवि व प्रतिष्ठा को धूमिल किया जा रहा है।

मेरे अस्पताल में विगत 36 वर्षों से मरीज जबलपुर व अन्य बड़े-छोटे शहरों से स्वास्थ्य लाभ लेने के लिये आते है। और आज दिनांक 16/05/2025 को गलत धारणा के तहत कन्हैया रामकृष्ण उर्फ़ सुनील तिवारी भी लिखते है अपने कार्यकर्ताओं के साथ अस्पताल के सामने प्रदर्शन, पुतला दहन करने का प्रयास कर रहे है। सभी जबलपुर के समस्त डाक्टर सहयोगियों ने हमारा सहयोग किया।

## दैनिक राशिफल

**शनिवार 17 मई 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। जेष्ठ कृष्ण पक्ष की पंचमी, नक्षत्र- पू.षा.।**

### मेष

आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन लाभदायक रहेगा। लंबे समय का आर्थिक आयोजन पूरा कर सकेंगे।

### वृषभ

परिश्रम की अपेक्षा कम परिणाम मिलने पर भी आप निष्ठापूर्वक काम को आगे बढ़ाएंगे। आपके क्षेत्र की विशालता और वाणी की मधुरता अन्य लोगों को प्रभावित करेगी।

### मिथुन

महत्वपूर्ण निर्णय लेने में कठिनाई महसूस करेंगे। घर में माता और स्त्री वर्ग के लिए आप अधिक भावनाशील बन जाएंगे। तनाव महसूस कर सकते हैं।

### कर्क

आज का दिन नए काम की शुरुआत या सफलता के लिए अच्छा रहेगा। मित्रों और स्वजनों से मिलकर आप खुशी अनुभव करेंगे। किसी यात्रा की संभावना है।

### सिंह

परिवार के सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। महिला मित्रों की विशेष मदद मिलेगी। अपनी प्रभावकारी वाणी से अन्य लोगों का ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

### कन्या

अपने समृद्ध विचार और बोली से आज आपको लाभ होगा। किसी के साथ नए संबंध में जुड़ सकते हैं। आज का दिन व्यापार की दृष्टि से लाभदायक रहने की संभावना है।

### तुला

आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

### वृश्चिक

घर परिवार के साथ आपको आनंद और संतोष की अनुभूति होगी। पत्नी और पुत्र की तरफ से अच्छे समाचार मिलेंगे। शुभ कार्य में भाग ले सकेंगे।

### धनु

काम में सफलता का दिन है। नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। व्यापारी अपने बिजनेस का आयोजन और विस्तार अच्छी तरह कर सकेंगे। नौकरी में उच्च पदाधिकारी आपकी पदोन्नति के लिए विचार करेंगे।

### मकर

आप अपने व्यापार के लिए नई शैली से काम करेंगे। लेखन और साहित्य संबंधी काम को आगे बढ़ा सकते हैं। शारीरिक थकावट और भय की अनुभूति होगी।

### कुंभ

आपके मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न हो सकते हैं। आपके मन में क्रोध और दु:ख की भावना हो सकती है।

### मीन

भाग्य का साथ होने के आज का दिन अच्छी तरह व्यतीत होगा। बिजनेस में भागीदारी करनी हो तो समय अनुकूल है। जीवनसाथी के साथ निकटता का अनुभव होगा।

म. 225-459

2,5,6,8-21,52,64,87,04,93,10,35

# बच्चा रोए तो मोबाइल नहीं कहानी सुनाएं




**जबलपुर, देशबन्धु।** इंटेक जबलपुर चैप्टर के तत्वावधान में संगोष्ठी आयोजित हुई। इंटेक के राष्ट्रीय चेयरमेन अशोक सिंह ठाकुर ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष, जिला चेयरमेन अरविन्द शुक्ला, राजेश बहुगुणा, दीपक खाण्डेकर, ज्वाइंट कमिश्नर अरविन्द यादव, नरेश ग्रोवर, ब्रिगेडियर विपिन त्रिवेदी, योगेश अग्रवाल, चन्द्रकांत राय, डॉ. संजय मेहलोत्रा ने अतिथि भूमिका निभाई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि इतिहास साक्ष्य प्रमाण होता है। इसे झुठलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि बच्चा रोता है तो उसे मोबाइल देते हैं, लोरी या कहानियां गायब हो गई हैं। संस्कृति बचाना जरूरी हो गया है। इस मौके

# प्रणीत वर्मा की जिलाध्यक्ष पर नियुक्ति

**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा प्रणीत वर्मा को जबलपुर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। 70 एम एम डाइनिंग हाल में आयोजित वृहद कार्यक्रम में,महासभा के प्रदेश अध्यक्ष श्री के.के. श्रीवास्तव ने उन्हें इस नवीन जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्रणीत वर्मा वर्तमान में भाजपा के जबलपुर जिला मंत्री भी हैं तथा संगठन संचालन में उन्हें व्यापक अनुभव है। महासभा युवाओं को अधिक संख्या में जोड़ने के अपने संकल्प के तहत यह दायित्व उन्हें सौंपा गया है।

# यूनियनों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल 9 जुलाई तक स्थगित

**रेल जगत**

**जबलपुर,देशबन्धु।** केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र क्षेत्रीय संघों/संघों के संयुक्त मंच की बैठक 20 मई 2025 को देशव्यापी आम हड़ताल की तैयारी गतिविधियों की समीक्षा करने के लिए 15 मई 2025 को नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। देश भर में मौजूदा स्थिति पर उचित विचार करने के बाद, देश के जिम्मेदार देशभक्त नागरिकों के एक अभिन्न अंग के रूप में संयुक्त मंच ने श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन और श्रमिकों, किसानों और आम लोगों की अन्य वैध मांगों के खिलाफ 20 मई से 9 जुलाई 2025 तक राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को पुनर्निर्धारित करने का निर्णय लिया यह संकल्प लिया गया कि 20 मई को राज्य की राजधानी/जिला/उद्योग स्तर/कार्यस्थल पर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन/लामबंदी की जानी चाहिए। श्रमिकों को दंड के बिना हटाया जा रहा है। यह कुछ और नहीं बल्कि कुख्यात श्रम संहिताओं को पिछले दरवाजे से लागू करने का जघन्य प्रयास है। साथ ही, ट्रेड यूनियनों द्वारा बार-बार मनाए जाने बावजूद सरकार ने केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों से मिलने और उनसे परामर्श करने या भारतीय श्रम सम्मेलन आयोजित करने की जहमत नहीं उठाई, जबकि देश के सभी क्षेत्रों से हड़ताल के लिए नोटिस प्राप्त हुए थे। इस पृष्ठभूमि में केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र क्षेत्रीय फेडरेशनों/एसोसिएशनों का संयुक्त मंच पूरे देश में काम करने वाले लोगों और उनके यूनियनों से आवहान करता है कि वे आम हड़ताल के लिए अपनी तैयारियों को जोरदार तरीके से जारी रखें और 9 जुलाई को देशव्यापी आम हड़ताल के पुनर्निर्धारित आव्हान को व्यापक रूप से सफल बनाएं।

## कमल तलरेजा आज करेंगे कटनी का निरीक्षण

**जबलपुर,देशबन्धु।** पमरे मंडल रेल प्रबंधक कमल तलरेजा आज पर्व स्पेशल से सुबह 9.20 बजे कटनी के लिए रवाना होंगें। और सुबह 10.30 बजे कटनी पहुँचेंगे। डी.आर.एम के साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ.मधुर वर्मा, वरिष्ठ विद्युत अभियंता वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा, सीनियर डी.एस.सी सीनियर डी.ई.एन व अन्य तकनीकी अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहेंगे। मंडल रेल प्रबंधक तलरेजा कटनी स्टेशन का बारीकी से निरीक्षण करेंगे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने स्टेशन निदेशक व अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री जगदीश अवस्थी-** तमरहाई चौक के पास निवासी श्री जगदीश अवस्थी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सीताराम साहू-** कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री सीताराम साहू (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री विजय सोनी-** जहांगीराबाद तीन पत्ती चौराहा के पास निवासी श्री विजय सोनी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बृज नंदन यादव-** सिंधी कैंप फकीरचंद अखाड़े के पास निवासी श्री बृज नंदन यादव (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बृज किशोर शुक्ला-** मथुरा विहार विजयनगर एमआर 4 निवासी श्री बृज किशोर शुक्ला (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कुसुम बाई जायसवाल-** दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री शंभू जायसवाल की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम बाई जायसवाल (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पीरू लाल चौधरी-** यादव कॉलोनी पटेल मोहल्ला निवासी श्री पीरू लाल चौधरी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजकुमार चौधरी-** कांचघर झंडा चौक निवासी श्री राजकुमार चौधरी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजकुमार चड़ार-** तिलहरी फेस वन निवासी श्री राजकुमार चड़ार (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कमलेश कुमार विश्वकर्मा-** एलआईसी के सामने मदनमहल निवासी श्री कमलेश कुमार विश्वकर्मा (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री गोविंद सिंह मार्को-** गंगानगर गढ़ा निवासी श्री कुंजबिहारी सिंह मार्को के पुत्र श्री गोविंद सिंह मार्को (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जमना प्रसाद ठाकुर-** चंपानगर मानेगांव रांझी निवासी श्री जमना प्रसाद ठाकुर (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती शकुंतला तिवारी-** काशी कॉलोनी पिपरिया खमरिया निवासी श्री महेश प्रसाद तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला तिवारी (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अरूण दुबे-** बड़ी खेरमाई खटीक मोहल्ला निवासी श्री संतोष दुबे के पुत्र श्री अरूण दुबे (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती पार्वती बाई प्यासी-** मझौली निवासी श्री यश कुमार प्यासी की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती बाई प्यासी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अमित बोस-** मुस्कान प्लाजा उखरी रोड निवासी श्री समन कुमार बोस के पुत्र श्री अमित बोस (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री रामनाथ विश्वकर्मा-** अमखेरा न्यू रामनगर निवासी श्री रामनाथ विश्वकर्मा (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पूर्णिमा देवी ठाकुर-** टेमर भीटा निवासी श्री लाखन सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती पूर्णिमा देवी ठाकुर (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती दुर्गा रजक-** केंट सदर निवासी श्री भैया लाल रजक की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा रजक का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# अजमेर से लाकर शहर में बेच रहे थे बटनदार चाकू, दोनों आरोपी गिरफ्तार

## क्राईम ब्रांच व लार्डगंज पुलिस की संयुक्त कार्यवाही, आठ चाकू बरामद



**जबलपुर,देशबन्धु।** क्राईम ब्रांच की टीम ने लार्डगंज पुलिस के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को बटनदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी उक्त चाकू अजमेर से लेकर आये थे और यहां बेचने की फिराक में ग्राहकों का इंतजार कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से आठ चाकू जप्त किये है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्राईम ब्रांच को सूचना मिली कि संजीवनी नगर भूकंप कालोनी निवासी अनिल अहिरवार अपने दोस्त के माध्यम से अजमेर पुष्कर जिला से बटनदार चाकू लेकर आया है, जो कि स्कीम नंबर-41 यादव कालोनी के पास बेचने की फिराक में घूम रहा है। पुलिस ने तत्काल ही यादव कालोनी क्षेत्र में दबिश देकर 19 वर्षीय अनिल अहिरवार को धर दबोचा। जिसके पास से पुलिस ने तीन बटनदार चाकू बरामद किये। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उक्त चाकू उसे मोतीनाला निवासी मोईनुद्दीन ने 18 सौ रुपये में दिये है, जो कि अजमेर से लेकर आया था। जिसके बाद पुलिस ने गणेश नगर रेलवे क्वार्टर के पास दबिश देकर हनुमानताल निवासी 19 वर्षीय मोईनुद्दीन को हिरासत में लिया, जिसके पास से पुलिस ने पांच बटनदार चाकू बरामद किये। पुलिस ने चाकू जप्त करते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की।

# जंगल में तैयार हो रहीं अवैध शराब के अड्डे पर पुलिस की दबिश

## पनागर पुलिस की धरहर पौडी में कार्यवाही, 155 लीटर शराब जप्त, एक हजार लीटर लाहन किया नष्ट



**जबलपुर,देशबन्धु।** पनागर पुलिस ने धरहर पौड़ी के जंगल में अवैध कच्ची शराब तैयार किये जाने के अड्डे पर दबिश दी। जहां से पुलिस ने एक आरोपी को शराब तैयार करते हुए दबोचा।

पुलिस ने मौके से 95 लीटर शराब जप्त की, इसके अलावा ड्रम में रखा एक हजार लीटर लाहन को पुलिस ने नष्ट करते हुए अन्य सामग्री जप्त की। उससे कुछ दूरी पर बाईक पर कच्ची शराब ले जा रहे आरोपी को रोका, जो कि बाइक छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने बाइक और उसमें बंधे कुप्पों से 60 लीटर कच्ची शराब बरामद की है।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर धरहर पौडी पर दबिश दी गई। जहां धरहर जंगल में नाले के पास एक व्यक्ति शराब बनाते दिखा, जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसने पूछताछ पर अपना नाम मुकेश बर्मन उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम पोनिया बताया। जिसके कब्जे में रखी काले रंग की केन में 60 लीटर, एक सफेद रंग की कैन में 30 लीटर, एक सफेद रंग की कुप्पी में 5 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई।

पूछताछ में आरोपी मुकेश ने बताया कि वह लल्लू बर्मन निवासी बिसैंधी के कहने पर शराब बनाता है, जिसके एवज में लल्लू बर्मन द्वारा 400 रुपये प्रतिदिन मजदूरी देता है। पुलिस ने आरोपी मुकेश बर्मन के कब्जे से 95 लीटर कच्ची शराब, 1 सिल्वर का गंज, 1 लोहे का ड्रम जिसमें स्टील की थाली जिसमें स्टील की पाईप बेल्डिंग की हुयी हैं एवं हरे रंग की प्लास्टिक की सटक फंसी हुई है जप्त करते हुए करते हुये ड्रम में भरा लगभग 1 हजार लीटर लाहन नष्ट किया गया। उससे कुछ दूरी पर एक मोटर सायकल डीलक्स क्रमांक एमपी 20 एन एफ 3816 में एक व्यक्ति पीछे तरफ प्लास्टिक की केन बांधे हुये दिखा, जो पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसका पीछा करने पर आरोपी नाला किनारे मोटर सायकल छोड़कर भाग गया। जिसकी तलाश करने पर नहीं मिला। घटनास्थल पर मोटर सायकल डीलक्स क्रमांक एमपी 20 एन एफ 3816 में पीछे तरफ प्लास्टिक की केन निवार की पट्टी से बंधी हुयी थी। जिसमें 60 लीटर कच्ची शराब भरी मिली। पुलिस ने उक्त शराब मय मोटर सायकल के जप्त करते हुए आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की।

# युवकों ने बंदूक लहराकर किया डांस शादी में नाच रही डांसरों से भी की अभद्रता

**जबलपुर,देशबन्धु।** जबलपुर में तमंचे की नोक पर महिलाओं के साथ जबरन डांस करने का वीडियो सामने आया है। मामला जबलपुर के पावला गांव का है। यहां पर 5 और 6 मई को शादी समारोह था। जिसमें डांसरों को बुलाया गया था। मंच पर 3 महिलाएं डांस कर रही थी। इसी दौरान गांव में ही विकास सिंह लोधी और नारायण लोधी पहुंच गए। पहले तो उन्होंने भीड़ में बंदूक लहराई और फिर महिला डांसरों के साथ नाचने लगे। इस दौरान दोनों ने डांसरों से अभद्रता भी की। वायरल वीडियो सामने आने पर शुक्रवार को पुलिस ने मामले में संज्ञान लिया है। थाना प्रभारी बेलखेड़ा जांच में जुटे हुए हैं।

# प्राइवेट पार्ट सहित शरीर को काटा था सात टुकड़ों में

## बाप-बेटा व दामाद तीन दिनों की पुलिस रिमांड में

**जबलपुर,देशबन्धु।** युवक का अपहरण उसकी हत्या की प्राईवेट पार्ट सहित षरीर के सात टुकडो में काटने वाले बाप-बेटे तथा दामाद को गोहलपुर पुलिस ने न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। आरोपियों से हत्या में प्रयुक्त हथियार व अन्य साक्ष्य को एकत्र करने पुलिस को उनका तीन दिनों का रिमांड मिला है।

गोहलपुर थाना अंतर्गत कृष्णा कालोनी के नंदन विहार के समीप नाले में मंगलवार की शाम को बोरी के अंदर टुकड़ों में युवक की लाश मिली थी। मृतक युवक का प्राइवेट पार्ट,हाथ-पैर कटे हुए थे और सिर गायब था। मृतक युवक के हाथ में मंजू परम लिखा हुआ था। मृतक युवक की शिनाख्त कजरवारा निवासी परम सिंह पिता श्याम सिंह उम्र 40 साल के रूप में हो गयी थी। मृतक का सिर कचरा मैदान भोला नगर से पुलिस ने बरामद किया था। पुलिस ने जांच में पाया कि युवक के घर के सामने रहने वाले राकेश कटारिया उम्र 50 साल से उसका गाडी खडे करने की बात पर विवाद चलता था। जो फरवरी माह से कृष्णा कॉलोनी नंदन विहार में रहने लगी थी। जिसके कारण पुलिस ने उन्हें पूछताछ के लिए अभिरक्षा में लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपने बेटे सोहन कटारिया उम्र 23 तथा दामाद राजवीर सिंह उम्र 30 साल के साथ मिलकर युवक की हत्या कर लाश को टुकड़ों में काटकर उसे ठिकाने लगाने के लिए फेंकना स्वीकार कर लिया।

गोहलपुर थाना प्रभारी प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि आरोपी को गिरफतार कर न्यायालय में पेष किया गया था। आरोपियों से हत्या में प्रयुक्त हथियार व अन्य साक्ष्य एकत्र करने उनका रिमांड प्राप्त करने न्यायालय के समक्ष आवेदन किया था। न्यायालय ने पुलिस को आरोपियों को तीन दिन का रिमांड प्रदान किया है।

# प्रापर्टी डीलर पर चाकू से हमला

**जबलपुर,देशबन्धु।** हनुमानताल थाना क्षेत्रातंर्गत मोतीनाला इलाके में दो बदमाशों ने एक प्रापर्टी डीलर से अवैध रुपयों की मांग करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे युवक के वाये पैर की जांघ में गंभीर चोट आई है। जिसे उपचार के लिये मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। अस्पताल पहुंची पुलिस को माढ़ोताल ग्रीन सिटी निवासी 36 वर्षीय प्रतीक उर्फ प्रिंस जैन ने बताया कि वह जमीन क्रय-विक्रय का काम करता है। बीती रात अपने घर से व्यापार के संबंध में मंडी मदार टेकरी छोटू खान से बात करने गया था। वहां से लौटते वक्त जब वह मोतीनाला पानी की टंकी के पास पहुंचा, उसी समय पीछे से एक मोटर साइकिल में जुबेर और खान साहब आये और उसे रोक लिया। इसके बाद दोनों कहने लगे कि बहुत विवादित प्रापर्टी को बेच रहे हो, हमें भी बीस-पच्चीस हजार रुपये दो। उसने रुपये देने से मना किया तो दोनों आरोपियों ने गाली गलौज शुरु कर दी।

# पति-पत्नी के तरह रहते हुए पैदा किया बच्चा

## हाईकोर्ट ने निरस्त की बलात्कार की एफआईआर

**जबलपुर,देशबन्धु।** पति-पत्नी की तरह साथ रहते हुए बच्चा पैदा किया। चार साल तक रिलेशनशिप में रहने के बाद शादी का प्रलोभन देकर बलात्कार करने की रिपोर्ट दर्ज करवा दी। हाईकोर्ट जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने एफआईआर को निरस्त करते हुए अपने आदेश में कहा है कि भौतिक परिस्थितियों पर विचार करते हुए ऐसे नहीं माना जा सकता है कि दोनों के बीच विवाह के झूठे वादे के आधार पर संबंध विकसित हुए थे। दोनों ने साथ रहते हुए एक बच्चे को जन्म दिया है। भरण-पोषण एवं अन्य राहत का दावा करने के लिए महिला उचित कार्यवाही करने स्वतंत्र है।

जबलपुर निवासी वीरेंद्र वर्मा ने अधारताल थाने में बलात्कार में तहत दर्ज एफआईआर को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि एफआईआर के अनुसार शिकायतकर्ता महिला की आयु 32 साल है और उसके पति की मृत्यु साल 2021 में हो गयी थी। पति का दोस्त होने के कारण आवेदन का महिला के घर आना जाना था और मोबाइल पर बातचीत प्रारंभ हो गयी। पति की मृत्यु के लगभग तीन महीने बाद आवेदन के उसके समक्ष शादी का प्रस्ताव भी रखा। दोनों ने सहमति से मई 2021 में शादी करने का निर्णय लिया था। इस दौरान दोनों के बीच शारीरिक संबंध स्थापित हुए। दोनों पति-पत्नी की तरह लंबे समय तक साथ रहे और इस दौरान एक बच्चे का जन्म हुआ, जो लगभग सात माह का है। आवेदक के द्वारा शादी करने से इनकार कर दिया। महिला ने शादी का झूठा आश्वासन देकर आवेदक पिछले चार वर्षों से शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ जनवरी 2025 में बलात्कार की रिपोर्ट दर्ज करवा दी। आवेदक कर तरफ से तर्क दिया गया कि दोनों के बीच आपसी सहमति से वर्षों तक संबंध स्थापित रहें। इतने लंबे समय के बाद अगर ऐसी शिकायत दर्ज की जाती है, तो वह बलात्कार की श्रेणी में नहीं आता है।

एकलपीठ ने सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा पारित आदेश का हवाला देते हुए कहा है कि मौजूदा तथ्यात्मक परिस्थितियों के आधार पर संबंध को विवाह के झूठे वादे पर विकसित होना नहीं माना जा सकता है। ऐसे आरोपों को कार्यवाही शुरू करने का आधार नहीं बनाया जा सकता है। पक्षों के बीच संबंधों में कड़वाहट के कारण ऐसा हो सकते हैं। इस तरह बिना किसी ठोस सबूत के आपराधिक अभियोजन शुरू नहीं किया जा सकता है। एकलपीठ ने एफआईआर को निरस्त करते हुए महिला को उक्त स्वतंत्रता प्रदान की है।

# सिविल जज भर्ती प्रक्रिया याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन

## हाईकोर्ट ने पूर्व के स्थगन आदेश पर किया किया संशोधन

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने पूर्व में दिए सिविल जज भर्ती प्रक्रिया पर स्थगन आदेश में संशोधन करते हुए आगामी तीन माह के भीतर प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिये है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने कहा कि सभी भर्तियां इस याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रहेंगी। दरअसल हाईकोर्ट ने 24 जनवरी को भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। इसी बीच सुप्रीम कोर्ट ने 3 मार्च 2025 को देशभर की अदालतों में सिविल जज के रिक्त पदों को भरने के निर्देश दिये थे। इसी के मद्देनजर हाईकोर्ट ने पूर्व आदेश को मॉडिफाई किया।

एडवोकेट यूनियन फॉर डेमोक्रेसी एण्ड सोशल जस्टिस के सचिव राम गिरीश वर्मा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर तथा विनायक प्रसाद शाह ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने 17 नवंबर 2023 को व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खंड (प्रवेश स्तर) के 06 पद दिव्यांगों सहित कुल 138 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। विज्ञापन के अनुसार अनारक्षित वर्ग के 31 तथा अनारक्षित वर्ग बैक लॉग 17 पद, एसससी के 09 तथा बैकलॉग 11 पद, एसटी के 12 बैक लॉग, ओबीसी के 09 बैकलॉग के 01 पद शामिल किए थे। इसमें ओबीसी वर्ग को किसी भी प्रकार की छूट नहीं गई थी। दलील दी गई थी कि अनारक्षित वर्ग का कभी बैक लॉग नहीं होता है एवं साक्षात्कार में निर्धारित 50 में से 20 अंकों की अनिवार्यता अवैज्ञानिक है। प्रारंभिक परीक्षा के रिजल्ट जारी कर तीन गुना अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु चयनित किए जाने का नियम है, लेकिन हाईकोर्ट द्वारा अनारक्षित वर्ग मे एक भी आरक्षित वर्ग के प्रतिभावान अभ्यर्थियों को शामिल नहीं किया गया। हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद पूरी भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। सुकों के आदेश के बाद हाईकोर्ट ने अपने आदेश को संशोधित कर उक्त निर्देश दिये।




# डिजिटल अरेस्ट कर लाखों हड़पने वाले आरोपियों को जमानत नहीं

## आरोपी विशाल व यशपाल भट्ट की अर्जियां खारिज

जबलपुर। हाईकोर्ट के जस्टिस पीके अग्रवाल की एकलपीठ ने साइबर ठगी के आरोपी राजस्थान निवासी विशाल व यशपाल भट्ट की जमानत अर्जियां निरस्त कर दी है। राज्य की ओर से शासकीय अधिवक्ता सीएम तिवारी ने जमानत अर्जियों का विरोध किया।

उन्होंने दलील दी कि यह मामला बेहद गंभीर प्रकृति का है। इनके विरुद्ध क्राइम ब्रांच भोपाल ने अपराध पंजीबद्ध किया है। दोनों के विरुद्ध भोपाल मनोज भुरारिया ने शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें आरोप लगाया था कि आरोपियों की ओर से सुनियोजित तरीके से साइबर ठगी की गई है। काल करके भयाक्रांत किया गया कि मेरा आधार कार्ड नवाब मलिक के मनी लांड्रिंग केस से जुड़ा है। इसके साथ ही जाली एफआईआर भेजी गई। इसके साथ ही डिजिटल अरेस्ट कर लिया गया। यही नहीं तीन किश्तों में 68.49 लाख ट्रांसफर करा लिये गये। पूरे मामले का अवलोकन करने के बाद न्यायालय ने दोनों आरोपियों की जमानत अर्जी निरस्त कर दी।

# ओबीसी का उप वर्गीकरण नहीं होने से हो रहे लाभ से वंचित

## याचिका में दावा, हाईकोर्ट ने अनावेदकों से मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** ओबीसी वर्ग का उप वर्गीकरण करने की मांग को लेकर दायर एक जनहित याचिका पर चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की खंडपीठ ने केन्द्र सरकार के सामाजिक न्याय विभाग, ओबीसी कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव, राष्ट्रीय व मप्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

जबलपुर निवासी रागिनी कश्यप की ओर से अधिवक्ता एसके कश्यप ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि ओबीसी का उप वर्गीकरण नहीं होने से अति पिछड़े लोगों को न्यायपालिका, विधायिका व कार्यपालिका में प्रतिनिधित्व नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1992 में सुप्रीम कोर्ट ने इंदिरा साहनी के मामले में फैसला दिया था कि क्रीमी लेयर से ऊपर वालों को ओबीसी का लाभ नहीं मिलेगा। इसी तरह शीर्ष अदालत ने यह कहा था कि इस वर्ग का उप वर्गीकरण होना चाहिए। इसके तहत ओबीसी को पिछड़ा, अधिक पिछड़ा और अति पिछड़ा में वर्गीकृत किया जाना था। याचिका में कहा गया कि मप्र की सूची क्रमांक-12 में अति पिछड़े वर्ग में केवट, कहार, मल्लाह, भोई, रैकवार, कश्यप, सौंधिया आदि का मध्यप्रदेश में प्रतिनिधित्व शून्य है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

# बंदियों के अधिकारों के विषयों में दी गई जानकारी

## केंद्रीय जेल में विधिक जागरुकता शिविर सम्पन्न

**जबलपुर,देशबन्धु।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी के मार्गदर्शन में शुक्रवार को केंद्रीय जेल में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शक्ति वर्मा व जिला विधिक सहायता अधिकारी शक्ति रावत ने बंदियों को उनके अधिकारों के सिलसिले में जानकारी दी।

नशा उन्मूलन की आवश्यश्कता रेखांकित की। नशीली दवाओं के नुकसान की जानकारी दी। निश्शुल्क विधिक सहायता के प्रविधान के बारे में अवगत कराया। बंदियों को बताया गया कि जेल को कारागार से अधिक सुधारगृह समझें। यहां प्रायश्चित करने का अवसर मिलता है। सजा पूरी होने के बाद समाज की मुख्यधारा में लौटा जा सकता है। सामान्य जीवन जिया जा सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि एक भूल कर होता नहीं कोई खराब, अनुचित है देना उसे कोई सामाजिक अभिशाप।

# शिक्षकों को नियम विरुद्व तरीके से अतिशेष घोषित किये जाने को चुनौती

## स्कूल शिक्षा विभाग के पीएस सहित अन्य को नोटिस जारी

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर नियम विरुद्ध तरीके से शिक्षकों को अतिशेष घोषित करने को चुनौती दी गई है। मामले पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद जस्टिस डीडी बंसल की एकलपीठ ने स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय, जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट, संकुल प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुम्हारी को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

दरअसल यह मामला बालाघाट निवासी अनुसुइया सोनवे की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता विनायक प्रसाद शाह, पुष्पेन्द्र कुमार शाह एवं रूप सिंह मरावी ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता कुम्हारी शाला में उच्च माध्यमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ है। यहां जीव विज्ञान के लिए एक ही पद है। सितम्बर 2024 में एजुकेशन पोर्टल में अनुसुइया सोनवे की आईडी को अमान्य दिखाया। इस पर याचिकाकर्ता ने संकुल प्राचार्यए डीईओ और लोक शिक्षण संचनालय को अभ्यावेदन देकर पोर्टल में हुई गड़बड़ी को ठीक करने का निवेदन किया। गड़बड़ी ठीक करने की बजाय उक्त सीट को रिक्त बताते हुए एक अन्य शिक्षिका लोकेश्वरी चंद्रवार का स्थानांतरण कर दिया। दलील दी गई कि जब पहले से एक पद पर शिक्षक पदस्थ है तो उसी पद पर दूसरे का स्थानांतरण कैसे हो सकता है। मई 2025 में याचिकाकर्ता के आईडी पर मैसेज दिखाया गया कि उन्हें अतिशेष घोषित कर दिया गया है, इसलिए वे 16 मई तक अपना विकल्प दें, वरना उनका स्थानांतरण कर दिया जायेगा। जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

# रादुविवि व अन्य विवि में कृषि पाठ्यक्रम संबंधी मामले की होगी संयुक्त सुनवाई

## इंदौर बेंच में दायर याचिका भी मुख्यपीठ होगी ट्रांसफर, अगली सुनवाई 16 जून को

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर सहित अन्य विश्वविद्यालयों में कृषि अनुसंधान परिषद की अनुमति के बिना कृषि पाठ्यक्रम शुरू किए जाने को चुनौती संबंधी याचिकाओं की संयुक्त सुनवाई किये जाने के निर्देश दिये है। हाई कोर्टने नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच जबलपुर के अध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए रजिस्ट्री को निर्देशित किया है कि इंदौर बेंच में विचाराधीन याचिका भी मुख्यपीठ जबलपुर स्थानांतरित करा ली जाये, युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 16 जून को निर्धारित की है। जनहित याचिकाकर्ता एनयूएमएम की ओर से अधिवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने दो दस्तावेज प्रस्तुत किए थे। इनमें एक में सूचना के अधिकार के तहत खुद रादुविवि ने जानकारी दी है कि विवि में कृषि या पशु विभाग नहीं है। दूसरा दस्तावेज प्रस्तुत किया, जिसमें निर्देश है कि कृषि संबंधी कोई भी कार्य केवल कृषि विभाग ही करेगा। हाईकोर्ट ने दोनों दस्तावेजों पर रादुवि व शासन से जबाव मांगा है। अनावेदकों ने जबाव प्रस्तुत करने समय चाहा। हाईकोर्ट ने निर्देश दिया कि सभी पक्षकार लिखित प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। जिसके बाद न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

# पास्को एक्ट में मिली 20 साल की सजा को हाईकोर्ट ने घटाकर किया 5 साल

## अपीलकर्ता को हाईकोर्ट से मिली आंशिक राहत

**जबलपुर,देशबन्धु।** पास्को एक्ट के तहत 20 साल के कारावास की सजा से दंडित किये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिवीजन अपील दायर की गयी थी। हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल तथा जस्टिस देवनारायण मिश्रा की युगलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि अपीलकर्ता ने पीडित पर प्रवेशात्मक यौन हमला नहीं किया था। युगलपीठ ने अपीलकर्ता की सजा से 20 साल से घटाकर पांच साल किये जाने के आदेश जारी किये है।

जिला अनूपपुर निवासी अपीलकर्ता हरि कीर्तन शाह की तरफ से पास्को सहित अन्य धाराओं के तहत अधिकतम 20 साल की सजा से दंडित किये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। अपील में कहा गया था कि उसने घटना के पूर्व ही थाना प्रभारी से शिकायत की थी कि उसके एससी एसटी एक्ट में झूठा फंसाया जा सकता है। अभियोजन अपीलकर्ता की तरफ से तर्क दिया गया कि पीडित ने न्यायालय के समक्ष परीक्षण के दौरान कहा था कि चाचा आंगन में आये थे, तो उनकी दादी बैठी हुई थी। दादी से बातचीत करने के पश्चात वेघर से चले गये। जिरह के दौरान पूछताछ करने पर पीड़िता ने कहा कि चाचा ने उसे अपनी गोद में बैठाया था तथा उसके गुप्तांगों को छुआ था। सरकार की तरफ से तर्क दिया गया कि पीड़िता की आयु लगभग 09 वर्ष है। वह यौन उत्पीड़न की शिकार है, अतः अपीलकर्ता के खिलाफ किसी प्रकार की रियायत नहीं की जाये।

युगलपीठ ने अपने आदेष में कहा है कि ट्रायल कोर्ट में पूछताछ करने पर पीडित ने बताया था कि अपीलकर्ता ने उसे गोद में उठा लिया था और उसके निजी अंगों को छुआ था। इसके बाद पीड़िता के इस साक्ष्य का खंडन नहीं किया गया। मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार पीड़िता के निजी अंगों पर कोई चोट के निशान नहीं नहीं थे। अपीलकर्ता ने प्रवेशात्मक यौन हमला नहीं,इसलिएदोषसिद्धि और सजा को संशोधित किया जाता है। आईपीसी की धारा 376-ए(बी), पोक्सो अधिनियम की धारा 5(एम)/6, एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(1)(डब्ल्यू)(पप) और 3(2)(वी) से दोषसिद्धि को निरस्त करते हुए अपीलकर्ता को पोक्सो अधिनियम की धारा 7 के तहत परिभाषित यौन उत्पीड़न का दोषी मानते हुए दस हजार रुपये के जुर्माने के साथ पांच साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया जाता है।

## गांधीग्राम यात्री प्रतीक्षालय धूल और दुर्दशा का शिकार

**परेशानी** पूर्व विधायक ने कराया था निर्माण, जिम्मेदारों की अनदेखी ने अनुपयोगी बना दिया

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** एनएच-30 फोरलाइन बाइपास परियोजना के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा जबलपुर-सिहोरा हाइवे सड़क मार्ग के हाइवे के गांधीग्राम, बम्होरी, धमकी चौराहे पर कोई प्रतीक्षालय नहीं बनाया गया था। स्थानीय लोगों की मांग पर पूर्व विधायक नंदिनी मरावी के प्रयासों से विधायक निधि के माध्यम से यह एकमात्र प्रतीक्षालय बन सका था, लेकिन स्थानीय प्रशासन और एनएचआई इस यात्री प्रतीक्षालय को सहेजने की जगह इसे बेहद दयनीय और अनुपयोगी स्थिति में पहुंचा दिया है।



**आज स्थिति में बैठना नामुमकिन-** यात्री प्रतीक्षालय की वर्तमान स्थिति यह है कि प्रतीक्षालय के आसपास खदानों से निकलने वाले हाईवा की धूल हर समय उड़ती रहती है, जिससे यात्रियों के लिए यहां बैठना मुश्किल हो गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर स्थित गांधीग्राम बाईपास के धमकी बम्होरी चौराहे पर बना एकमात्र यात्री प्रतीक्षालय अपनी दयनीय स्थिति के कारण यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। चारों ओर उड़ती धूल के गुबार और पीने के पानी की व्यवस्था न होने से यहां रोजाना इंतजार करने वाले हजारों यात्रियों का हाल बेहाल है।

**दर्जनों गांव के व्यक्ति यात्री वाहनों का करते हैं इंतजार-**जबलपुर और कटनी की ओर जाने वाले धमकी बम्होरी, रामपुर ,बड़खेरा, बड़खेरी, बडेरा, रानीताल, कटैया, सिलुवा, झांसी, बेली, बेला समेत दर्जनों गांवों के हजारों यात्री इसी प्रतीक्षालय पर बसों और ऑटो का इंतजार करते हैं। मजबूरी में खड़े रहकर वाहन का इंतजार करने वाले यात्रियों के धुले हुए कपड़े पल भर में धूल से सन जाते हैं। शादियों के मौसम में आसपास के गांवों से आने-जाने वाले लोगों की परेशानी और बढ़ जाती है। अत्यधिक धूल के कारण ऑटो और बस वाले भी यहां कम ही रुकते हैं, जिससे यात्रियों को दोगुना इंतजार करना पड़ता है। गर्मी के मौसम में पीने के पानी की व्यवस्था न होने से स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। सबसे अधिक परेशानी महिला यात्रियों को होती है, जो अपनी तकलीफ किसी से कह भी नहीं पातीं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि ग्राम पंचायत में महिला सरपंच होने के बावजूद इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। क्षेत्र के बलराम पटेल, रतिराम भूमिया, पुरुषोत्तम चौधरी, राजकुमार पाल, राजकुमार यादव, सुरेश चक्रवर्ती, राजेश चक्रवर्ती, शिव प्रसाद बिरहा सरपंच, शांति रामराज पटेल सरपंच, चंदा रामस्वरूप चौहटेल पंच, सुधा चक्रवर्ती और अन्य स्थानीय यात्रियों ने मांग की है कि धूल की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रतीक्षालय पर मिट्टी हटाकर पानी का छिड़काव किया जाए और पीने के पानी की व्यवस्था प्याऊ सुनिश्चित की जाए, ताकि यात्रियों को कुछ राहत मिल सके।

## भारतीय सेना का अपमान करने वाले मंत्री को बर्खास्त करें सीएम

### एनएसयूआई ने उप मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**पाटन, देशबन्धु।** प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री विजय शाह द्वारा देश को गर्वित करने वाली भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई अशोभनीय तथा आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने उप-मुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा को ज्ञापन सौंपकर मंत्री विजय शाह का इस्तीफा लेकर नियमानुसार देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की जिस पर मंत्री श्री देवड़ा ने आश्वासन दिया कि शीर्ष नेतृत्व इस मामले पर जल्द निर्णय लेगा।छात्र नेता अनुराग शुक्ला व शफी खान ने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी,जो भारतीय सेना की शान हैं,जिनकी बहादुरी पर देश को गर्व है उनके लिए की गई अपमानजनक टिप्पणी न केवल महिला शक्ति का अपमान है,बल्कि भारतीय सेना के सम्मान पर भी कुठाराघात है उनके इस बयान से भारतीय सेना की गरिमा,देश की एकता और सामाजिक सद्भाव पर भी हमला हुआ है.यह बयान मंत्री शाह की संकीर्ण मानसिकता, सांप्रदायिक विद्वेष और गैर-जिम्मेदाराना रवैये का भी नमूना है तथा घृणित और राष्ट्र-विरोधी होने के साथ-साथ गंभीर अपराध है एक जनप्रतिनिधि,विशेषकर एक वरिष्ठ मंत्री से इस तरह के बयान की उम्मीद नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी ने अपनी वीरता और देशभक्ति से देश का मान बढ़ाया है। ऐसे व्यक्तित्व पर हमला उनकी व्यक्तिगत गरिमा पर प्रहार और भारतीय सेना एवं जन भावनाओं का भी अपमान है फिर भी सीएम ने ना तो उनका इस्तीफा लिया और ना ही उन पर कोई उचित कार्रवाई की है जिससे यह स्पष्ट होता है कि बीजेपी भारतीय सेना के सम्मान और प्रदेश की जनता की भावनाओं के प्रति पूरी तरह असंवेदनशील और गैर-जिम्मेदार है मुख्यमंत्री को अपने मंत्रिमंडल से शीघ्र उनका इस्तीफा लेकर नियमानुसार देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कर भारतीय सेना से माफी मांगनी चाहिए ज्ञापन सौंपते समय मुख्य रुप से अदनान अंसारी,प्रतीक गौतम,सक्षम यादव,एजाज अंसारी,युग ठाकुर,अंकित कोरी सहित शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए एनएसयूआई नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**सार-समाचार**

## संस्कारधानी के विकास के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे

### भाजपा की वरिष्ठ नेत्री सुमन सिंह से उनके निवास पर चर्चा के दौरान उपमुख्यमंत्री ने कही यह बात



**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने जबलपुर प्रवास के दौरान भाजपा की वरिष्ठ नेत्री सुमन सिंह यादव के अमखेरा मालगुजार निवास पर भेंट की। सुमन सिंह यादव ने उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा के मालगुजार निवास पहुंचने पर परिवार सहित भव्य स्वागत किया। उन्होंने उप मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान संस्कारधानी में यातायात और पानी की समस्या से अवगत कराया। भाजपा की वरिष्ठ नेत्री ने संस्कारधानी के छोटे-बड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए बच्चों को अच्छी शिक्षा व खेल के अवसर उपलब्ध कराने पर बात की। उन्होंने संस्कारधानी में विकास कार्यों पर भी उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा से गहन चर्चा की।

उप मुख्यमंत्री ने सुमन सिंह यादव के विकास के प्रस्ताव और मांग को लेकर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने ने न्यूनतम समय में अधिकतम विकास कार्यों को पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास करने की बात कही।

## खेत से कृषि सामग्री चोरी, पुलिस ने मामला किया दर्ज

**मझौली, देशबन्धु।** थाना मझौली अंतर्गत ग्राम मनगवां में किसान देवकरण पटेल के खेत में अज्ञात लोगों द्वारा कृषि सामग्री चोरी कर तोड़ फोड़कर भारी नुकसान किया। किसान ने बताया कि खेत में लगभग रात 11.30 पर कुछ लोगों के द्वारा 182 पाइप काट दिए गए, लगभग 32 नोजल, सभी बोर के स्टार्ट और डोरी चोरी कर ले गए। किसान के अनुसार 6 बोर में भारी नुकसान कर केबल, डोरी काट दी और एक बोर में आग लगा कर दी, जिससे वह जल गया।

किसान का कहना है कि कुछ लोगों द्वारा अनावश्यक ही परेशान किया जा रहा है। किसान के खेत में मूंग, उड़द की फसल लगी हुई है, जिसमें वह सिंचाई करता है। यह एक बार की घटना नहीं है। लगभग 3 से 4 बार इस प्रकार की घटना घटित हो चुकी है। पुलिस ने मामला दर्ज किया है, लेकिन ठोस कार्रवाई न होने से बार-बार चोरी और तोड़-फोड़ की जा रही है। पुलिस ने मामला कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुशार मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## ग्रामीण क्षेत्र की छात्रा श्रेया ने 10वीं कक्षा की छात्रा ने पूरे तहसील में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**मझौली, देशबन्धु।** तहसील मझौली के ग्राम सुहाजनी की छात्रा श्रेया सिंह राजपूत ने 10वीं कक्षा में पूरे तहसील में प्रथम स्थान प्राप्त कर टॉप किया। ग्रामीणों ने बताया कि श्रेया ने ग्रामीण क्षेत्र में रहकर लगन और मेहनत से हमारे गांव का नाम रोशन किया, जिससे पूरे गांव में खुशी है। श्रेया ने बताया कि वो सर्वोत्तम हाईस्कूल मझौली की छात्रा है। बताया कि कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने पढ़ाई की, जिसमें माता पिता का पूरा सहयोग रहा और इतिहास रचने में सफल रही। श्रेया के पिता सुरजीत ने बताया कि मेरी बेटी ने माता पिता का नाम रोशन कर मेरा जीवन धन्य कर दिया। रात दिन पढ़ाई करती थी और कड़ी मेहनत कर सफलता प्राप्त की। श्रेया ने 10 कक्षा में 500 में से 487 अंक प्राप्त कर 97.4 प्रतिशत बनाए, जिसमें सर्वोतम हाईस्कूल सहित पूरी मझौली तहसील में टॉप किया।



## प्रेमवती राजपूत का निधन



**पनागर, देशबन्धु।** श्रीमती प्रेमवती राजपूत इंद्राना निवासी उम्र 90 वर्ष का निधन हो गया लालजी सिंह राजपूत की धर्मपत्नी एवं पूर्व सरपंच मनोहर सिंह की माता थी अंतिम संस्कार स्थानीय श्मशान घाट इंद्राना में किया गया।

## कांग्रेस ने किया कैबिनेट मंत्री का पुतला दहन

**सिहोरा, देशबन्धु।** सिहोरा के पुराना बस स्टैंड में देश की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी के विरुद्ध मध्य सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा की गई अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में मंत्री विजय शाह के इस्तीफा की मांग को लेकर बिहारी पटेल अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा के संयोजन में मध्य प्रदेश शासन के मंत्री विजय शाह का बस स्टैंड सिहोरा में पुतला दहन किया गया, जिसमें कांग्रेस पार्टी के एडवोकेट सुबोध पांडे, लाल बहादुर पाठक, तहसील बार एसोसिएशन सिहोरा के अध्यक्ष रविदीप सिंह, जितेंद्र श्रीवास्तव पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, बाबा कुरैशी पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, अमोल चौरसिया, घनश्याम बडगईया, पार्षद रमेश पटेल, पूर्व पार्षद राजेश पटेल आलोक पांडे, गणेश दाहिया, मंसूर मंसूरी, शिवकुमार पांडे, संतोष पांडे, केके कुररिया, फैज आलम शाह, शेख साबिर, पूर्व पार्षद शंकर वंशकार, रामलोचन गोटिया, पवन सोनी, जगदीश सैनी, जितेंद्र तिवारी, डॉ रमेश पटेल, सुभाष ठाकुर, डब्बू पाठक, संदीप शुक्ला ,मनीष शुक्ला, गुरु मिश्रा, राजू खान, युसूफ भाई जान, रमा चौरसिया, सोनू त्रिपाठी, ओम नारायण श्रीवास्तव, शंभू पटेल ,विनोद पटेल, मीत सैनी इत्यादि बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।



## उप मुख्यमंत्री पहुंचे गजरथ स्थल, प्रवचन में हुए शामिल

### पंचकल्याणक में द्वितीय दिन की हुई क्रियाएं

**पनागर, देशबन्धु।** श्री 1008 मज्जिनेन्द्र जिनबिम्ब पंच कल्याणक प्रतिष्ठा एवं सप्त मजस्य गजरथ महोत्सव के तीसरे दिन शुक्रवार को मुक्ति का उद्घाटन गर्व कल्याणक उत्तर रूप क्रिया के साथ एवं अन्य क्रियाएं विधि विधान से की गई। उप मुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा विधायक सुशील तिवारी, विधायक पं. अभिलाष पांडे, नगर भाजपा के अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण जिला भाजपा अध्यक्ष राजकुमार पटेल के साथ अनेक भाजपा नेता कार्यक्रम स्थल पहुंचे और आचार्यश्री को श्रीफल, अर्पित कर विश्व शांति के आशीर्वाद की कामना की। गुरुवर ने सभी को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर श्री गजरथ कमेटी के अध्यक्ष राजेश कटंगा पपी मंत्री अभिनंदन चौधरी एवं सभी अध्यक्ष जन आनंद जैन मिंचू संतोष चौधरी पवन लसगरी के साथ विमल जैन प्रचार मंत्री अंकित जैन अंकुर जैन के साथ वरिष्ठ जन द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया।





108 आचार्य विद्यासागर के मंगल सानिध्य में आचार्य समय सागर, नगर गौरव निर्यापक मुनी संभव सागर के आशीर्वाद से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। मंच पर ऐलक व छुल्लक जी भी विराजमान थे। प्रतिष्ठाचार्य वाणी भूषण ब्र. विनय भैया बंडा, सहप्रतिष्ठाचार्य ब्र.नरेश भैया मड़िया जी जबलपुर ने तृतीय दिवस मुक्ति का उद्घाटन गर्भकल्याणक के तहत पात्र शुद्धि, अभिषेक, शांतिधारा, नित्यमह पूजन, गर्भ कल्याणक पूजन की गई। तत्पश्चात आचार्य गुरुवर के द्वारा विशाल जनसमूह को आशीर्वचन दिया। भगवान के पिता माता पवन लसगरी एवं शालिनी लसगरी के निवास स्थान से इंद्र इंद्राणियों द्वारा जुलूस निकाला गया। हजारों भक्तजनों द्वारा सीमातंनी क्रिया की, गोद भराई का कार्यक्रम किया गया। दोपहर को विशाल घटयात्रा जुलूस बजरिया मंदिर में नवनिर्मित, नवीन वेदी-शिखर शुद्धि संस्कार किया गया। तत्पश्चात दोपहर में नाटक की प्रस्तुति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। आचार्यश्री ने प्रवचन में गर्भकल्याणक के महत्व को बताया। रात्रि में शरद खजांची, रश्मि खजांची, भावना पार्थ खजांची परिवार के निवास स्थान से संगीतमय उद्घोष के साथ शोभायात्रा निकाली गई। उनके द्वारा महाआरती की गई। रात्रि में महाराज नाभिराय का राजदरबार, स्वप्नफल कथन, अष्टदेवियों का दरबार, माता की सेवा, छप्पन कुमारी देवियों द्वारा भेंट समर्पण का कार्यक्रम मंच पर किया गया।

## उप मुख्यमंत्री ने कुंडम में लैगून पद्धति से निर्मित तालाब का किया निरीक्षण

**कुंडम, देशबन्धु।** उपमुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी जगदीश देवड़ा शुक्रवार को विधायक संतोष वरकडे के पड़रिया निवास पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। तिलसानी में भी कार्यकर्ताओं ने भी उप मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद तालाब का निरीक्षण धनवाही गोरिया में किया। कुंदवारा के रेस्ट हाउस में भी इनका कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया। बघराजी के तालाब का निरीक्षण के बाद मंच के माध्यम से उप मुख्यमंत्री ने लोगों को संबोधित किया।



सिहोरा विधायक संतोष वरकडे ने उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का शॉल-श्रीफल से स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद आशीष दुबे, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोटिया, पूर्व विधायक नंदनी मरावी, रानू तिवारी, डॉ. रवि महोबिया, जिला अध्यक्ष भाजपा राजकुमार पटेल, महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, डॉ. रविंद्र चमपुरिया, राजा मोर, जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल, अनुपम सराफ ,राजमणि बघेल, माधव मिश्रा, शिशिर पांडे, मंडल अध्यक्ष राजेश साहू, अंशु जायसवाल, राहुल निगम, पवन गुप्ता, विनोद कुमार मार्को, अनंत नागोरिया, गणपत सिंह उईके, कमलेश साहू, सतीश अवस्थी, खिलाड़ी सिंहआर्मो, अशोक जैन, राधेश्याम साहू, डॉ. राजू साहू, राजकुमार साहू, प्रकाश जैन, अजय जैन, जिला पंचायत सदस्य एकता ठाकुर, जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना, जिला पंचायत सीईओ अशोक गहलोत, डीएसपी आकांक्षा उपाध्याय, एसडीएम मोनिका वाघमारे, तहसीलदार दीपक पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीएल यादव, वन परिक्षेत्र अधिकारी महेश चंद्र कुशवाहा, कनिष्ठ अभियंता प्रशांत सिंहा, टीआई अनूप नामदेव एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उर्जा विभाग के विभिन्न भत्ते पुनरीक्षित करने अभियंता संघ ने उर्जा मंत्री को लिखा पत्र

**पाटन, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल अभियंता संघ के महासचिव इंजी.विकास कुमार शुक्ला द्वारा उर्जा मंत्री को पत्र लिखकर मांग की गई है,कि राज्य शासन की तर्ज पर सातवे वेतन मान के अनुसार उर्जा विभाग के विभिन्न भत्ते जैसे सी-ऑफ नाइट शिफ्ट अलाउंस (एन एसए) कंपनसेटरी अलाउंस(कंपनी.ऑल.) एवं कन्वेयन अलाउंस (सीए) का भुगतान सातवें वेतनमान के अनुसार पुनिर्रीक्षित किया जाए। साथ ही लिखा है कि राज्य सरकार द्वारा हाल ही में विभिन्न भत्तों कि दरों को सातवें वेतन आयोग के अनुसार संशोधित किया गया है,किन्तु अत्यंत खेद का विषय है कि उर्जा विभाग के विभिन्न भत्ते आज दिनांक तक पुनिर्रीक्षित नहीं किये गए। जिसमे से कुछ महात्वपूर्ण भत्ते लगभग दो दशक (20-25 वर्षों ) से पुनिर्रीक्षित नहीं किये गए हैं। जिसके कारण निरसावस प्रदेश के अनुभवी अभियंता अच्छे अवसर प्राप्त होते ही निरंतर त्यागपत्र देकर अन्य संस्थानों में पलायन कर रहे है। महासचिव द्वारा यह भी बताया गया कि विद्युत क्षेत्र की सभी सेवाओं में हमारे प्रदर्शन का मूल्यांकन राज्यों को आधार मानकर किया जा रहा है,जबकि मध्य प्रदेश में आज कथित भत्ते अन्य राज्यों की तुलना में आधे के समतुल्य भी नहीं दिए जा रहे हैं।

अत: राज्य शासन के द्वारा विभिन भत्तों के पुनरीक्षण उपरान्त वर्तमान परिदृश्य में उर्जा विभाग के अंतर्गत विभिन्न भत्तों को भी तत्काल पुनरीक्षित किया जाना उचित होगा। अभियंता संघ ऊर्जा मंत्रीजी से मांग करता है कि ऊर्जा विभाग कि समस्त उत्तरवर्ती कम्पनियों में कार्यरत कार्मिकों हेतु शीघ्र-अतिशीघ्र सातवें वेतनमान के अनुसार पुनरीक्षित करने हेतु संबंधितों को निर्देशित करने की कृपा करे। ताकि अभियंता पूर्ण मनोयोग और दक्षता के साथ कार्य कर सकें तथा विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुचारू बनाए रखने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान प्रदान करें।

## पत्रकारों को मिले विभिन्न योजनाओं का लाभ

### उप मुख्यमंत्री से पत्रकारों ने की मुलाकात, नौ सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

**पाटन, देशबन्धु।** पत्रकारहित में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पत्रकारों को लाभ प्रदान करवाने बावत मप्र के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को आंचलिक श्रमजीवी पत्रकार संगठन के बैनर तले नौ सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को ज्ञापन सौंपा गया। जिसको लेकर उन्होंने पत्रकारों को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही वह मुख्यमंत्री से चर्चा कर उनकी मांगों का निराकरण कराने की दिशा में प्रयास करेंगे। इस मौके पर आंचलिक श्रमजीवी पत्रकार संगठन मप्र के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रीत, सच्चिदानंद सेकटकर, शीतल जैन, आशीष विश्वकर्मा, गोपाल गुमास्ता, ऋषिकेश सराफ, प्रलाहद साहू, चंदू चौबे, रविन्द्र डोंगरे,कृष्ण कुमार साहू, दिनेश सोनी, प्रवीण मिश्र, आशीष शुक्ला, आशीष पांडेय, संजय सेन,दिनेश सिंह, धर्मेन्द्र असरानी आदि मौजूद रहे। पत्रकारों ने अपने मांग पत्र में पत्रकार प्रोटेक्शन कानून शीघ्र ही बनाने, अधिमान्यता नियम शिथिल किए जाने,पत्रकार सम्मान निधि जो कि वर्तमान में बीस हजार रूपए है, इसमें बढ़ोतरी करने और दस वर्ष की अधिमान्यता की शर्त को आठ वर्ष करने,वर्ष 2016 के बाद से राज्य स्तरीय पत्रकारिता पुरस्कार घोषित नहीं किए गए हैं।

इन्हें तत्काल घोषित करने,बीमार पत्रकारों को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करने,गैर अधिमान पत्रकार की आकस्मिक मृत्यु होने पर उनके परिवार को एक मुश्त आर्थिक सहयोग राशि तत्काल दिए जाने,सभी जनसंपर्क कार्यालयों में हर तीन महीने में पत्रकारों की एक बैठक आयोजित करने,प्रदेश के प्रत्येक शहर के वरिष्ठ पत्रकारों से जनसंपर्क आयुक्त महीने में एक बार मोबाइल पर बात करें,इस संबंध का आदेश जारी करने, अधिमान्यता कार्डधारियों को रेल यात्रा में 50 प्रतिशत की छूट आदि की मांग की है।

## एयरटेल ने फ्रॉड डिटेक्शन सॉल्यूशन किया लॉन्च

**पाटन, देशबन्धु।** स्पैम के खिलाफ अपनी लगातार लड़ाई को आगे बढ़ाते हुए, एयरटेल ने एक अत्याधुनिक समाधान लॉन्च किया है,जो सभी कम्युनिकेशन ओवर- द- टॉप (ओटीये) ऐप्स और प्लेटफॉर्म्स-जैसे ईमेल, ब्राउज़र, व्हाट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक, इंस्टाग्राम,एसएमएस आदि,पर फ्रॉड और मैलिशियस वेबसाइट्स को रियल टाइम में पहचान कर ब्लॉक कर देगा। यह सुरक्षित सेवा सभी एयरटेल मोबाइल और ब्रॉडबैंड ग्राहकों के लिए बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के स्वचालित रूप से सक्रिय कर दी जायेगी। जब कोई ग्राहक ऐसी वेबसाइट खोलने की कोशिश करता है,जिसे एयरटेल की सिक्योरिटी सिस्टम ने 'मैलिशियस' के रूप में फ्लैग किया है,तो उस वेबसाइट का पेज लोड नहीं होता,इसके बजाय,ग्राहक को एक नए पेज पर रीडायरेक्ट किया जाता है,जहां ब्लॉक किए जाने का कारण स्पष्ट रूप से बताया जाता है।

डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के देशभर में तेजी से विस्तार के चलते ऑनलाइन फ्रॉड का खतरा हर दिन बढ़ जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं पर गंभीर जोखिम मंडरा रहा है। हाल के दिनों में ऐसे खतरों में जबरदस्त वृद्धि देखी गई है। फ्रॉड स्कीमें अब केवल ओटीपी या फर्जी कॉल तक सीमित नहीं रहीं,बल्कि हालिया रिपोर्ट्स बताती है कि लाखों लोग अब मैलिशियस ऑनलाइन स्कैम्स का शिकार हो रहे हैं। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए,एयरटेल ने एक एआई-आधारित,मल्टी-लेयर इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म तैयार किया है,जो ग्राहकों को सभी प्रकार के स्कैम और फ्रॉड से सुरक्षा प्रदान करेगा। यह अत्याधुनिक थ्रेट डिटेक्शन सिस्टम सभी प्लेटफॉर्म्स पर डोमेन फ़िल्टरिंग करेगा और डिवाइसेज़ पर इन लिंक्स को ब्लॉक करेगा। इस पहल पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, भारती एयरटेल के वाइस चेयरमैन और मैनेजिंग डाइरेक्टर गोपाल विट्टल ने कहा पिछले कुछ वर्षों में हमने कई ऐसे मामले देखे,जहां खतरे से अंजान ग्राहकों को चतुर अपराधियों ने उनकी मेहनत की कमाई को ठगा है।

हमारे इंजीनियरों ने इस समस्या का हल खोजने के लिए फ्रॉड डिटेक्शन सॉल्यूशन तैयार किया है। हमें विश्वास है कि यह समाधान हमारे ग्राहकों को इंटरनेट ब्राउज़ करते समय सुरक्षा का पूरा भरोसा देगा और स्कैम का डर खत्म करेगा। हमारा एआई आधारित टूल इंटरनेट ट्रैफिक को स्कैन करता है,ग्लोबल रिपॉजिटरीज़ और हमारे अपने थ्रेट डेटाबेस से तुलना करता है और रियल टाइम में फ्रॉड वेबसाइट्स को ब्लॉक करता है।

## भूकंप के झटकों से दहला चीन, 4.5 रही तीव्रता

**बीजिंग, (आईएएनएस)।** चीन में शुक्रवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप की तीव्रता 4.5 मापी गई है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने इसकी जानकारी दी है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, शुक्रवार सुबह भारतीय समयानुसार 6:29 बजे चीन में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 4.5 मापी गई और इसकी गहराई करीब 10 किलोमीटर नीचे थी, जिसका अक्षांश 25.05 उत्तर तथा देशांतर 99.72 पूर्व था। यह भूकंप म्यांमार से सटे चीन के इलाके में आया है। हालांकि, इस भूकंप में जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। चीन के पड़ोसी देश पाकिस्तान में 12 मई को भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। इसकी तीव्रता 4.6 मापी गई। हालांकि, इस भूकंप में जानमाल के नुकसान की खबर नहीं मिली थी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, पाकिस्तान में सोमवार दोपहर एक बजकर 26 मिनट (स्थानीय समयानुसार) पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। यह भूकंप मध्यम तीव्रता का था और इसका केंद्र बलूचिस्तान में था।

## अमेरिका से भेजे जाने वाले पैसे पर अब ट्रंप की बुरी नजर

# 5 प्रतिशत कर लगाने का प्रस्ताव, भारत को अरबों का नुकसान

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ भूख अब तक शांत नहीं हुई है। अब ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका में काम कर रहे विदेशियों द्वारा अपने परिजनों, रिश्तेदारों या अपने देश भेजे जाने वाली रकम पर भी भारी टैक्स लगाने का प्रस्ताव रखा है। यानी अमेरिका से विदेशों में भेजे जाने वाले धन पर भी टैक्स लगाने का प्रस्ताव है। इस प्रस्ताव ने वहां काम कर रहे लाखों विदेशियों की चिंता बढ़ा दी है। अगर यह प्रस्ताव पारित होता है तो इससे भारत को सालाना अरबों रुपये का नुकसान हो सकता है।

अमेरिकी संसद में 389 पन्नों वाला एक बिल पेश किया गया है, जिसका शीर्षक है- 'द वन बिग ब्यूटीफुल बिल'। यह बिल आधिकारिक तौर पर यह प्रस्ताव करता है कि जो लोग अमेरिकी नागरिक नहीं हैं और अमेरिका से बाहर धन भेज रहे हैं, तो उनके सभी धन प्रेषण पर 5 फीसदी का कर लगाया जाएगा। यह बिल उन प्रवासी भारतीयों समेत तमाम विदेशियों के लिए एक बड़ा झटका हो सकता है जो नियमित तौर पर भारत में अपने परिवारों को पैसा भेजते हैं या अपने देश में नियमित निवेश करते हैं।

**बिल एक राजकोषीय पैकेज**× हालांकि, यह बिल एक राजकोषीय पैकेज है, जिसका उद्देश्य ट्रम्प-युग में टैक्स कटौती को जारी रखना और संघीय खर्च में कटौती करना है लेकिन इस बिल में पेज संख्या 327 पर धन प्रेषण पर 5 फीसदी कर का उल्लेख किया गया है जो सीधे तौर पर गैर अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाता है। बता दें कि अमेरिका न केवल दुनिया के सबसे बड़े भारतीय प्रवासियों का केंद्र है, बल्कि भारत में धन प्रेषण का सबसे बड़ा स्रोत देश भी है।

**पैसे भेजने के समय ही कर कटौती**- यह वह राशि होगी जो अमेरिका में रह रहे कमाऊ पूत देश में अपने बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल, खान-पान या उनके स्वास्थ्य खर्च के तौर पर भेजते हैं। या कुछ लोग भारतीय रियल एस्टेट या म्यूचुअल फंड में मामूली निवेश करते हैं। इन सभी उद्देश्यों के लिए भेजी जाने वाली रकम पर ट्रंप प्रशासन 5 फीसदी कर वसूलने की तैयारी में है। प्रस्तावित बिल में कहा गया है कि 5 फीसदी कर धन-प्रेषण सेवा प्रदाता द्वारा पैसे भेजने के समय ही रोक लिए जाएंगे, जिससे पारंपरिक बैंक स्थानान्तरण और एनआरई/ एनआरओ खाता लेनदेन दोनों प्रभावित होंगे।

### अमेरिका में लगभग 45 लाख प्रवासी भारतीय

भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार, अमेरिका में लगभग 45 लाख प्रवासी भारतीय हैं, जिनमें लगभग 32 लाख भारतीय मूल के व्यक्ति हैं। इनमें से अधिकांश लोग या तो एच-1बी वीजा पर या तो एल-1 जैसे अस्थायी कार्य वीजा पर अमेरिका में रह रहे हैं, या ये लोग ग्रीन कार्ड धारक हैं, जिन्होंने अभी तक अमेरिकी नागरिकता हासिल नहीं की है। अगर अमेरिका प्रस्तावित धन प्रेषण कर लगाता है तो भारत पर इसका बड़ा असर देखने को मिल सकता है।

### सालाना 1.6 अरब डॉलर का नुकसान

भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में भारत को वैश्विक स्तर पर 118.7 अरब डॉलर का धन विदेशों से प्राप्त हुआ था, जिसमें से लगभग 28 प्रतिशत यानी 32 अरब डॉलर अकेले संयुक्त राज्य अमेरिका से आया था। अगर अमेरिका ने प्रस्तावित धन प्रेषण कर बिना छूट या किसी कटौती के हू-ब-हू पांच फीसदी लागू कर दिया तो अमेरिका में रहने वाले भारतीय प्रवासियों पर सालाना 1.6 अरब डॉलर का अतिरिक्त कर लग जाएगा।

## आज का इतिहास

1756 - ब्रिटेन ने फ्रांस के विरुद्ध युद्ध की घोषणा की।
1769 - ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल के कपड़ा उद्योग को बर्बाद करने के लिए बुनकरों पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए।
1865 - विश्व संचार दिवस मनाने की शुरुआत हुई।
1970 - थोर हेयरडाल ने इसी दिन मोरक्को से यात्रा की शुरुआत की और अटलांटिक महासागर को 57 दिनों में पार कर लिया।
1975 - जापानी महिला श्रीमती जुनको तैबेई माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम महिला बनी।
1987 - सुनील गावस्कर ने टेस्ट क्रिकेट से सन्यास लिया।
2000 - रूसी संसद के ऊपरी सदन फ़ेडरलिस्ट्स ने परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि की मंजूरी प्रदान की।
2002 - पाकिस्तान में मृत अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल का शव क़ब्रिस्तान से बरामद।

## इजरायल में खसरे का प्रकोप, 48 मामले आए सामने, टीकाकरण शुरू

**यरूशलम, (आईएएनएस)।** इजरायल के स्वास्थ्य मंत्रालय ने खसरे के 16 नए मामलों की सूचना दी है, 20 अप्रैल को पहली बार संक्रमण का पता चला था। तब से अब तक संक्रमितों की कुल संख्या 48 हो गई है। इसका सबसे ज्यादा प्रभाव उन बच्चों पर पड़ा है जो वैक्सीनेट नहीं हुए हैं। बिना टीकाकरण वाले बच्चों को प्रभावित कर रहे हैं। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने गुरुवार को मंत्रालय के हवाले से बताया कि चालीस संक्रमितों की उम्र 18 साल से कम है, और उनमें से किसी को भी वायरस के खिलाफ पूरी तरह से वैक्सीनेट नहीं किया गया है। ग्यारह नाबालिग और दो वयस्क वर्तमान में अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें गहन देखभाल में तीन बच्चे शामिल हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ये अप्रत्याशित रूप से बड़ी संख्याएं हैं, जो दर्शाती हैं कि यह बीमारी आधिकारिक तौर पर निदान और रिपोर्ट की गई तुलना में अधिक व्यापक है। अधिकांश नए मामलों में संक्रमण का कोई ज्ञात स्रोत नहीं है, जिससे स्वास्थ्य अधिकारियों को पिछले सप्ताह आपातकालीन बैठकें आयोजित करनी पड़ीं। इसके जवाब में, मंत्रालय ने कम टीकाकरण दर वाले समुदायों को लक्षित करते हुए बड़े पैमाने पर टीकाकरण अभियान शुरू किया है। टीकाकरण संबंधी दिशा-निर्देशों को भी अपडेट किया गया है। इजरायल के नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत, बच्चों को आम तौर पर खसरे के टीके की दो खुराक दी जाती हैं, पहली 12 महीने की उम्र में और दूसरी छह साल की उम्र में। हालांकि, उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में, मंत्रालय पहली खुराक के तुरंत बाद दूसरी खुराक देने की सलाह देता है। अधिकारियों ने संक्रमितों के संपर्क में आने वाले लोगों को भी जांच कराने की सलाह दी है। कहा है कि उचित टीकाकरण करवाएं और संक्रमण के जोखिम को कम करने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर जाने से बचें। मंत्रालय ने लोगों को विदेश यात्रा करने से पहले अपने टीकाकरण की स्थिति की पुष्टि करने की सलाह दी। खसरा एक अत्यधिक संक्रामक वायरल बीमारी है जो आम तौर पर बुखार, थकान, नाक बहना और एक विशिष्ट दाने का कारण बनती है। कुछ मामलों में, यह गंभीर या जानलेवा जटिलताओं का कारण बन सकता है। बढ़ते संकट के जवाब में, स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस सप्ताह मंत्री, महानिदेशक और सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रमुख के नेतृत्व में कई आपातकालीन बैठकें कीं। मंत्रालय ने सभी नागरिकों से अपने टीकाकरण की स्थिति की पुष्टि करने और राष्ट्रीय दिशा-निर्देशों के अनुसार इसे अपडेट करने का आग्रह किया है।

## कर्नाटक के करवार पोर्ट पर रोका गया पाकी नागरिक, सुरक्षा एजेंसियों ने वापस भेजा

**करवार, (आईएएनएस)।** कर्नाटक के करवार में एक पाकिस्तानी नागरिक को भारतीय सीमा में प्रवेश करने से रोक दिया गया। बताया जा रहा है कि बंदरगाह अधिकारियों ने पाकिस्तानी नागरिक को जहाज से उतरने से रोका और उसका मोबाइल फोन तथा दस्तावेज जब्त कर लिए हैं। भारतीय तटरक्षक के सूत्रों के अनुसार, कर्नाटक के करवार बंदरगाह पर एक पाकिस्तानी नागरिक को भारत में प्रवेश करने से रोका गया है। वह कार्गो जहाज एमटी आर. ओशन पर सवार था, जो इराक से बिटुमेन लेकर आ रहा था। जहाज पर 18 चालक दल के सदस्य थे, जिनमें 15 भारतीय, 2 सीरियाई और 1 पाकिस्तानी नागरिक शामिल थे। उन्होंने बताया कि बंदरगाह अधिकारियों ने तुरंत पाकिस्तानी नागरिक को जहाज से उतरने से रोका और उसका मोबाइल फोन तथा दस्तावेज जब्त कर लिए। इसके साथ ही तटीय पुलिस को भी इस मामले की जानकारी दी गई। हालांकि, जहाज को कार्गो उतारने की अनुमति दी गई और दो दिन बाद वह शारजाह के लिए रवाना हो गया।

# तभी कुछ होगा जब डोनाल्ड ट्रंप.., रूस-यूक्रेन शांति वार्ता को लेकर अमेरिकी विदेश मंत्री

रूस-यक्रेन युद्ध को लेकर तुर्किए में शांति वार्ता होने वाली है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की यहां पहुंच चुके हैं, लेकिन पुतिन ने अपनी जगह अपने खास सहयोगी मेदिंस्की को रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए भेजा है। अब इस मौके पर तुर्किए में मौजूद अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो का मानना है कि किसी भी शांति वार्ता से तब तक कुछ हासिल नहीं होगा जब तक राष्ट्रपति ट्रंप और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन आमने-सामने नहीं मिल लेते। तुर्किए में होने वाली इस मीटिंग में ट्रंप शामिल नहीं हो रहे हैं। ट्रंप का कहना था कि वह तुर्किए जा सकते हैं लेकिन तभी जब कि वहां पर रूसी राष्ट्रपति पुतिन मौजूद हों। तुर्किए में शांति समझौते का प्रस्ताव रखने वाले पुतिन ने खुद आने की जगह अपने सहयोगी मेडिंस्की से नेतृत्व में एक दल भेजा है। इसमें उप विदेश मंत्री, उप रक्षा मंत्री भी शामिल हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार को होने वाली इस मीटिंग में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के शामिल होने की संभावना थी लेकिन बाद में उन्होंने भी इससे इनकार कर दिया।

मीडिया से बात करते हुए रुबियो ने कहा,कुछ नहीं होना वाला हालांकि इस इस बैठक में उच्च स्तर की एक अमेरिकी टीम शामिल होगी। इस बैठक के बजाय रुबियो यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल और तुर्किए के विदेश मंत्री हकान फिदेन से अलग से मुलाकात करेंगे मीडिया से बात करते हुए रुबियो ने कहा , मैं इस बात को स्पष्ट रूप से मानता हूं कि जब तक राष्ट्रपति ट्रंप और राष्ट्रपति पुतिन आमने-सामने बैठकर बात नहीं कर लेते.. या यह तय नहीं कर लेते कि दोनों लोग क्या सोचते हैं.. या उनके इरादे क्या हैं तब तक हमें यहां पर कोई सफलता नहीं मिलेगी।

रुबियो की तरह ही कुछ समय पहले ट्रंप का भी बयान सामने आया था। ट्रंप ने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि जब तक वह पुतिन से नहीं मिल लेते तब तक कुछ भी नहीं होने वाला।

## सुडोकू 6915

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | | | | | 6 |
| | | 8 | | | | 7 | 3 | |
| 1 | | | 7 | 8 | | | 4 | |
| | | | 3 | | 6 | | 5 | |
| 3 | | | | 7 | | | | 9 |
| | 1 | | 9 | | 2 | | | |
| | 9 | | | 2 | 8 | | | 1 |
| | 8 | 5 | | | | 6 | | |
| 2 | | | | | | 5 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

# अमेरिका में क्यों '8647' लिखने पर मचा है बवाल, मानी जा रही डोनाल्ड ट्रंप को हत्या की धमकी

**वॉशिंगटन।** क्या अमेरिका की खुफिया एजेंसी एफबीआई के पूर्व डायरेक्टर जेम्स कोमे ने डोनाल्ड ट्रंप को हत्या की धमकी दी है। इसकी अमेरिका में खूब चर्चा है। इन चर्चाओं को हवा एक पोस्ट ने दी है, जिसमें दो अंक लिखे गए हैं। यह अंक हैं- 86 और 47। दोनों को मिलाकर जो डिकोड किया गया है, उसमें कहा गया है कि जेम्स कोमे ने ट्रंप को इशारों में हत्या की धमकी दी है।

इस पर विवाद बढ़ा तो जेम्स कोमे ने इंस्टाग्राम पर शेयर की गई पोस्ट को ही डिलीट कर दिया और सफाई दी है कि मुझे नहीं पता था कि इन अंकों का हिंसा से कोई ताल्लुक है। अब सवाल यह है कि आखिर '86 47' लिखा जाना क्यों विवाद का विषय बन गया है।

इसकी वजह यह है कि अमेरिका में 86 का इस्तेमाल एक स्लैंग या गाली के तौर पर होता है। इसका अर्थ वहां उठाकर बाहर फेंकना, छुटकारा पाना और समाप्त करने से लगाया जाता है। इसके अलावा 47 को डोनाल्ड ट्रंप के लिए एक कोड माना गया है क्योंकि वह अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति हैं। इस तरह '86 47' को डोनाल्ड ट्रंप के लिए हत्या की धमकी बताया जा रहा है। जेम्स कोमे को डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यकाल में एफबीआई डायरेक्टर के पद से मुक्त कर दिया था। उन्होंने पोस्ट डिलीट करते हुए कहा कि मुझे पता नहीं था कि इन दो अंकों का कनेक्शन इस तरह हिंसा से जुड़ता है या जोड़ लिया जाएगा।


उनकी इस पोस्ट पर विवाद और बढ़ा जब सांसद एंडी ओगल्स ने कहा कि इस पोस्ट का अर्थ है कि 47 को समाप्त करो यानी प्रेसिडेंट को खत्म करो। उन्होंने तो एजेंसियों से यहां तक मांग कर दी है कि जेम्स कोमे के खिलाफ जांच की जाए। उनका कहना है यह जांच होनी चाहिए कि क्या कोमे के पास किसी संवेदनशील दस्तावेज या सिक्योरिटी क्लियरेंस का अब तक एक्सेस तो नहीं है।

**इंस्टा पर शेयर की गई थी यह तस्वीर, जिसे बाद में डिलीट कर दिया गया**

यदि ऐसा हो तो फिर यह गंभीर चिंता का विषय है। इस पर सीक्रेट सर्विस का कहना है कि हमने जेम्स कोमे की पोस्ट को गंभीरता से लिया है। हम इसकी जांच करेंगे।

सीक्रेट सर्विस का कहना है कि हम इसकी जांच करेंगे कि कहीं यह वास्तव में तो धमकी वाली बात नहीं है। इसके अलावा यह कितने बड़े खतरे की बात हो सकती है। वहीं एफबीआई के मौजूदा निदेशक काश पटेल ने भी इसका संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे केसों की जांच करने का पहला अधिकार सीक्रेट सर्विस का है।

## वर्ग पहेली 6915



**बायें से दाये:-**

१. किसी काम या सेवा के स्वेच्छापूर्वक दिया जाने वाला पारिश्रमिक
३. बहुत ही मशहूर
५. पागल
६. अमृत जैसे मीठे बोल
७. लोगों की राय
९. स्वाद लेना
१०. जांचने वाला, परीक्षण करने
१२. निर्ऊयता, धृष्टता (उर्दू)
१३. बहू, वधू
१४. अधीरता, उतावली, शीघ्रता
१६. निमंत्रण (उर्दू)
१८. योग्यता
२०. खिसकाना, सरकाना, किसी वस्तु या व्यइक्ति आदि को एक स्थान से दूसरे स्थान पर करना
२१. विवाह, शादी
२३. पीड़ा से भरा

**ऊपर से नीचे:-**

१. इंसानियत
२. एक लिपि जिससे हिंदी, संस्कृत, मराठी भाषायें लिखी जाती हैं
३. सोया हुआ आदमी, आधी रात
४. अत्याचार (उर्दू)
५. बांटने वाला
८. जांच-पड़ताल (उर्दू)
१०. लेकिन
११. शक्ति, सामर्थ्य
१२. असंगत, बेतुका, भद्दा, अशिष्ट (उर्दू)
१३. शुद्ध, पाक
१४. खुद्कुशी
१५. युद्धभूमि में होने वाली बाहरी आवाज
१७. जल देवता, समुद्र
१८. पोषण करना, परवरिश करना
१९. उष्णता, गर्मी
२२. अगर

## पाकिस्तान के विदेश मंत्री की गलत सूचना का पर्दाफाश

**नई दिल्ली, (आईएएनएस)।** ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैन्य कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने न केवल भारत के नागरिक और सैन्य ठिकानों पर हमले किए, बल्कि भारत के खिलाफ सूचना दुष्प्रचार भी चलाया। भारत सरकार लगातार इंटरनेट पर पाकिस्तान की ओर से फैलाए जा रहे इस दुष्प्रचार की पोल खोल रही है। हाल ही में पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार का झूठा दावा भी पकड़ा गया है। इस गलत सूचना को पाकिस्तान ने जानबूझकर बढ़ावा दिया, जिससे पाक का डिजिटल धोखाधड़ी का एक और मामला सामने आया। इस फेक फोटो को आधार बनाकर पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने सीनेट में दावा किया था कि 'टेलीग्राफ' ने अपने लेख में पाकिस्तान को आकाश का निर्विवाद राजा बताया है। यह वीडियो भी सोशल मीडिया पर देखी गई और भारत सरकार ने इस दावे को खारिज किया। भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के साथ-साथ पाकिस्तान की लगातार झूठी सूचना के खिलाफ भी लड़ाई को मजबूत किया है।

**आतंक** | *आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में टूटी मसूद अजहर की कमर*

# आतंक और दहशत का पर्याय बन गया था जैश-ए-मुहम्मद

**जम्मू, (देशबन्धु)।** जैश-ए-मुहम्मद अर्थात 'खुदा की सेना'। जब नाम ही खुदा की सेना है तो काम भी वही होगा। जी हां, काम भी वही है। जैश-ए-मुहम्मद खुदा की इबादत के लिए जेहाद को रास्ता मानता है तो आत्मघाती हमलों को सेवा। इस्लाम में आत्महत्या की चाहे इजाजत नहीं दी जाती।

लेकिन जेहाद तथा धर्म की रक्षा के लिए कुर्बानी देने के तर्क को लेकर आत्मघाती हमलों में मानव बम का नया मोड़ कश्मीर के आतंकवाद के इतिहास में लाने वाला जैश-ए-मुहम्मद आज सर्वत्र चर्चा में है क्योंकि इसके सर्वेसर्वा मसूद अजहर की आप्रेशन सिंदूर में कमर तोड़ डाली गई है। चर्चा में आखिर हो भी क्यों न। संसद भवन जैसी अति सुरक्षित समझे जाने वाली इमारत की सभी सुरक्षा व्यवस्थाओं को नेस्तनाबूद कर सारे देश को हिला देने वाले संगठन की चर्चा आज भी कश्मीर में ही नहीं बल्कि विश्वभर में होती रही है, जिसने अपने गठन के मात्र दो सालों के दौरान जितनी कार्रवाईयों को अंजाम दिया था उसने लोगों को दांतों तले अंगुली दबाने पर मजबूर कर दिया था।



■ जैश-ए-मुहम्मद ने कश्मीर में किया था पहला मानव बम हमला

अल-कायदा से प्रशिक्षण प्राप्त और ओसामा-बिन-लादेन की शिक्षाओं पर चलने वाले जैश-ए-मुहम्मद के संस्थापक आतंकी नेता मौलना मसूद अजहर के लिए वे क्षण बहुत ही अनमोल थे जब उसे जम्मू की जेल से इसलिए रिहा कर दिया गया था क्योंकि भारत सरकार को अपने 154 विमान यात्रियों को रिहा करवाना था। तब उसकी रिहाई के परिणामों के प्रति नहीं सोचा गया था। अपनी रिहाई और संगठन के गठन के बाद तीन महीनों तक खामोश रहने वाले जैश-ए-मुहम्मद ने 19 अप्रैल 2000 को सारे विश्व को चौंका दिया था। कश्मीर की धरती को हिला दिया था। पहला मानव बम हमला किया था जैश-ए-मुहम्मद ने कश्मीर में। जैश-ए-मुहम्मद की ओर से बादामी बाग स्थित सेना की 15वीं कोर के मुख्यालय पर मानव बम का हमला करने वाला कोई कट्टर जेहादी नहीं था बल्कि 12 वीं कक्षा में पढ़ने वाला 17 वर्षीय मानसिक रूप से तथा कैंसर से पीड़ित युवक अफाक अहमद शाह था।

इसके उपरांत मानव बम हमलों की झड़ी रूकी नहीं। क्रमवार होने वाले आत्मघाती हमलों में प्रत्येक आतंकी मानव बम की भूमिका निभाने लगा था। यह सब करने वाले थे जैश-ए-मुहम्मद के सदस्य। उन्होंने इस्लाम की उन हिदायतों को भी पीछे छोड़ दिया था जिसमें कहा गया था कि आत्महत्या करना पाप है। लेकिन वे इसे नहीं मानते और कहते हैं 'जेहाद तथा धर्म की रक्षा के लिए अपने शरीर की कुर्बानी दी जा सकती है।' इस' कुर्बानी का एक नया चेहरा फिर नजर आया था प्रथम अक्तूबर 2001 को।

## वर्ग पहेली-6914

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ मि | थ्या | २ व | च | ३ न | ■ | ४ हि | रा | ५ स | त |
| थ्या | ■ | शी | ■ | ६ व | र्जि | त | ■ | रा | ■ |
| ७ चा | त | क | ■ | यु | ■ | ८ क | मा | य | ९ ज |
| री | ■ | र | ■ | १० व | जी | र | ■ | ■ | न्म |
| ■ | ११ आ | ण | १२ वि | क | ■ | ■ | १३ त | ड़ | प |
| ■ | स | ■ | स्म | ■ | १४ वि | हा | न | ■ | त्रि |
| १५ नि | रा | १६ म | य | ■ | श्रा | ■ | १७ या | १८ चि | का |
| यं | ■ | हा | ■ | १९ त | म | २० स | ■ | ड़ि | ■ |
| २१ त्रि | भु | ज | ■ | ड़ | ■ | २२ फ | रि | या | २३ द |
| त | ■ | २४ न | र | का | सु | र | ■ | ■ | शा |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# खेल जगत

## विल जैक्स भारत लौटे



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के फिर से शुरू होने से पहले मुंबई इंडियंस को एक महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला, जब इंग्लैंड के विल जैक्स ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की, जिसमें उन्हें भारत वापस जाने के लिए उड़ान भरते हुए दिखाया गया। इंस्टाग्राम स्टोरी सेक्शन में, जैक्स ने एक विशेष पोस्ट शेयर की, जिसमें उनका बोर्डिंग पास, भारतीय तिरंगे का इमोजी और बैक एरो दिखाया गया। एमआई के अभियान में लगातार उपस्थिति रखने वाले जैक्स ने उनके पहले 12 मैचों में से 11 में भाग लिया, नौ पारियों में 195 रन बनाए और अपनी ऑफ-स्पिन के जरिए पांच विकेट लिए। उनका प्रभाव उल्लेखनीय रहा है, उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ महत्वपूर्ण घरेलू जीत में प्लेयर-ऑफ-द-मैच का सम्मान अर्जित किया, जिससे टीम में एक भरोसेमंद ऑलराउंडर के रूप में उनकी अहमियत का पता चलता है।

# आरसीबी की नजर प्लेऑफ पर, केकेआर के लिए होगी आर पार की जंग

■ सत्येन्द्र पाल सिंह





■ सभी निगाहें टेस्ट को अलविदा कहने वाले विराट पर रहेंगी
■ केकेआर के पास आरसीबी से हिसाब चुकाने का मौका

**नई दिल्ली,** 16 मई (देशबन्धु)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच शनिवार को बेंगलुरू के चिन्नास्वामी मैदान पर पाकिस्तान के आतंकवाद के खिलाफ भारत के सरहद पर ऑपरेशन 'सिंदूर' के चलते 2025 आईपीएल के बीते हफ्ते स्थगित किए जाने के बाद फिर से शुरू हो जाएगी। मैदान पर आने वाले हर क्रिकेट प्रेमी की निगाहें हाल ही टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह सभी को चौंकाने वाले भारत के इस फॉर्मेट के सबसे बेहतरीन क्रिकेटरों में से एक आरसीबी के विराट कोहली पर रहेंगी। जब आरसीबी और केकेआर की टीमें बृहस्पतिवार को नेटस सेशन के लिए चिन्नास्वामी स्टेडियम पर आई तो क्रिकेट प्रेमियों के साथ उनके टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए लंबे समय तक साथी रहे केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे और उपकप्तान वेंकटेश अय्यर सहित हर कोई विराट कोहली की एक झलक पाने को बेताब दिखा। विराट कोहली एकदम सहज होकर जिस तरह नेटस पर अभ्यास करते दिखे उससे एक बात तो साफ है कि वह अपनी आरसीबी को उसके अब तक आईपीएल खिताब न जीत पाने के अधूरे सपने को 2025 में पूरा करने को बेताब हैं। आरसीबी के शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटंस की तरह 11 मैचों में समान रूप से आठ जीत के साथ 16 अंक हैं लेकिन अपनी कमतर नेट रन रेट के चलते अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। आरसीबी अब शनिवार को केकेआर के खिलाफ रिटर्न मैच में भी जीत के साथ प्ले ऑफ में स्थान पक्का करना उतरेगी। आरसीबी 16 अंकों के साथ भी शीर्ष चार में जगह बना सकती है। आरसीबी यदि अपने केकेआर के मैच सहित एसआरएच और एलएसजी के मैचों में दो भी जीतती है तो भी उसका शीर्ष दो में स्थान पक्का नहीं क्योंकि गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स 20 या इससे ज्यादा अंकों पर लीग का समापन कर सकती है।

## पाटीदार फिर से बल्लेबाजी करने के बाद अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं : बोबट

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के क्रिकेट निदेशक मो बोबट ने कहा कि कप्तान रजत पाटीदार उंगली की चोट से उबरने के बाद अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्होंने फिर से बल्लेबाजी शुरू कर दी है, जबकि जोश हेजलवुड के लिए उनकी उम्मीदें बनी हुई हैं, जो कंधे की चोट से उबरने के लिए दिन-प्रतिदिन बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। आरसीबी 11 मैचों में आठ जीत हासिल करने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के प्लेऑफ में प्रवेश करने के लिए तैयार है, और अंतिम चार चरण में अपनी जगह पक्की करने के लिए उसे बस एक और जीत की जरूरत है। आरसीबी शनिवार को अपने घरेलू मैदान एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आईपीएल 2025 अभियान फिर से शुरू करेगी। रजत का खेल अच्छा चल रहा है। उसके हाथ में चोट लगी थी, लेकिन वह धीरे-धीरे ठीक हो रहा है। उसके लिए व्यक्तिगत रूप से, शायद व्यवधान ने उसे कुछ और दिन दिए ताकि वह शुरुआती उपचार से गुजर सके, और सूजन कम हो सके, और उसे फिर से बल्लेबाजी करने की आदत हो सके।

## विराट ने कहा कि तुमने कप्तानी को अर्जित किया है और इससे मैं शांत हो गया : पाटीदार

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने उस अवास्तविक पल को याद किया जब विराट कोहली ने उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से पहले फ्रेंचाइजी की कप्तानी सौंपी और कहा कि उन्हें नहीं पता था कि इस स्थिति पर कैसे प्रतिक्रिया करनी है, फिर कोहली ने उन्हें शांत करते हुए कहा कि तुम इसके लायक हो, तुमने इसे अर्जित किया है। आरसीबी पॉडकास्ट पर बोलते हुए, 31 वर्षीय पाटीदार ने आरसीबी प्रबंधन से पूर्व आश्वासन के बावजूद 2022 आईपीएल मेगा नीलामी में खारिज होने से लेकर एक ऐसी फ्रेंचाइजी के लीडर बनने तक की अपनी यात्रा पर विचार किया, जो अभी भी अपने पहले आईपीएल खिताब की तलाश में है। 2022 में, पाटीदार को चुपचाप विश्वास था कि उन्हें मेगा नीलामी में चुना जाएगा। पाटीदार ने आरसीबी पॉडकास्ट पर कहा कि मुझे एक संदेश मिला था कि आप तैयार रहें... कि हम आपको चुनेंगे।

# स्टार्क आईपीएल 2025 के बाकी मैचों के लिए दिल्ली कैपिटल्स से नहीं जुड़ेंगे

## चोटिल मयंक यादव फिर बाहर, लखनऊ सुपर जायंटस ने विल रुक को जोड़ा

■ मिचेल स्टार्क दिल्ली कैपिटल्स के लिए 11 मैचों में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज



**नई दिल्ली,** 16 मई (देशबन्धु)। ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने पंजाब किंग्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स का मैच आतंकवाद के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर के चलते धर्मशाला में अधूरा समाप्त घोषित किए जाने के साथ 2025 आईपीएल के स्थगित होने पर स्वदेश लौट गए थे। अब स्टार्क ने दिल्ली कैपिटल्स को सूचित किया है कि वह अब शनिवार से आईपीएल के आगे शुरू होने पर बाकी लीग मैचों खेलने के लिए भारत नहीं आएंगे। स्टार्क अपने साथी आरसीबी के लिए खेलने वाले जोश हेजलवुड (10 मैच 18,विकेट) की तरह अपनी फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के लिए 11 मैचों में सबसे ज्यादा 14 विकेट चटकाने वाले गेंदबाज हैं। वहीं ट्रस्टन स्टब्ज केवल लीग बाकी लीग मैचों के लिए दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ेंगे और 27 मई को वापस दक्षिण अफ्रीका लौट जाएंगे। स्टार्क ऑस्ट्रेलिया की और स्टब्ज दक्षिण अफ्रीका की 11 जून को लॉडर्स में खेले जाने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए अपने अपने देश की टीमों में चुन गए हैं।

साथ ही दक्षिण अफ्रीका के फाफ डू प्लेसी के भी दिल्ली कैपिटल्स टीम से वापस जुड़ने को लेकर कोई खबर नहीं हैkऑस्ट्रेलिया के कप्तान तेज गेंदबाज पैट कमिंस और ट्रेविज हेड अब प्ले ऑफ की होड़ से बाहर हो चुकी सनराइजर्स हैदराबाद के लिए आईपीएल के बाकी लीग मैच खेलने भारत वापस आएंगे जबकि पंजाब किंग्स के लिए खेलने वाले जोस इंग्लिश ने अभी वापस आने की बाबत तय नहीं किया जबकि मिचेल मार्श अब लगभग बाहर हो चुकी लखनउ सुपर जायंटस के लिए आईपीएल के बाकी मैच खेलने जरूर उससे जुड़ेंगे। लखनउ सुपर जायंटस के भारत के तेज गेंदबाज मयंक यादव पीठ में एक और चोट के चलते अब बाकी आईपीएल से एक बार फिर हो गए हैं। मयंक ने लखनउ सुपर जायंटस के लिए मौजूदा सीजन में मात्र दो मैच मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले और इसके बाद आईपीएल सरहद पर भारत -पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते स्थगित कर दी गई। मयंक की जगह बाकी आईपीएल के लखनउ सुपर जायंटस ने न्यूजीलैंड के विल ओ रुक को अपनी टीम से तीन करोड़ रुपये में जोड़ा है। वहीं पंजाब किंग्स ने चोट के चलते चार मैच खेल पांच विकेट ले बाहर होने वाले न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्गुसन की जगह उन्हीं के देश के काइल जेमीसन को दो करोड़ रुपये में टीम से जोड़ा है।

## फडणवीस ने किया वानखेड़े स्टेडियम में रोहित शर्मा स्टैंड का उद्घाटन

**मुंबई,** 16 मई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को वानखेड़े स्टेडियम में भारतीय एकदिवसीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के नाम वाले स्टैंड का उद्घाटन किया। हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले रोहित शर्मा के नाम पर वानखेड़े स्टेडियम के दिवेचा पवेलियन लेवल-3 का नाम अब रोहित शर्मा स्टैंड रखा गया है। इस नामकरण के तहत रोहित शर्मा के शानदार क्रिकेट करियर को सम्मानित किया गया है। समारोह में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार और अन्य गणमान्य व्यक्ति में मौजूद



थे। इस अवसर पर रोहित परिवार के साथ वहां मौजूद थे। भावुक रोहित शर्मा ने कहा की यह एक अविश्वसनीय पल है उन्होंने इस बारे में कभी अपने सपने में भी नहीं सोचा था। इतने सारे लोगों के सामने इस बड़े सम्मान को पाना सुखद है। इस के साथ रोहित शर्मा अब क्रिकेट के उन दिग्गजों की सूची में शामिल हो गए हैं जिनके नाम पर वानखेड़े स्टेडियम में स्टैंड बने हैं। इन खिलाड़ियों में सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर और विजय मर्चेंट शामिल हैं।

# बुमराह को आराम की जरूरत होगी तो गिल हो सकते हैं टेस्ट कप्तान : जाफर





**नई दिल्ली,** 16 मई (एजेंसियां)। भारत के नए टेस्ट कप्तान के रूप में किसे नियुक्त किया जाना चाहिए, इस पर बहस के बीच, पूर्व सलामी बल्लेबाज वसीम जाफर ने कहा कि जब भी जसप्रीत बुमराह को आराम की जरूरत होगी, शुभमन गिल को इंग्लैंड के आगामी दौरे पर टेस्ट टीम का नेतृत्व करना चाहिए।

रोहित शर्मा ने इस महीने की शुरुआत में टेस्ट से संन्यास की घोषणा की, गिल को 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला में नई-नवेली भारतीय टेस्ट टीम का नेतृत्व करने के लिए सबसे आगे देखा जा रहा है। भारत ने 2007 के दौरे के बाद इंग्लैंड में कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है, जहां उन्होंने राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में 1-0 से जीत हासिल की थी। भारत के लिए 31 टेस्ट मैच खेलने वाले जाफर ने शुक्रवार को अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा, मुझे लगता है कि बुमराह कप्तानी के लिए एकदम सही विकल्प हैं, जब तक कि वह जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते। उन्हें कप्तान होना चाहिए और गिल को उप कप्तान बनाया जाना चाहिए - जब भी बुमराह को आराम की जरूरत हो, तो उन्हें जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इस तरह गिल को पूर्णकालिक कप्तान होने के दबाव के बिना तैयार किया जा सकता है। गिल के अलावा, जो वर्तमान में आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटन्स (जीटी) के कप्तान हैं और बुमराह, केएल राहुल और ऋषभ पंत भी भारत के अगले टेस्ट कप्तान बनने की दौड़ में हैं। बुमराह ने तीन टेस्ट मैचों में भारत की कप्तानी की है और पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में पर्थ टेस्ट जीतने के समय भी वह कप्तान थे। लेकिन उनकी फिटनेस समस्याओं का मतलब है कि बुमराह का इंग्लैंड दौरे पर सभी पांच टेस्ट खेलना अभी भी तय नहीं है।सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में ऑस्ट्रेलिया दौरे के अंतिम टेस्ट के दौरान बुमराह को पीठ में चोट लग गई थी और उन्होंने दूसरी पारी में बिल्कुल भी गेंदबाजी नहीं की थी।

## अगर मैं कोच होता तो रोहित सिडनी टेस्ट खेलता : शास्त्री

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि वह सुनिश्चित करते कि रोहित शर्मा, जिन्होंने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है, इस साल की शुरुआत में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट के लिए मैदान पर उतरे। पिछले हफ्ते, रोहित ने 67 मैचों में 40.57 की औसत से 4,301 रन बनाकर अपना टेस्ट क्रिकेट समाप्त किया, जिसमें 12 शतक और 212 का करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर शामिल है। 2022 से भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में, रोहित ने 24 टेस्ट में टीम का नेतृत्व किया और 12 मौकों पर जीत हासिल की, जिसमें 2023 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में उपविजेता बनना भी शामिल है। लेकिन पिछले साल सितंबर से खराब फॉर्म का मतलब था कि रोहित का टेस्ट करियर मुश्किल स्थिति में था। बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में रोहित केवल एक बार 50 रन का आंकड़ा पार कर पाए, जबकि उनका औसत केवल 10.93 रहा।अपने बेटे के जन्म के कारण पर्थ में पहला टेस्ट मिस करने के बाद, रोहित अगले तीन टेस्ट में खेलने के लिए वापस आए, लेकिन केवल 31 रन बनाए।

# प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 31 मई और 1 जून को



**मुंबई,** 16 मई (एजेंसियां)। मशाल स्पोर्ट्स ने घोषणा की है कि प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 की के लिए खिलाड़ियों की नीलामी का आयोजन 31 मई और 1 जून 2025 को मुंबई में किया जाएगा। यह बहुप्रतीक्षित आयोजन पीकेएल सीजन 11 की रोमांचक समाप्ति के बाद हो रहा है, जहां हरियाणा स्टीलर्स ने पहली बार खिताब जीतने के लिए तीन बार की चैंपियन पटना पाइरेट्स को 29 दिसंबर 2024 को हुए फाइनल मुकाबले में हराया था। 2014 में शुरुआत के बाद से अब तक के 11 सीजनों में 8 अलग-अलग टीमों ने चैंपियनशिप जीती है। सीजन 11 जो कि 18 अक्टूबर से 29 दिसंबर 2024 तक खेला गया, एक अहम मोड़ था क्योंकि इसके साथ पीकेएल ने अपने दूसरे दशक में प्रवेश किया था और इससे यह बात और पुख्ता हुई कि पीकेएल भारत की प्रमुख खेल लीगों में से एक बन चुकी है, जिसने देश और दुनिया भर में कबड्डी के प्रति रुचि और विकास को निरंतर बनाए रखा है।सीजन 12 के लिए होने वाली खिलाड़ियों की यह नीलामी एक बार फिर टीमों की रणनीति, संकल्प और खिताब जीतने की महत्वाकांक्षा को दर्शाने का मंच बनेगी। यह आयोजन न केवल भारत के पारंपरिक खेल कबड्डी में मौजूद वैश्विक प्रतिभा को दिखाने का मौका देगा, बल्कि आने वाले सीजन के लिए टीमों के गठन की नींव भी रखेगा। इस अवसर पर मशाल स्पोर्ट्स के बिजनेस हेड और प्रो कबड्डी लीग के चेयरमैन, अनुपम गोस्वामी ने कहा कि हम पीकेएल सीजन 12 की प्लेयर नीलामी की तारीखों की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं।

## हरियाणा ने कुश्ती में शीर्ष स्थान हासिल किया

**पटना,** 16 मई (एजेंसियां)। हरियाणा ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स (केआईवाईजी) 2025 बिहार में कुश्ती के मैदान पर अपना दबदबा कायम करते हुए लड़कों और लड़कियों की श्रेणियों में 21 पदक - आठ स्वर्ण, पांच रजत और आठ कांस्य - जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। महाराष्ट्र चार स्वर्ण सहित 17 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि दिल्ली के लड़के और राजस्थान की लड़कियां अपने-अपने वर्गों में शीर्ष तीन में रहीं। महाराष्ट्र ने अंतिम दिन जोरदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक सहित सात पदक जीते। आयुष्का पांडुरंग ने लड़कियों के 57 किग्रा वर्ग का खिताब जीता, उसके बाद सुजय नागनाथ तनपुरे ने लड़कों के 71 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में जीत हासिल की। दिल्ली और राजस्थान ने भी दो-दो स्वर्ण पदक जीते। दिल्ली की अक्षरा ने कर्नाटक की काव्या तुकाराम दानवेनावर को हराकर अंडर-17 लड़कियों के 53 किग्रा वर्ग का फाइनल जीता, जबकि प्रांजल दहिया ने महाराष्ट्र के रुशिकेश एकनाथ नाइक को हराकर लड़कों के 60 किग्रा ग्रीको-रोमन का खिताब जीता।

## एफसी बार्सिलोना ने एस्पेनयोल को हराकर अपना 28वां ला लीगा खिताब जीता

**बार्सिलोना,** 16 मई (एजेंसियां)। एफसी बार्सिलोना ने एस्पेनयोल को 2-0 से हराकर 28वीं बार ला लीगा खिताब जीता है। ला लीगा का ताज अब स्पेनिश सुपर कप और कोपा डेल रे के साथ जुड़ सकता है। 2024-25 सीजन बार्सिलोना के लिए यादगार साबित हो रहा है। 28वीं बार ला लीगा खिताब जीतने से पहले टीम ने अपना 32वां कोपा डेल रे और स्पेनिश सुपर कप भी जीता था। बार्सिलोना ने अपने घर में शानदार प्रदर्शन किया।



मैच के 53वें मिनट में लैमिन यामल ने एक शानदार गोल दागा इसके बाद इंजरी टाइम के आखिरी सेकंड में फर्मिन लोपेज ने दूसरा गोल कर टीम की मैच पर पकड़ मजबूत कर दी जो बाद में निर्णायक साबित हुई। लैमिन यामल का गोल बेहतरीन और दर्शनीय था, जब उन्होंने दूर कोने में एक शॉट लगाकर गेंद को गोल पोस्ट में भेजा था। एस्पेनयोल के डिफेंडर लुइस कैबरेरा को मैच खत्म होने से 10 मिनट पहले बाहर भेज दिया गया। वीएआर के अनुसार उनके हाथ से यामल के पेट में चोट लगने के कारण उन्हें सीधे रेड कार्ड दिया गया। एस्पेनयोल पर मिली इस जीत के बाद बार्सिलोना के 85 अंक हो गए हैं।

# शैफाली इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टी-20 टीम में वापसी

## क्रांति, सयाली, श्रीचारणी, शुचि उपाध्याय पहली बार भारत की महिला टी 20 टीम में



■ स्नेह व हरलीन भी लंबे समय भारत की टी 20 टीम में लौटी

**नई दिल्ली,** 16 मई (देशबन्धु)। हरियाणा की विस्फोटक ओपनर शैफाली वर्मा की बीते बरस आईसीसी महिला टी 20 क्रिकेट विश्व कप यानी करीब सात महीने बाद इंग्लैंड में उसके खिलाफ पांच टी 20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज खेलने वाली 15 सदस्यीय भारतीय टीम में वापसी जरूर हुई लेकिन वह उसके खिलाफ तीन वन डे मैचों की सीरीज के लिए टीम में अभी भी जगह नहीं बना पाई है। इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी 20 और तीन वन डे मैचों की सीरीज के लिए हरमनप्रीत कौर भारत की कप्तान और स्मृति मंधाना उपकप्तान होंगी। साथ ऑफ स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा ने 2023 के महिला टी 20 विश्व कप के बाद पहली बार भारत की टी 20 क्रिकेट टीम में वापस जगह बनाई है। शैफाली वर्मा को बीते बरस न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वन डे सीरीज में भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया। शैफाली ने इसके बाद सीनियर महिला वन डे ट्राफी में सवा पांच सौ से ज्यादा और वन डे चैलेजर ट्रॉफी में हरियाणा की कप्तानी करते हुए 400 से ज्यादा रन बनाए। साथ ही शैफाली ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए महिला प्रीमियर लीग में नौ पारियोंमें 304 रन बनाए।स्नेह राणा ने चोटिल श्रेयंका पाटील की जगह महिला प्रीमियर लीग में आरसीबी की टीम में

### इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी 20 महिला वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम

हरमनप्रीत कौर(कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, जेमिमा रॉड्रिग्ज, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर),हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, एन.श्रीचारणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड, सयाली सतघरे।

### इंग्लैंड के खिलाफ तीन वन डे महिला अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम

हरमनप्रीत कौर(कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन दयोल, जेमिमा रॉड्रिग्ज, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर),तेजल हसबनीज दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, एन.श्रीचारणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड, सयाली सतघरे।

## आईपीएल के लीग मुकाबलों के लिए मुस्तफिजुर को मिली अनुमति

**नई दिल्ली,** 16 मई (एजेंसियां)। मुस्तफिजुर रहमान को 18 मई से 24 मई तक के लिए दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के दल के साथ जुड़ने की अनुमति मिल गई है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शुक्रवार दोपहर को अपने एक बयान के जरिए इसकी जानकारी दी। बीसीबी से एनओसी मिलने के चलते मिचेल स्टार्क की अनुपस्थिति में मुस्तफिजुर डीसी के शेष तीन मुकाबलों के लिए उपलब्ध रहेंगे। हालांकि अगर डीसी प्लेऑफ में प्रवेश करती है तो मुस्तफिजुर उपलब्ध नहीं रह पाएंगे। बीसीबी ने बताया है कि भारत के लिए रवाना होने से पहले मुस्तफिजुर शनिवार को शारजाह में यूएई के खिलाफ पहले टी20 के लिए भी उपलब्ध रहेंगे। हालांकि 18 मई को भारत पहुंचने के बाद वह उसी शाम डीसी के मुकाबले के लिए उपलब्ध रह पाएंगे या नहीं यह देखना होगा। मुस्तफिजुर को इसी सप्ताह डीसी ने अपने अस्थाई रिप्लेसमेंट के तौर पर जोड़ा था लेकिन उनकी उपलब्धता पर संशय बना हुआ था क्योंकि बीसीबी ने कहा था कि मुस्तफिजुर ने बोर्ड से एनओसी के लिए संपर्क नहीं किया है।

## सार संक्षेप

### पूवन्ना की नजर भारत के लिए सीनियर पदार्पण करने पर

**बेंगलुरु।** 2023 में भारतीय जूनियर टीम के साथ कुछ समय बिताने के बाद, पूवन्ना चंदुरा बॉबी अब एफआईएच हॉकी प्रो लीग लेग के यूरोपीय चरण से पहले सीनियर कोर ग्रुप के साथ प्रशिक्षण ले रहे हैं। 22 वर्षीय पूवन्ना वर्तमान में बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) केंद्र में वरिष्ठ राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा हैं और उन्होंने 40 सदस्यीय कोर ग्रुप में जगह बनाई है। जूनियर टीम के साथ, पूवन्ना ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने क्रमशः 2022 और 2023 सुल्तान ऑफ जौहर कप में स्वर्ण और कांस्य पदक जीते। वह 2023 में पुरुषों की जूनियर एशिया कप जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे और अगस्त 2024 में सीनियर राष्ट्रीय शिविर में शामिल हुए। शिविर में प्रशिक्षण के अपने अनुभव के बारे में पूवन्ना ने कहा कि मैंने 2023 में जूनियर टीम के लिए खेला है और अब सीनियर खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षण ले रहा हूं, मुझे उनके और हमारे बीच बहुत अंतर दिखाई देता है। उस स्तर तक पहुंचने के लिए हमें बहुत मेहनत करनी होगी।

### पाओलिनी और गॉफ के बीच होगी इटैलियन ओपन में खिताबी भिड़ंत

**रोम।** इटली की स्टार टेनिस खिलाड़ी जैस्मीन पाओलिनी और अमेरिका की कोको गॉफ शनिवार को इटैलियन ओपन में महिला एकल के फाइनल में भिड़ेंगी। पाओलिनी ने गुरुवार को महिला एकल में पीटन स्टर्न्स के खिलाफ 7-5, 6-1 की जीत दर्ज कर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी। वह इस जीत के साथ ही 2014 के बाद इस टूर्नामेंट के एकल के फाइनल में पहुंचने वाली इटली की पहली महिला बन गई हैं। दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी पाओलिनी को शुरुआती दौर में संघर्ष करना पड़ा और ओपनर में 5-3 से पिछड़ने पर उन्हें सेट प्वाइंट का सामना करना पड़ा, लेकिन गॉफ सर्विस नहीं बचा पाईं। पाओलिनी ने घरेलु दर्शकों के बीच पहले सेट में बढ़त बनाकर आत्मविश्वास हासिल किया और दूसरे सेट में दबदबा बनाया। पाओलिनी ने गॉफ के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबला जीत लिया।

### बंगाल वारियर्स ने नवीन को टीम का मुख्य कोच किया नियुक्त

**मुम्बई।** बंगाल वॉरियर्स ने प्रो कबड्डी लीग के अगले सीजन के लिए नवीन कुमार को टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। हरियाणा से ताल्लुक रखने वाले कबड्डी के दिग्गज खिलाड़ी नवीन कुमार का एथलीट और कोच दोनों का अच्छा खासा अनुभव है। फ्रैंचाइची का मानना है कि उनकी जानकारी, जीतने की मानसिकता और जूझारू क्षमता वॉरियर्स के लिए फायदेमंद होगी। बंगाल वॉरियर्स के नए कोच नवीन कुमार का खेल में शानदार ट्रैक रिकॉर्ड है। उन्होंने 10वें दक्षिण एशियाई खेलों (2006), 15वें एशियाई खेलों (2006), दूसरे विश्वकप (2007) और दूसरे इनडोर एशियाई खेलों (2007) सहित कई टूर्नामेंटों में स्वर्ण पदक जीते हैं।

# अर्थ जगत

**पंजाब में गेहूं उत्पादन ने तोड़ा रिकॉर्ड, खरीद लक्ष्य से आगे निकली सरकारी खरीद**

**नई दिल्ली।** 2025-26 में पंजाब में गेहूं का रिकॉर्ड स्तर पर बंपर उत्पादन दर्ज किया गया है। राज्य में इस बार कुल 188 लाख मीट्रिक टन गेहूं उत्पादन हुआ है, जो कि पिछले वर्ष के 179.82 लाख मीट्रिक टन के मुकाबले 8.18 लाख मीट्रिक टन अधिक है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, इस वर्ष गेहूं खरीद का भी 124 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा गया था, जिसे पीछे छोड़ते हुए अब तक 130 लाख मीट्रिक टन से अधिक की खरीद हो चुकी है।



## रेपो रेट में फिर कटौती की तैयारी

### होम व कार लोन लेने वालों को मिल सकती है बड़ी राहत




***नई दिल्ली।** आम आदमी के लिए राहत भरी खबर है। भारतीय रिजर्व बैंक आगामी महीनों में ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। सूत्रों के मुताबिक, जून से दीपावली (20 अक्टूबर) तक रेपो रेट में कुल 0.50 प्रतिशत की कटौती की संभावना है। इसका सीधा असर होम लोन, कार लोन और अन्य कर्जों की ईएमआई पर पड़ेगा।*

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक 4 से 6 जून के बीच होने वाली है, जिसमें 0.25 प्रतिशत की कटौती लगभग तय मानी जा रही है। इसके बाद 5 से 7 अगस्त या फिर 29 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच होने वाली बैठक में एक और 0.25 प्रतिशत की कटौती की संभावना है। यह आम लोगों के लिए दीपावली का आर्थिक तोहफा साबित हो सकता है।

**रेपो रेट में अब तक 0.50 प्रतिशत की कटौती हो चुकी है-** आरबीआई ने इस वर्ष फरवरी से दरों में कटौती शुरू की थी और अब तक दो बैठकों में कुल 0.50 प्रतिशत की कटौती कर रेपो रेट को 6 प्रतिशत तक ला चुका है। यदि आगामी दो बैठकों में और कटौती होती है, तो यह दर और सस्ती हो जाएगी, जिससे उद्योगों को किफायती दरों पर कर्ज मिलेगा और आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा।

**रेट कट के लिए परिस्थितियां अनुकूल-** एसबीआई सिक्योरिटीज के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट सनी अग्रवाल ने कहा कि रेट कट के लिए सभी आर्थिक कारक अनुकूल हैं। महंगाई काबू में है, मानसून सामान्य रहने के संकेत हैं और जीडीपी स्थिर बनी हुई है।

**रेपो रेट घटने से क्या होगा फायदा?**

होम और ऑटो लोन होंगे सस्ते, उद्योगों को मिलेगा सस्ता कर्ज, निवेश में तेजी से नौकरी के अवसरों में बढ़ोतरी की संभावना,शहरी खपत और रियल एस्टेट सेक्टर को बल।

## झटका! अब अमेरिका से पैसे भेजना भारतीयों के लिए हो जाएगा महंगा

***नई दिल्ली।** अमेरिका में रह रहे लाखों भारतीयों के लिए ये खबर निराश करने वाली है. अब अमेरिका में रहने वाले एनआरआई को अपने घर पैसे भेजने के लिए 5 प्रतिशत का अतिरिक्त टैक्स लग सकता है. ये टैक्स एच1 बी वीजाधारक और ग्रीन कार्डधारकों समेत जो भी दूसरे देश के लोग रहे हैं, उन्हें देना होगा. अमेरिकी संसद में लाए गए इस बिल के पास हो जाने के बाद लाखों भारतीयों के ऊपर असर होगा, जो वहां पर काम करते हैं और नियमित तौर पर वहां से अपने घर पैसे भेजते रहते हैं।*

द वन बिग ब्यूटिफुल बिल शीर्षक के साथ लाए गए इस बिल को यूएस हाउस वेज एंड मीन्स कमेटी की तरफ से हाल में जारी किया गया है. 389 पन्नों के इस डॉक्यूमेंट्स के 327वें पेज पर ऐसे सभी तरह के पैसों के ट्रांसफर करने पर 5 प्रतिशट टैक्स लगाने के प्रावधान का जिक्र किया गया है. हालांकि, इसमें न्यूनतम पैसों का कोई उल्लेख नहीं है।




### अमेरिका से पैसा भेजने पर अब देना होगा टैक्स

इसका मतलब ये है कि अब अमेरिका से कम पैसे भेजने पर भी उसे टैक्स देना होगा, अगर वो अमेरिकी नागरिक न हो या फिर उसे अमेरिकी नागरिकता न मिली हो. ये टैक्स जहां से पैसा ट्रांसफर किया जाएगा, वहीं पर काटा जाएगा. गौरतलब है कि बड़ी तादाद में अमेरिका में भारतीय रहते हैं. एनआरआई से सबसे ज्यादा पैसा भेजे जाने वाले शीर्ष देशों की सूची में भारत भी शामिल है. 2024 के मार्च में जारी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के एक सर्वे के मुताबिक, साल 2023-24 के दौरान अमेरिका में रह रहे भारतीयों ने वहां से 32 अरब डॉलर अपने देश में अपने परिवार और रिश्तेदारों को भेजे थे। अमेरिका में करीब 45 लाख भारतीय-विदेश मंत्रालय के एक अनुमान के मुताबिक करीब 45 लाख भारतीय इस समय अमेरिका में रह रहे हैं. इनमें से 32 लाख लोग भारतीय मूल के हैं।

**जीडीपी के मोर्चे पर झटका!**

## वैश्विक अनिश्चितता के बीच यूएन ने घटाया भारत का ग्रोथ अनुमान




***नई दिल्ली।** दुनियाभर में उथल-पुथल के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था तेज रफ्तार के साथ आगे तो बढ़ती रहेगी लेकिन उसमें कमी आएगी. ये मानना है संयुक्त राष्ट्र का। यूएन ने अपने अनुमान में हालांकि 2025 के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ को घटाकर 6.3 फीसदी कर दिया है. इससे पहले 2025 के जनवरी जीडीपी ग्रोथ का ये अनुमान 6.6 प्रतिशत था. 2024 भारत की जीडीपी 7.1 प्रतिशत का अनुमान लगाया गया था।*


यूएन ने अपनी रिपोर्ट में इस गिरावट के बाजवदू भारत को दुनिया की सबसे बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक माना है. ये जानकारी संयुक्त राष्ट्र की नई रिपोर्ट 2025 के मध्य तक विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं में दी गई है, जिसे 16 मई को जारी किया गया।

**ग्रोथ के मोर्चे पर झटका -** रिपोर्ट में आगे ये भी बताया गया है कि व्यापारिक तनाव और नीतियों में अनिश्चितताओं का असर पड़ा है. इसकी वजह से उत्पादन लागत में इजाफा, वैश्विक आपूर्ति में बाधा और वित्तीय परेशानियों का सामना करना पड़ा है. इस सबके बावजूद उपभोग, लोगों का भारी निवेश, निर्यात में वृद्धि और सरकार खर्चों की मदद से भारत की जीडीपी की रफ्तार बनी रहेगी। यूएन ने रिपोर्ट में ये भी कहा कि 2024 में भारत में महंगाई दर 4.9 प्रतिशत रहने के बाद 2025 में ये कम होकर 4.3 प्रतिशत पर आ सकती है।

## देश का व्यापार घाटा अप्रैल में बढ़कर 26.42 अरब डॉलर हुआ, निर्यात में 9 प्रतिशत की उछाल

***नई दिल्ली।** अप्रैल के महीने में भारत का निर्यात घाटा बढ़कर 26.42 अरब डॉलर पर पहुंच गया. ये बीते 5 महीने में सबसे ज्यादा है. हालांकि, इलेक्ट्रॉनिक और इंजीनियरिंग वस्तुओं के बेहतर प्रदर्शन की वजह से भारत का एक्सपोर्ट 9.03 प्रतिशत उछलकर 38.49 अरब डॉलर हो गया है. कॉमर्स मिनिस्ट्री की तरफ से गुरुवार को जारी आंकड़ों के मताबिक, क्रूड ऑयल और उर्वरक के आयात में सालाना आधार पर अप्रैल में 19.12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और ये बढ़कर 64.91 अरब डॉलर हो गया है।*

आयात बढ़ने की वजह से 2024 के बाद व्यापार घाटा सबसे ज्यादा बढ़ा है. उस समय ये 31.77 अरब डॉलर था. जिन क्षेत्रों में एक्सपोर्ट में इजाफा हुआ है, वो है- तंबाकू, कॉफी, समुद्री उत्पाद, चाय, सिले-सिलाये परिधान, चावल, रत्न और आभूषण, मसाले, पेट्रोलियम उत्पाद और औषधि.



**आयात बढ़ने से बढ़ा व्यापार घाटा-** इलेक्ट्रौनिक का निर्यात 39.52 प्रतिशत से बढ़कर 3.69 हो गया. इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात 11.28 प्रतिशत 9.51 अरब डॉलर का हो चुका है. इसी तरह क्रूड ऑयल में अप्रैल के महीने में आयात 25.6 प्रतिशत इजाफे के साथ 20.7 अरब डॉलर हो गया है. तो वहीं सोने का आयात 4.86 प्रतिशत और बढ़कर 3.09 अरब डॉलर का हो चुका है. आंकड़ों के मुताबिक, सेवा निर्यात का मूल्य अप्रैल के महीने में में 35.31 अरब डॉलर रहा, जबकि पिछले साल इसी महीने के दौरान 30.18 अरब डॉलर था. जबकि सेवाओं के आयात का अनुमानित मूल्य अप्रैल 2025 में 17.54 अरब डॉलर था, जबकि पिछले साल अप्रैल में ये 16.76 अरब डॉलर था।

**और बढ़ सकता है एक्सपोर्ट-** कॉमर्स सेक्रेटरी सुनील बर्थवाल का कहना है कि उन्हें उम्मीद है कि भारत अपने एक्सपोर्ट की रफ्तार इसी तरह से बनाकर रखेगा और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद ये एक अच्छा साल साबित होगा. उन्होंने कहा कि बीस देशों और 6 वस्तुओं पर ध्यान फोकस करने की रणनीति के सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं. इसके साथ ही, वाणिज्य मंत्रालय इस पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगा. उन्होंने कहा कि कई देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट जल्दी अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचने जा रहे हैं।

### मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 85. 50 |
| एक यूरो | 96. 06 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 114. 00 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54· 72 |
| एक जापानी येन | 0· 58 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 118 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 126 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-132 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -66 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 96050 चांदी -98200

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 96050 चांदी -98200

### दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338
**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 10000-11500, फाइन 115000-12000, एक्स्ट्रा बोल्ड 13000-13500, चना दाल एवरेज 7200-7300 चना दाल मार्का 7500-7700, मसूर दाल एवरेज 7500-7600, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका9000-9200, फाइन 9200-9500, उड़द धुली 10500-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 9800- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4500-4600, फाइन 4600-4800, मुरमुरा- 5800-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

### लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

## एयरटेल ने दुनिया का पहला फ्रॉड डिटेक्शन सॉल्यूशन किया लॉन्चं

***जबलपुर।** स्पैम के खिलाफ अपनी लगातार लड़ाई को आगे बढ़ाते हुए, एयरटेल ने एक अत्याधुनिक समाधान लॉन्च किया है, जो सभी कम्युनिकेशन ओवर - द - टॉप ऐप्स और प्लेटफॉर्म्स- जैसे ईमेल, ब्राउज़र, व्हाट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक, इंस्टाग्राम, एसएमएस आदि, पर फ्रॉड और मैलिशियस वेबसाइट्स को रियल टाइम में पहचान कर ब्लॉक कर देगा।*


यह सुरक्षित सेवा सभी एयरटेल मोबाइल और ब्रॉडबैंड ग्राहकों के लिए बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के स्वचालित रूप से सक्रिय कर दी जायेगा द्य जब कोई ग्राहक ऐसी वेबसाइट खोलने की कोशिश करता है, जिसे एयरटेल की सिक्योरिटी सिस्टम ने 'मैलिशियस' के रूप में फ्लैग किया है, तो उस वेबसाइट का पेज लोड नहीं होता, इसके बजाय, ग्राहक को एक नए पेज पर रीडायरेक्ट किया जाता है, जहां ब्लॉक किए जाने का कारण स्पष्ट रूप से बताया जाता है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के देशभर में तेजी से विस्तार के चलते ऑनलाइन फ्रॉड का खतरा हर दिन बढ़ रहा है, जिससे उपभोक्ताओं पर गंभीर जोखिम मंडरा रहा है। हाल के दिनों में ऐसे खतरों में जबरदस्त वृद्धि देखी गई है। फ्रॉड स्कीमें अब केवल ओटीपी या फर्जी कॉल तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि हालिया रिपोर्ट्स बताती है कि लाखों लोग अब मैलिशियस ऑनलाइन स्कैम्स का शिकार हो रहे हैं।

स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, एयरटेल ने एक एआई- आधारित, मल्टी-लेयर इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म तैयार किया है, जो ग्राहकों को सभी प्रकार के स्कैम और फ्रॉड से सुरक्षा प्रदान करेगा। यह अत्याधुनिक थ्रेट डिटेक्शन सिस्टम सभी प्लेटफॉर्म्स पर डोमेन फ़िल्टरिंग करेगा और डिवाइसेज़ पर इन लिंक्स को ब्लॉक करेगा। इस पहल पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, भारती एयरटेल के वाइस चेयरमैन और मैनेजिंग डाइरेक्टर गोपाल विट्टल ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में हमने कई ऐसे मामले देखे, जहां खतरे से अंजान ग्राहकों को चतुर अपराधियों ने उनकी मेहनत की कमाई को ठगा।

## एलआईसी के शीर्ष प्रबंधन में जून में बदलाव

***नई दिल्ली।** सरकारी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम में शीर्ष प्रबंधन में अगले महीने बदलाव होने जा रहा है। मौजूदा प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्याधिकारी का कार्यकाल जून में समाप्त हो रहा है और पुराने दो प्रबंधन निदेशकों की जगह नए आने वाले हैं।*

सरकार ने कार्यकारी निदेशक और एक्चुअरी पद पर काम कर रहे दिनेश पंत को 1 जून से एमडी नियुक्त किया है। इसी तरह से कार्यकारी निदेशक और मुख्य निवेश अधिकारी के रूप में काम कर रहे रत्नाकर पटनायक भी इसी तारीख को एमडी की जिम्मेदारी संभाल लेंगे। पटनायक को मार्च 2028 तक के लिए और पंत को मई 2027 तक के लिए एमडी नियुक्त किया गया है। एलआईसी के मौजूदा एमडी और सीईओ सिद्धार्थ मोहंती का कार्यकाल 7 जून को समाप्त हो रहा है। इस समय एलआईसी के शीर्ष नेतृत्व में मोहंती एमडी और सीईओ हैं। उनके साथ चार एमडी भी हैं। इनके नाम एम जगन्नाथ, तबलेश पांडेय, सतपाल भानु और आर दुरैस्वामी हैं। जगन्नाथ और पांडेय का एमडी के रूप में कार्यकाल मई के अंत में समाप्त हो रहा है। भानु दिसंबर 2025 तक और दुरैस्वामी अगस्त 2026 तक एमडी बने रहेंगे। सरकार ने अप्रैल 2023 में मोहंती को एलआईसी का चेयरमैन बनाया था और उनका कार्यकाल जून 2024 में पूरा हो गया। उसके बाद एमडी और सीईओ बना दिए गए, जिस पद पर उन्हें 62 साल की उम्र तक यानी 7 जून, 2025 तक रहना है। मोहंती एलआईसी के पहले एमडी और सीईओ हैं। भारतीय जीवन बीमा निगम (कर्मचारी) पेंशन (संशोधन) नियम और एलआईसी अधिनियम 1959 में 2021 में संशोधन कर चेयरमैन पद खत्म करते हुए एमडी और सीईओ की नियुक्ति का प्रावधान किया गया था।




## भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता जारी, जयशंकर बोले- डील तभी जब दोनों को हो फायदा

***नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत से शून्य टैरिफ की पेशकश का दावा किए जाने के बीच, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने स्पष्ट किया है कि भारत-अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता अभी चल रही है और किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले कोई भी दावा करना जल्दबाजी होगी।*

मीडिया से बातचीत में जयशंकर ने कहा, कोई भी व्यापार समझौता तभी कारगर हो सकता है जब वह दोनों देशों के लिए लाभकारी हो। ऐसा नहीं हो सकता कि व्यापार से एक पक्ष को लाभ हो और दूसरा नुकसान उठाए। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच व्यापारिक वार्ताएं जटिल हैं और जब तक सभी बिंदुओं पर सहमति नहीं बन जाती, तब तक किसी तरह की अंतिम घोषणा नहीं की जा सकती।



**ट्रंप के दावे पर सधी हुई प्रतिक्रिया-** विदेश मंत्री की यह प्रतिक्रिया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कतर में कहा था कि भारत ने उन्हें शून्य टैरिफ की पेशकश की है। ट्रंप इससे पहले भी कई बार भारत के साथ टैरिफ को लेकर बयान दे चुके हैं। 30 अप्रैल को मिशिगन में भी उन्होंने कहा था कि भारत के साथ टैरिफ पर बातचीत बहुत अच्छे स्तर पर चल रही है और जल्द ही कोई डील हो सकती है।

**क्या है वार्ता का मकसद-** भारत और अमेरिका कई महीनों से एक व्यापक व्यापार समझौते की दिशा में प्रयास कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के लिए बाजार पहुंच आसान बनाना और टैरिफ विवादों का समाधान करना है। जयशंकर ने यह भी कहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए ही कोई भी समझौता करेगा, और यह जरूरी है कि समझौता संतुलित और टिकाऊ हो।

**ट्रंप के दावे के बीच अमेरिका जाएंगे पीयूष गोयल-** भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 16 मई को अमेरिका की यात्रा पर रवाना होंगे। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में दावा किया कि भारत ने उन्हें शून्य टैरिफ की पेशकश की है। हालांकि भारत ने इस पर सीधे तौर पर सहमति नहीं जताई है और अभी वार्ता जारी है। यह यात्रा अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की अप्रैल में हुई भारत यात्रा के बाद हो रही है। उस समय दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर प्रारंभिक स्तर की चर्चाएं हुई थीं, जिन्हें अब आधिकारिक रूप देने की कोशिश की जा रही है।

**देशबन्धु**
**ग्राहक सेवा**


रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

**100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज**
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**प्लॉट उपलब्ध हैं**
न्यू भेड़ाघाट के निकट प्रस्तावित रिंग रोड के पास फार्म हाउस हेतु लगभग 6000, 12000, 18000+ वर्गफुट के प्लॉट @ रु. 350 प्रति वर्गफुट उपलब्ध हैं. संपर्क करें - अनिल यादव, ग्राम सकरी
संपर्क: 6264760614
देवेन्द्र : 9993737969

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# गरीबों के लिए भेजा ऐसा अनाज जो मुर्गी दाना के लायक नहीं

## शहर से टीकमगढ़ पहुंचा 25 हजार क्विंटल फफूंद लगा चावल



### गुणवत्ता अत्याधिक खराब

जबलपुर और नर्मदापुरम से 25 हजार क्विंटल से अधिक चावल की रैक वेयर हाउस भेजी गई है। जिसकी क्वालिटी अत्यधिक खराब है। अधिकतर चावलों में घुन, डस्ट, पीला, काला, फफूंद और टूटन है। चावल को अब 378 राशन दुकानों पर भेजा जाएगा, जबकि ये चावल मुर्गियों को खिलाने में उपयोग किया जाता है। पिछले महीने रीवा से 1700 क्विंटल खराब चावल आया था, जो आज भी स्टॉक में रखा है। नान के अधिकारी चावल वापसी के लिए वरिष्ठ अफसरों को पत्र भी लिख चुके हैं।

### ऐसा चावल कि मुर्गी भी ना खाये

वेयर हाउस के अधिकारी ने बताया, इस समय जबलपुर और अन्य जिलों से भेजा गया चावल गरीबों क्या मुर्गियो के भी खाने लायक नहीं है। जबलपुर और नर्मदापुरम से आ रहे चावल की जांच भी कर ली है। इसमें कुछ बोरी में 60 फीसद, कुछ में 70 फीसद और कुछ में 90 फीसद तक टूटन है। जिले के उपभोक्ताओं के लिए आने वाले चावल और गेहूं की रैक लगवाने संबंधित जिला के नागरिक आपूर्ति विभाग का एक कर्मचारी पहुंचता है। उस रैक के अनाज की क्वालिटी को पास करता है। इसके बाद संबंधित जिला का रैक जारी करता है, लेकिन यह नहीं हो रहा है। जिसके कारण जिले में खराब अनाज भेजा रहा है। इस खराब अनाज को वेयर हाउस में लोड किया जा रहा है।

**जबलपुर, टीकमगढ़।** जबलपुर जिले के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम और वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक विभाग की विवादित कार्यशैली के किस्से संभाग में ही नहीं बल्कि समूचे प्रदेश में कुख्यात हो चुके हैं। ताजा मामला टीकम गढ़ में तब सामने आया जब गरीबों को राशन में वितरण के लिए ऐसा अनाज भेज दिया गया जो मुर्गीदाना बनाने लायक भी नहीं हैं। शहर से बड़े पैमाने पर ऐसा फफूंद लगा चावल टीकमगढ़ भेज दिया गया जिसका उपयोग मुर्गी दाना के रूप में भी नहीं किया जा सकता। 25000 क्विंटल अनाज जिले की 378 राशन दुकानों को आवंटित किया जाना है अब अधिकारी पशो पेश में है कि जो चावल मुर्गी मुर्गी दाना के रूप में प्रयोग करने लायक नहीं है उसे गरीबों के राशन के लिए कैसे बांट दें। इस मामले में जहां गुणवत्ता खराब होने की बात टीकमगढ़ के अधिकारी स्वीकार रहे हैं वहीं जबलपुर के संबंधित विभागों के अधिकारियों ने चुप्पी साध ली है।

### 90 फीसद चावल सड़ा

तीन महीने के लिए जबलपुर से चावलों का रैक आया है। अधिकतर ट्रकों में 90 फीसद चावल खराब है। इसमें सबसे बड़ी लापरवाही नागरिक आपूर्ति विभाग की है। इसकी जानकारी विभाग को दे दी है।

**– मनोज पालिया, जिला प्रबंधक वेयर हाउस टीकमगढ़**

### खराब चावल होगा वापिस

खराब चावल आया है, उसे अलग–अलग किया जा रहा है। खराब चावलों को वापस किया जाएगा, जो पहले पड़ा है, उसको भी वापस किया जाएगा। जबलपुर डीएम नान को पत्र भी दे दिया है।

**–लोकेंद्र सिंह सरल, एसडीएम एवं नागरिक आपूर्ति अधिकारी टीकमगढ़**

# फ्लाईओवर स्वीकृत हुआ था सात साल पहले, प्रारंभ नहीं हुआ निर्माण कार्य

**जबलपुर, देशबन्धु।** फ्लाईओवर सात साल पहले स्वीकृत हुआ था। जिसका निर्माण कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं होने के खिलाफ स्थानीय कांग्रेस विधायक ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत तथा जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

जबलपुर जिले की पूर्व विधानसभा से कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि उनकी विधानसभा क्षेत्र में अम्बेडकर चौक से अब्दुल हमीद चौक तक फ्लाईओवर स्वीकृत है। फ्लाईओवर निर्माण की स्वीकृति साल 2019 में मिली और उसकी लम्बाई 3.2 किलोमीटर निर्धारित की गयी थी। उस समय फ्लाईओवर की लागत लगभग 186 करोड़ रुपये थी। इसके बाद साल 2022 में फ्लाईओवर की लागत में बढ़ोतरी की गयी। सर्वे के बाद साल 2024 में फ्लाईओवर की लम्बाई को बढाकर 5.1 किलोमीटर कर दिया गया और उसकी लागत में लगभग तीन गुना बढ़ोतरी हो गयी।

याचिका में कहा गया था कि फ्लाईओवर निर्माण की स्वीकृति सात साल पहले मिली थी परंतु अभी तक उसका निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। इस मार्ग में यातायात का अत्यधिक दबाव है, जिसके कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है।




NH नेशनल हॉस्पिटल
स्थान- 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612
C.G.H.S., C.S.M.A., E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त
सुपर स्पेशिलिटी विभाग
● हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) ● न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) ● यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगों का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेजर द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) ● शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतों में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) ● हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) ● छाती रोग ● नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) ● स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) ● नेत्र रोग ● शिशु रोग
28 वर्षो से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान

### बाघ के हमले में घायल हुआ युवक

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के बांधवगढ टाइगर रिज़र्व के पनपथा कोर में मवेशी को पानी पिलाते समय टाइगर ने हमला किया है,इस हादसे में युवक के घायल होने की खबर है बताया जाता है कि पनपथा कोर अंतर्गत ग्राम गागीताल निवासी उदय भान उम्र 35 वर्ष अपने मवेशियों को पानी पिला रहा था,इसी दौरान झाड़ियों में छिपे टाइगर ने हमला किया है। अचानक हुई इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने हल्ला गुहार लगाया,जिसके बाद टाइगर वन क्षेत्र की ओर भाग गया है।इस घटना में घायल युवक गम्भीर रूप से घायल है।

J.B.F.A
जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 132 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 126 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 118 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 118 |

मो.-9039925000, 9425800409

सोनू पोल्ट्री

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 114 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 124 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 128 |

मो.- 9039925999







